सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
27.06.2025

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 342 | * * नगर संस्करण। पेज :12







## नेत्रदान के बाद भगवान ने दिये दर्शन, आशीर्वाद लेने उमड़े भक्त

# आज रथ यात्रा, भगवान जायेंगे मौसीबाड़ी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 15 दिनों के एकांतवास के बाद गुरूवार को मंत्रोचारण के साथ भगवान जगन्नाथ का नेत्रदान कर पूजा की शुरूआत हुई। भगवान ले दर्शन दिये और भक्त निहाल हो उठे। इसके साथ ही शुक्रवार को होवाली रथ यात्री की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी। रथयात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे और भगवान के रथ को खींचते हुए मौसीबाड़ी तक ले जायेंगे। नेत्रदान अनुष्ठान एक पवित्र धार्मिक प्रक्रिया है, जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा की मूर्तियों को विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान के बाद नेत्र (आंखें) प्रदान की गयीं। नेत्रदान अनुष्ठान के बाद मंदिर परिसर जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों की आस्था और उल्लास का दृश्य देखते ही बन रहा था। मंदिर को फूलों से सजाया गया, और 108 दीपों से भव्य मंगल आरती की गयी। 11 जून को महास्नान के बाद भगवान एकांतवास में चले गये थे। नेत्रदान पूजा के दिन भगवान अपने इस एकांत से बाहर आते हैं और आम भक्तों के समक्ष प्रकट होते हैं।

> शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ, अपने बड़े भाई बलभद्र, और बहन सुभद्रा रथ पर सवार होकर अपने मौसी के घर के लिए प्रस्थान करेंगे। इसकी तैयारियां महीनों पहले से शुरू हो गयी थी। मंदिर समिति के अनुसार, शुक्रवार को दोपहर 2:00 बजे भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को रथ पर सवार किया जायेगा। रथारूढ़ होने से पहले भगवान का श्रृंगार, विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना, मंगल आरती और विशेष भोग का आयोजन होगा।

**भक्तों में उत्साह चरम पर :** शंख, घंटियों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान की मंगल आरती की गयी। इस दौरान जगन्नाथ अष्टकम, गीता के द्वादश अध्याय का पाठ और स्तुति का आयोजन हुआ। भगवान को मालपुआ सहित विभिन्न मिष्ठानों का भोग अर्पित किया गया। मंदिर समिति के अनुसार, भगवान रात 9:00 बजे तक दर्शन मंडप में विराजमान रहेंगे, इसके बाद वे मुख्य मंदिर में रात्रि विश्राम करेंगे।

# शुभांशु ने रचा इतिहास

## स्पेस स्टेशन पर रखा कदम, कहा-यह पूरे देशवासियों की यात्रा

### 14 दिनों बाद धरती पर लौटेंगे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला समेत चारों अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) में प्रवेश कर चुके हैं। 28 घंटे की उड़ान के बाद पहुंचे अंतरिक्ष स्टेशन। एक्सिओम-4 मिशन के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का ड्रैगन कैप्सूल तय समय से 20 मिनट पहले ही अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ गया। इस दौरान शुभांशु शुक्ला की मां ने डॉकिंग का लाइव प्रसारण देखा और भावुक हो गयीं। शुभांशु शुक्ला ने कहा कि मेरी यह यात्रा पूरे देशवासियों की यात्रा है। इस मिशन का नेतृत्व भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला कर रहे हैं। वे स्पेस सेंटर में कुल 14 दिन बितायेंगे। वहां पहले से मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों ने चारों नये सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से एक्स-4 क्रू में भारत, पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष भेजे गये हैं। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला बतौर पायलट इस मिशन से जुड़े हैं, जबकि अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन एक्सिओम-4 मिशन की कमान संभाल रही हैं। दो अन्य सदस्यों में हंगरी के टिबोर कापू और पोलिश अंतरिक्ष यात्री स्लावोज उज्नान्स्की हैं।



### भारत के लिए गर्व का पल

शुभांशु शुक्ला के पिता, शंभू दयाल शुक्ला ने कहा, हमें बहुत खुशी हो रही है। डॉकिंग सफल रही, इसके लिए हम ईश्वर का धन्यवाद करते हैं। यह देखकर हमें अपने बेटे पर बहुत गर्व है। यह पूरे देश के लिए गर्व का पल है। यह एक बेहद महत्वपूर्ण चरण है। यह चरण जल्द ही सफलतापूर्वक पूरा हो और वे सुरक्षित लौटें, यही पूरेवासियों की कामना है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा, हार्दिक बधाई हो!

एक्सिओम-4 की डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हो गयी है। पूरा विश्व उत्साह और उम्मीद के साथ देख रहा है। वहां जितने भी प्रयोग होने वाले हैं, उन सबकी सामग्री भारत में विकसित की गयी है, तो हो गया आत्मनिर्भर भारत।

## राष्ट्रपति ने अस्पताल जाकर हालचाल लिया, हेमंत समेत पूरा परिवार दिल्ली में

# गुरुजी की तबीयत बिगड़ी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**नयी दिल्ली/रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक सह राज्य सभा सांसद शिबू सोरेन का इलाज दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में चल रहा है। उनकी सेहत में कोई सुधार नहीं है। गुरुजी की सेहत की खबर मिलने के बाद गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उनका हाल जानने खुद अस्पताल पहुंची। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन से उनके स्वास्थ्य को लेकर बात की। सीएम के छोटे भाई बसंत सोरेन भी वहां मौजूद हैं। राष्ट्रपति ने 'दिशोम गुरु' शिबू सोरेन से मिलकर उनका हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। झारखंड के पूर्व सीएम रह चुके शिबू सोरेन को किडनी की समस्या है। उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां नेफ्रोलॉजी विभाग के चेयरमैन डॉ एके भल्ला की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। हालांकि उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। अब तक स्वास्थ्य में विशेष सुधार नहीं हुआ है।



### सोरेन परिवार से विशेष लगाव

दरअसल, राष्ट्रपति बनने से पहले द्रौपदी मुर्मू जब झारखंड की राज्यपाल थीं, तब से उनका सोरेन परिवार से विशेष लगाव रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन उनको बुआ कहकर पुकारते हैं। बुधवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार भी गुरुजी का हाल जानने अस्पताल गये थे और उनसे मुलाकात कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की थी। झारखंड के कई अन्य नेता भी गुरुजी का हालचाल जानने दिल्ली पहुंचे हैं। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के विशेषज्ञों की टीम लगातार उनके इलाज में जुटी हुई है।






### कार्टून कोना
### तीसरी आंख




# रांची समेत छह जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

## झारखंड में दिखेगा लो प्रेशर का असर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बंगाल की खाड़ी और ओड़िशा एवं बंगाल से सटे तटवर्ती इलाकों में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने का असर झारखंड में भी दिखेगा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को झारखंड के दक्षिणी एवं निकटवर्ती मध्य भागों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने गरज के साथ तेज हवा चलने और वज्रपात की भी संभावना है। रांची समेत जिन 6 जिलों में 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलेंगी, वे हैं गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां शामिल हैं। यहां भारी बारिश की भी संभावना है। गुरुवार को भी राज्य में कई जगह गर्जन के साथ हल्के से मध्यम और कहीं-कहीं पर भारी बारिश भी दर्ज की गयी।

29 जून तक राज्य में लगभग सभी स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। कई इलाकों में भारी वर्षा, गर्जन और तेज हवा के झोंके चलने का अलर्ट भी जारी किया है। मौसम केंद्र, रांची से के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक रामगढ़ जिले के गोला में 75 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गयी। जामताड़ा में 71.2, रांची के नामकुम 69.2, सिमडेगा के बानो में 58, खूंटी के तोरपा में 40, लातेहार में 27, चाईबासा में 21.1 एमएम बारिश रिकॉर्ड हुआ।

### सिल्ली से रेस्क्यू बाघ को पीटीआर में छोड़ा



**रांची।** सिल्ली से बुधवार को रेस्क्यू किये गये बाघ को पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के जंगल में गुरुवार की सुबह 7 बजे छोड़ दिया गया। जंगल में छोड़े जाने के पूर्व डाक्टरों की टीम ने उसकी गहन जांच-पड़ताल भी की। वन विभाग ने बाघ का नामाकरण भी कर दिया। इसका नाम किला रखा गया। इसकी वजह यह है कि इस बाघ को पहले पलामू टाइगर रिजर्व के पलामू किला के आसपास देखा गया था। इसके बाद यह हजारीबाग, चतरा, गुमला और पुरुलिया तक गया था। वन विभाग की ओर से बाघ के मूवमेंट पर निगरानी रखी जा रही है।

## एससीओ की बैठक में भारत ने कहा, आतंकवाद पर दोहरा मापदंड अनुचित

# आतंकी ठिकाने कहीं हो, निशाना बनायेंगे : राजनाथ

### बिना संयुक्त बयान के ही एससीओ की बैठक खत्म

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ के नापाक इरादों को नाकाम करते हुए सदस्य देशों के आतंकवाद पर संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। इससे एससीओ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन संयुक्त वक्तव्य जारी किये बिना ही समाप्त हो गया। राजनाथ सिंह ने गुरुवार को चीन के किंगदाओ में आयोजित रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद को लेकर भारत का स्पष्ट रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलता है। अब आतंकवाद के केंद्र भी सुरक्षित नहीं हैं। अगर जरूरत पड़ी, तो हम उन्हें निशाना बनाने में बिल्कुल संकोच नहीं करेंगे। बैठक में आतंकवादी गतिविधियों समेत आतंकवाद से निपटने के लिए कोई स्पष्ट दृष्टिकोण नहीं है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से निपटने के मामले में दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। सदस्य देशों को एकजुटता के साथ इस खतरे की निंदा करनी चाहिए।



**आतंकवाद के पनाहगारों को दोषी करार दें :** भारत और चीन के अलावा एससीओ में पाकिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। पाकिस्तान का परोक्ष उल्लेख करते हुए सिंह ने कहा कि कुछ देश आतंकवादियों को पनाह देने के लिए सीमापार आतंकवाद को नीतिगत साधन के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवाद से बचाव और सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। उन्होंने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि आतंकवाद के दोषियों, वित्तपोषकों व प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और इससे निपटने में दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए।

(शेष पेज 11 पर)

# लोकतंत्र और वंशवाद एक दूसरे के नहीं हो सकते पूरक : गिरिराज सिंह

- केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आपातकाल लागू करने के लिये कांग्रेस देश से माफी मांगे
- हेमंत सरकार सत्ता लोभ में आपातकाल से भी अधिक खतरनाक खेल को दे रही अंजाम



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरूवार को कांग्रेस पार्टी और हेमंत सरकार को आड़े हाथों लिया। श्री सिंह भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 50 साल पहले इंदिरा गांधी ने देश पर इमरजेंसी थोपी। उन्होंने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को जानने की जरूरत है कि लोकतंत्र की जननी आखिर आपातकाल क्यों लगाया गया। क्यों लोकतंत्र को मारने की कोशिश की गयी। यह स्पष्ट है कि आपतकाल लगाने वाली प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी वंशवाद की उपज थी। लोकतंत्र और वंशवाद एक दूसरे के पूरक नहीं हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि 1971 में 24 अप्रैल को राज नारायण जी ने इंदिरा गांधी द्वारा चुनाव में धोखाधड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया । इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस मुकदमे की सुनवाई करते हुये 12 जून 1975 को श्रीमती इंदिरा गांधी के खिलाफ फैसला सुनाया। इधर, देश के अंदर कांग्रेस कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन गुजरात से शुरू होकर बिहार पहुंच गया था। न्यायालय के फैसले ने आंदोलन को बल दिया। ऐसी स्थिति में इंदिरा गांधी का तानाशाही चेहरा सामने आया। उन्होंने दोष मुक्ति तक पद से इस्तीफा देने का फैसला न कर सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। लेकिन, 24 जून 75 को सुप्रीम कोर्ट ने भी इंदिरा गांधी के खिलाफ फैसला दिया। उन्होंने कहा कि वंशवाद की उपज इंदिरा गांधी ने तानाशाही रवैया अपनाते हुये देश पर 25 जून 75 की रात तत्कालीन राष्ट्रपति फकरुद्दीन अली अहमद के हस्ताक्षर से आपातकाल थोप दिया। अटल, आडवाणी, राज नारायण, कड़िया मुंडा जैसे अनेक नेता गिरफ्तार किये गये। महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। 20 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को निरस्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि आज भले ही मस्जिदों से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में फतवा जारी होता है। लेकिन, आपतकाल में मस्जिदों को भी नहीं बख्शा गया था।

पकड़ पकड़ कर नसबंदी की जा रही थी। आज की पीढ़ी को लोकतंत्र के काले अध्याय के विषय में जानना जरूरी है। उन्होंने कहा कि 25 जून को देश भर में माफी सभा करके जनता से माफी मांगनी चाहिये।

### झारखंड में लड़नी पड़ेगी आजादी की तीसरी लड़ाई

श्री सिंह ने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुये कहा कि यहां तो आपतकाल से भी भयावह स्थिति है। झारखंड जमाई टोला का राज्य बनता जा रहा है। झारखंड बारूद के ढेर पर बैठा है। उन्होंने कहा कि देश से घुसपैठियों को बाहर करने का काम किया जा रहा है। लेकिन, झारखंड में घुसपैठियों के लिये रेड कार्पेट बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार अबतक पेसा कानून लागू नहीं किया है। जल जंगल जमीन पर अधिकार दिलाने का कानून है। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक, अजय शाह, वरूण साहू व लक्ष्मण सिंह भी उपस्थित थे।

## भाजपा के सांप्रदायिक राजनीति नहीं चलने वाली झारखंड में, देश में है अघोषित आपातकाल : विनोद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि वे अपनी सांप्रदायिक राजनीति को झारखंड की धरती से दूर रखें। इससे झारखंड प्रभावित नहीं होगा। विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि झारखंड की जनता ने पिछले चुनावों में भाजपा की साजिशों को करारा जवाब दिया है और अब तुष्टीकरण जैसे निराधार आरोप लगाने का उनका कोई नैतिक आधार नहीं है। उन्होंने भाजपा शासित राज्यों की बदहाल स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि वहां की जनता त्रस्त है, फिर भी भाजपा नेता दूसरों पर उंगली उठाते हैं।

विनोद कुमार पांडेय ने आपातकाल को लेकर भाजपा नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों को अनुचित बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने संवैधानिक संस्थाओं को अपनी जेबी संस्था में तब्दील कर दिया है, जिनका उपयोग सत्ता के दुरुपयोग और विरोधियों को दबाने में हो रहा है। उन्होंने कहा, कि देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति है, जहां कुछ लोग पूरे सिस्टम को अपने इशारों पर चला रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है।

झारखंड की जनता जागरूक है और वह भाजपा की विभाजनकारी नीतियों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की संस्कृति और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने की कोशिशें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

## कृषि मंत्री ने किसानों को चार करोड़ की योजना का दिया लाभ

### झारखंड में दो साल बाद मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना की शुरूआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में दो साल बाद एक फिर से मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना की शुरूआत की गयी है। स्थानीय खेल गांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में इस योजना के तहत 4 करोड़ रुपए का कृषि यंत्र वितरित किया गया। इसमें बड़ा ट्रैक्टर , मिनी ट्रैक्टर , सोलर पंप सेट , नॉर्मल पंप सेट सहित कृषि यंत्र का वितरण शामिल है। योजना का लाभ पाने वालों में महिला समूह की भागीदारी ने सभी को चौंकाया। विभाग के द्वारा महिलाओं को ट्रैक्टर का प्रशिक्षण दिया गया है। कृषि विभाग के भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन विभागीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना राज्य के किसानों को सबल बनाने और मजदूर के बजाय व्यापारी बनाने में मिल का पत्थर साबित होगा।



उन्होंने कहा कि जब से उन्होंने मंत्री पद का कार्यभार संभाला है। गांव के किसान इसी योजना को शुरू करने की मांग कर रहे थे। आज इसकी शुरूआत कर दी गई है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों को विभाग की योजना का लाभ लेने के लिए सजग और जागरूक बनने की नसीहत दी। इस योजना के तहत बड़ा ट्रैक्टर के लिए सरकार तरफ से 50 प्रतिशत की सब्सिडी तय की गई है, जबकि मिनी ट्रैक्टर के लिए विभाग ने 80 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान किया है। योजना का लाभ लेने के लिए योग्य लाभुक अपने एस्क्रो अकाउंट में अंशदान का भुगतान करना होगा। मंत्री ने किसानों को बिचौलिया से सावधान करते हुए कहा कि जब से योजना की शुरूआत हुई है बिचौलिया सक्रिय हो गए हैं। योजना दिलाने के नाम पर किसी भी प्रकार के फोन कॉल के झांसे में नहीं आना है। किसी भी व्यक्ति को उसके कहे गए नंबर पर ऑन लाइन भुगतान नहीं करना है। इस बात को गांव घर के लोगों को बताने की जरूरत है, ताकि राज्य का एक भी व्यक्ति धोखाधड़ी का शिकार न हो।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि किसानों के राज्य में विभाग के द्वारा कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। किसान समृद्धि योजना से अब तक 21 सौ लाभुकों को आच्छादित किया जा चुका है, जबकि 8 हजार किसानों को इस योजना का लाभ देना है। इस योजना से किसानों के खेत का पटवन आसानी से हो पा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांके विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि कृषि मंत्री किसानों के हित में काम कर रही हैं। दूध उत्पादन, मछली पालन, गाय वितरण, मुर्गी पालन, बत्तख पालन के क्षेत्र विभाग अच्छा काम कर रही है। पिछले दो साल से बंद योजना की शुरूआत भी कृषि मंत्री ने कर दी है। सरकार के द्वारा सब्सिडी के आधार पर लाभुक योजना का लाभ ले सकते हैं। इस विभाग में गलत काम को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। मंच से बड़ा ट्रैक्टर के 32, मिनी ट्रैक्टर के 2 , सोलर पंप सेट के 2 , नार्मल पंप सेट के 55 लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया। इस मौके पर भूमि संरक्षण विभाग के निदेशक अशोक सम्राट, संयुक्त सचिव रविशंकर विद्यार्थी, समेति निदेशक विकास कुमार, कार्यपालक निदेशक आरपी सिंह सहित जिला के भूमि संरक्षण पदाधिकारी मौजूद थे।

## जेएसएससी पर दो लाख का हर्जाना, परीक्षा एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने का आदेश रद्द

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के पेपर लीक करने के मामले में आरोपी कंपनी विंसेंट टेक्नोलॉजी को ब्लैक लिस्ट करने के झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के आदेश को खारिज कर दिया है। गुरुवार को चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने फैसला सुनाते हुए जेएसएससी के ब्लैक लिस्ट करने के आदेश को खारिज करते हुए जेएसएससी पर दो लाख रुपये का हजार्ना भी लगाया है। अदालत ने कंपनी की बैंक गारंटी 61 लाख और 2.90 करोड़ के बिल को सात प्रतिशत ब्याज के साथ चार सप्ताह में देने का निर्देश दिया है।

अदालत ने कहा कि सिर्फ पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर किसी कंपनी को आजीवन ब्लैक लिस्ट नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में परीक्षा लेने वाली एजेंसी विंसेंट टेक्नोलॉजी ने खंडपीठ में अपील याचिका दायर की थी। याचिका में जेएसएससी के उस आदेश को चुनौती दी गयी थी, जिसमें सीजीएल परीक्षा 2020-21 को आयोग ने पेपर लीक मामले में कंपनी को डिबार करते हुए काली सूची में डाल दिया है। कर्मचारी चयन आयोग ने अदालत को बताया था कि पुलिस की रिपोर्ट को देखते हुए कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया गया है। पुलिस रिपोर्ट में स्पष्ट था कि कंपनी की संलिप्तता है। कंपनी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने अदालत को बताया कि वर्ष 2024 में पुलिस ने फिर से एक रिपोर्ट दी थी। जिसमें यह लिखा है कि कंपनी के खिलाफ जो आरोप लगा था, उसमें सत्यता नहीं पाई गई है। जेएसएससी कंपनी के बिल का भुगतान भी नहीं कर रहा है।

इस पर आयोग की ओर से कहा गया कि कंपनी ने जो परीक्षा ली, उसे आयोग को रद्द करना पड़ा है। इस कारण बिल का भुगतान नहीं किया जा सकता। इस पर कंपनी की ओर से दिए गए बिल का सात फीसदी ब्याज के साथ भुगतान करने का निर्देश आयोग को हाईकोर्ट ने दिया।

## खबर एक नजर में

### जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक : सीबीआई जांच मांग वाली याचिका पर हाईकोर्ट ने की सुनवाई

**रांची।** जेएसएससी-सीजीएल (कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा) पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर दायर याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को यह बताया गया कि सीआईडी इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। फिलहाल जांच जारी है। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। गुरुवार को अदालत ने रिजल्ट जारी करने पर लगी रोक के पूर्व के आदेश को (स्टे) को अगली सुनवाई तक जारी रखने का आदेश दिया है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन उनके सहयोगी अधिवक्ता पीयूष चित्रेश, जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल और प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की।

### पत्नी की मौत मामले में एसडीओ अशोक कुमार को बड़ी राहत, हाईकोर्ट ने रद्द की आपराधिक कार्रवाई

रांची। हजारीबाग के एसडीओ आवास में पत्नी अनिता देवी की जलकर मौत मामले में आरोपी पूर्व एसडीओ अशोक कुमार को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उनके खिलाफ चल रही आपराधिक कार्रवाई को निरस्त कर दिया है। गुरुवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। अशोक कुमार की ओर से अधिवक्ता कृष्ण कुमार और राम कुमार ने बहस की। बता दें कि अशोक कुमार ने आपराधिक कार्रवाई निरस्त करने के लिए हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। वहीं अशोक कुमार के साले राजू गुप्ता ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई थी।

**एसडीओ आवास में झुलस गयी थी पत्नी अनिता देवी :** दरअसल पिछले वर्ष 26 दिसंबर को झील रोड स्थित एसडीओ आवास में अशोक कुमार की पत्नी अनिता देवी गंभीर रूप से झुलस गई थी। उनको पहले इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती किया गया था। लेकिन बाद में स्थिति बिगड़ने पर उन्हें रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसी बीच एसडीओ की पत्नी के मायके वालों ने लोहसिंघना थाना में एक आवेदन दिया था, जिसमें उन्होंने पति पर जान से मारने का आरोप लगाया था। हालांकि बाद में इलाज के दौरान एसडीओ की पत्नी की मौच हो गई थी।

### झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का 8वां केंद्रीय महाअधिवेशन कल

**रांची।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का 8वां केंद्रीय महाअधिवेशन सीएमपीडीआई स्थित रवीन्द्र भवन में आहूत की गई है। इस महाअधिवेशन में 500 प्रतिनिधि शामिल होंगे। वहीं, महाअधिवेशन के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे। इस दौरान निजीकरण, मजदूर विरोधी चार श्रम कानून का विरोध, विस्थापितों को अधिकार, बन्दोबस्त भूमि का मुआवजा रैयतों को देने, मजदूरों और विस्थापित किसानों के अधिकार के लिए रणनीति बनाई जाएगी। मजदूर किसानों के अधिकार को लेकर 9 जुलाई को आहूत आम हड़ताल में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन भी शामिल होगा। महाअधिवेशन के दौरान अगले कार्यकाल के लिए केन्द्रीय समिति का भी पुनर्गठन भी किया जाएगा। इस आशय की जानकारी झारखंड कोलियरी मजदूर के महासचिव फागू बेसरा ने दी है ।

### गुरुजी से मिलने आज दिल्ली जायेंगे इरफान और बेला प्रसाद

**रांची।** झारखंड प्रभारी के राजू के निर्देश पर झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी बेला प्रसाद और झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी 27 जून को दिल्ली रवाना होंगे। दोनों वरिष्ठ नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मुलाकात करेंगे, जो इन दिनों दिल्ली के गंगा राम अस्पताल में भर्ती हैं। बताया जा रहा है कि गुरुजी की तबीयत कुछ दिनों से ठीक नहीं है और उनका इलाज जारी है।

### पूजा सिंघल की याचिका पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में ट्रायल फेस कर रही आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा को बेटी का नामांकन विदेश में कराना है। दोनों ने अलग-अलग पासपोर्ट रिलीज करने की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। जो पूरी नहीं हो सकी। सुनवाई 28 जून को जारी रहेगी। मिली जानकारी के अनुसार अगस्त महीने में बेटी का नामांकन के लिए विदेश जाना है। अदालत की अनुमति के बाद ही देश छोड़ सकेंगे।

### छविरंजन समेत अन्य आरोपियों की बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद बिक्री कर उस अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने से जुड़े मामले में आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत अन्य आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। इससे पूर्व मामले में जेल में बंद आरोपियों को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। अगली पेशी की तारीख 9 जुलाई निर्धारित की गई है। मामले में छवि रंजन, अमित अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, बरियातू के मिल्लत कालोनी निवासी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, डोरंडा के मनी टोला का निवासी इम्तियाज अहमद, बड़ागाईं निवासी मो सद्दाम हुसैन, तल्हा खान एवं फैयाज अहमद और दिलीप घोष ट्रायल फेस कर रहा है।

### एसीबी कोर्ट में जमानत पर होगी पांच जुलाई को सुनवाई

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में गुरुवार को शराब घोटाले के आरोपी झारखंड राज्य बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के पूर्व वित्त महाप्रबंधक सुधीर कुमार की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने एसीबी से केस डायरी की मांग की। साथ ही, अगली सुनवाई की तारीख 5 जुलाई निर्धारित की है। एसीबी की टीम ने आरोपी को 21 मई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह जेल में ही है। उसने 25 जून को जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है।


सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834008, झारखंड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

कार्यालय-जिला आयुष समिति, चतरा
जिला संयुक्त औषधालय भवन (सदर अस्पताल परिसर) चतरा (झारखण्ड)825401
Email-chatraayush@gmail.com

—सूचना—

अभ्यर्थीयों को यह सूचित किया जाता है की विज्ञापन संख्या 1/आयुष पत्रांक सं0 155 दिनांक 30.04.2025 जिला आयुष समिति, चतरा के अधीनस्थ जिलान्तर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (आयुष)/राजकीय आर्युदिक औषधालय/जिला संयुक्त औषधालय हेतु योग प्रशिक्षक पारिश्रमिक के आधार पर चयन हेतु दिनांक 15.05.2025 को आवेदन आमंत्रित किये गये थे सभी पात्र अभ्यर्थीयों को निम्नलिखत विवरण के अनुसार Interview में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होना होगा । Interview हेतु निम्न प्रकार से तिथि, समय एवं स्थान निर्धारित कि गई है।

| क्र.स. | दस्तावेज सत्यापन की तिथि | समय | स्थान | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09.07.2025 | 11:00 A.M | सिविल सर्जन कार्यालय, चतरा के सभागार में। | Interview निर्गत टोकन नं0 के आधार पर होगा। |

अभ्यर्थीयों के लिए सामान्य जानकारी एवं निर्देश —
1 सभी मुल प्रमाण पत्र/दस्तावेज।
2 वैध फोटो पहचान पत्र (जैसे वोटर कार्ड, आधार एवं इत्यादी)
3 शॉर्टलिस्ट अभ्यार्थी कि सूची जिला संयुक्त औशद्यालय चतरा के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कि जाएगी।
4 Interview हेतु चयनित अभ्यर्थीयों की सूची दिनांक 05.07.2025 को जिला संयुक्त औषधालय चतरा के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कि जाएगी।
नोट: जो अभ्यार्थी दिनांक 09.07.2025 को Interview हेतु उपस्थित नही होगें उनकी दावेदारी स्वतः निरस्त हो जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कृप्या सम्पर्क करें Email-chatraayush@gmail.com

प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा
सिविल सर्जन, सह-अध्यक्ष योग प्रशिक्षक का चयन गठित कमिटि, चतरा

PR 356033 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D

पीएम श्री स्कूल
जवाहर नवोदय विद्यालय-२
(नवोदय विद्यालय समिति की एक इकाई)
शिक्षा मंत्रालय, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार
गाँव: लंगरकोट, पोस्ट: जपला
जिला: पलामू
राज्य: झारखण्ड पिन कोड: 822116

PM SHRI School
Jawahar Navodaya Vidyalaya-II
(A unit of Navodaya Vidyalaya Samiti)
Ministry of Education, Deptt. Of School Education & Literacy] Govt. of India
Village: Langarkot, PO. Japla
District: Palamu
State: Jharkhand Pin Code: 822116

PM SHRI

F.N. JNVST/JNVJPL/2025-26/242 — Dated 25.06.2025

नामांकन सूचना

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि पी० एम० श्री जवाहर नवोदय विद्यालय-2, लंगर कोट, जपला पलामु (झारखण्ड) में सत्र 2026-27 के कक्षा छः में नामांकन हेतु पलामू जिले के 11 Block

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.BISHRAMPUR | 2.CHHATTARPUR | 3.HARIHARGANJ | 4.HUSSAINABAD | 5.PANDU | 6.NAUDIHA BAZAR |
| 7.UNTARI ROAD | 8.NAWA BAZAR | 9.HAIDERNAGAR | 10.MOHAMMADGANJ | 11.PIPRA | |

प्रखण्ड के किसी भी सरकारी/सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय में सत्र 2025-26 में कक्षा पंचम में अध्ययनरत अभ्यार्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अभ्यर्थी, नवोदय विद्यालय समिति के अधिकारिक वेबसाइट www.navodaya.gov.in से निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

**जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा-VI चयन परीक्षा दिनांक:-13.12.2025 (शनिवार) निर्धारित है।**

**ऑनलाईन आवेदन हेतु महत्वपूर्ण निर्देश एवं जानकारी**

- प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी की जन्मतिथि दिनांक 01.05.2014. से दिनांक 31.07.2016 की बीच की होनी चाहिए।
- अध्ययनरत विद्यालय के प्रधानाध्यापक का निर्धारित प्रपत्र में प्रमाण-पत्र।
- अभ्यर्थी का फोटो (10 KB-100KB in JPG format)
- ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 29.07.2025
- 75 प्रतिशत सीटें ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित है।
- विस्तृत जानकारी हेतु हमारी विभागीय वेबसाईट www.navodaya.gov.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।
- हेल्प डेस्क नम्बर
  (1) श्री आशमुनी प्रसाद जे० एन० वि० एस० टी० प्रभारी — 9470308911
  (2) श्री सुनील कुमार कनीय सहायक —9161917856

ह0/—(अशहर रुमी)
प्रभारी प्राचार्य


# देवघर पहुंचे झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू, पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/ देवघर।** झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी अपनी खोई हुई जनाधार को प्राप्त करने के लिए सक्रिय प्रयास अभी से ही शुरू कर दी है। इसी कड़ी में गुरुवार को देवघर में राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व झारखंड प्रभारी के. राजू ने जिला कमेटी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने ब्लॉक और जिला स्तर के नेताओं को संगठन को और सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।



**ग्रामीण स्तर पर कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य :** झारखंड प्रभारी के. राजू ने कहा कि संथाल क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति को और मजबूत करने के लिए ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि अगले दो महीनों में देवघर के सभी गांवों में जाकर नए कार्यकर्ता तैयार किए जाएं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्तर पर नए कार्यकताओं के शामिल होने के बाद वह स्वयं उनसे मुलाकात करेंगे। इस दौरान यह समझने का प्रयास किया जाएगा कि जिन लोगों का कांग्रेस के प्रति विश्वास कम हो रहा है, उसके पीछे के कारण क्या हैं।

**नियमित बैठकों से बढ़ेगा कार्यकर्ताओं का उत्साह:** के. राजू ने जोर देकर कहा कि ग्रामीण स्तर पर बने कार्यकताओं के साथ समय-समय पर बैठकें आयोजित की जाएंगी। ऐसी बैठकों से न केवल कार्यकताओं में उत्साह बढ़ेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग पार्टी के प्रति अधिक सक्रिय होंगे। उन्होंने कार्यकताओं को संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करने की सलाह दी।

**नगर निकाय चुनाव की तैयारी :** बैठक में के. राजू ने आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर भी कार्यकताओं को कई सुझाव दिए। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर कमेटियों के गठन पर जोर दिया, ताकि प्रत्येक वार्ड की समस्याओं को जिला स्तर के नेताओं तक और फिर राज्य सरकार तक पहुंचाया जा सके। इससे सरकार वार्डों में रहने वाले लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से काम करेगी।

बैठक में झारखंड प्रभारी के. राजू के साथ प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, जिला अध्यक्ष उदय प्रकाश, मुन्नम संजय, दिनेश मंडल शहीद सहित कई स्थानीय नेता उपस्थित रहे।

## मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को मोरहाबादी से अलबर्ट एक्का तक दौड़ी रांची

# स्वस्थ झारखंड, नशामुक्त झारखंड की परिकल्पना के लिए सरकार दृढ़संकल्पित : सुदिव्य कुमार

- नशा मुक्त झारखंड को युवाओं ने लगायी मैराथन दौड़, लिया संकल्प, नशा से रहेंगे दूर

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का सपना है कि हमारा झारखंड नशा मुक्त हो। उन्होंने संकल्प लिया है झारखंड को नशा मुक्त करने का। उनके इस संकल्प को पूरा करने के लिए नशा मुक्त झारखंड के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। यह बातें पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहीं।

मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता के लिए आयोजित मैराथन दौड़ के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में एकत्र हुए युवाओं की भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 14 दिनों से मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को अभियान चलाया जा रहा है। इसी सिलसिला को जारी रखते हुए गुरुवार को नशा मुक्त झारखंड के लिए युवाओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

**हर कदम पर लें नशा से दूर रहने और नशा मुक्त झारखंड बनाने का संकल्प**

पर्यटन मंत्री ने कहा कि मैराथन दौड़ में मोरहाबादी से अल्बर्ट एक्का चौक की तरफ बढ़ते कदम के साथ हम सभी लोग हर कदम पर नशा से दूर रहने और नशा मुक्त झारखंड के लिए प्रतिज्ञा लेंगे। झारखंड, नशा मुक्ति के अंतरराष्ट्रीय मानक के हर पहलुओं का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश का झारखंड को नशामुक्त बनाने का अक्षरशः पालन किया जा रहा है।

**युवाओं की ऊर्जा के सकारात्मक उपयोग से मिलते है अविश्वसनीय परिणाम**

मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि यदि युवाओं की ऊर्जा की शक्ति का सकारात्मक उपयोग समाज, जिला, राज्य, देश और विश्व को एक बेहतर दिशा दे सकते हैं। यदि युवाओं की ऊर्जा गलत दिशा में चली जाये तो पूरा समाज, राज्य, देश प्रभावित होता है। और इसका बड़ा नुकसान होता है। इसलिए युवा आज इस मैराथन दौड़ के माध्यम से प्रण लें कि नशा से दूर रहेंगे। आपको नशा नहीं खेल को महत्व देना है। झारखंड में युवा प्रतिभा की कमी नहीं है, हमें इन्हें बस सही दिशा के देने की जरूरत है। नशा के शिकार युवाओं का नशा छुड़ा कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। साथ ही उनके अंदर छुपी प्रतिभा को विश्व पटल पर लाना है। यही हमारा मकसद, हमारी सरकार का उद्देश्य है।

**नशा से दूर रहने के लिए दिलायी शपथ**

मंत्री श्री कुमार ने इस अवसर पर युवाओं को नशा से दूर रहने, नशा मुक्त झारखंड बनाने की शपथ दिलायी। मौके पर पर्यटन सह खेलकूद सचिव मनोज कुमार ने कहा कि नशा मुक्त अभियान झारखंड के लिए बहुत जरूरी है। संकल्प लें जो कदम मैराथन दौड़ में अल्बर्ट एक्का चौक की तरफ जाएगा वो हर कदम नशा मुक्त झारखंड के लिए होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछले 14 दिनों से झारखंड के प्रत्येक जिले, प्रखंड, पंचायतों, स्कूलों, कॉलेजों में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता के कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज मैराथन दौड़ के माध्यम से युवाओं को जागरूक किया जा रहा है और आज ही इस अभियान का समापन भी है।

मैराथन दौड़ में विजयी प्रतिभागियों को मंत्री सुदिव्य कुमार ने पुरस्कृत भी किया। इसमें अनूप उरांव, श्रीजीत सरकार, कुंदन महतो, निर्मल, रंजीत कुमार महतो, ममता कुमारी, रीता कुमारी, सुमन कुमारी, संध्या कुमारी, सोनी कुमारी शामिल थे।

इस अवसर गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीसी रांची मंजूनाथ भजंत्री और निदेशक खेल-कूद शेखर जमुवार सहित जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति : संजय सेठ



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुरुवार को एंटानानारिवो में आयोजित भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह में भाग लिया। उन्होंने आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने भारत में हाल के घटनाक्रमों के बारे में भी उपस्थित लोगों को जानकारी दी। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में तेजी से हो रहे आर्थिक परिवर्तन पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने नया भारत के विजन को साझा किया और वैश्विक विकास के प्रमुख चालक के रूप में भारत के उभरने को रेखांकित किया। उन्होंने विकसित भारत 2047 के रोडमैप पर विस्तार से बताया।

उन्होंने मेडागास्कर में भारतीय समुदाय को भारत मेडागास्कर साझेदारी को और मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिये प्रोत्साहित किया।

## गोलमेज सम्मेलन में सांसद महुआ माजी ने की शिरकत



रांची। लंदन स्थित प्रतिष्ठित लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलीटिकल साइंस में आयोजित गोलमेज सम्मेलन में सांसद महुआ माजी ने शिरकत की। उन्होंने झारखंड के संदर्भ में स्वच्छ ऊर्जा के लिए सरकारी प्रयास और जलवायु संकट को दूर करने के प्रयासों पर जोर देते हुए अपना वक्तव्य रखा। इस गोलमेज सम्मेलन में भारत, इंडोनेशिया, संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधियों के साथ-साथ वैश्विक परोपकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की। सम्मेलन की चर्चा ग्लोबल साउथ में एनर्जी ट्रांजिशन को आगे बढ़ाने के लिए व्यावहारिक अंतर्दृष्टि और साहसिक विचारों पर केंद्रित थी। महुआ माजी ने झारखंड के संदर्भ में स्वच्छ ऊर्जा के लिए सरकारी प्रयास और जलवायु संकट को दूर करने के प्रयासों पर जोर देते हुए अपना वक्तव्य रखा।

## आइडियल इंटरनेशनल स्कूल में सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक को लेकर क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**रांची।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को आइडियल इंटरनेशनल स्कूल दलादली में सड़क सुरक्षा संबंधी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 9 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पीस हाउस विजेता बना। इस मौके पर स्कूल की निर्देशिका डॉक्टर सुंबुल आलम ने बताया कि इस कार्यक्रम में बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। स्कूल की प्राचार्या मंजू बग्गा अरोड़ा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क पर चलना भी जीवन के अनुशासन का एक भाग है और हमें हर क्षेत्र में अनुशासन का पालन करना चाहिए। मौके पर स्कूल के प्रशासक प्रणय कुमार ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन का महत्व बताया एवं उन्हें इन नियमों का पालन करने तथा दूसरों को भी प्रेरित करने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मौसम ने किया।

## हाईवे लाईन होटल में छापामारी, रेलवे ई-टिकट दलाल गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे ई-टिकट की अवैध बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन उपलब्ध' के तहत आरपीएफ पोस्ट लोहरदगा एवं सीआईबी, आरपीएफ, रांची की संयुक्त टीम द्वारा आरपीएफ साइबर सेल, गार्डन रीच, कोलकाता से प्राप्त इनपुट के आधार पर मदरसा चौक, बलसोकरा, थाना चान्हो, जिला रांची स्थित 'हाईवे लाइन होटल' में छापेमारी की गई। इस कार्रवाई के दौरान एक 34 वर्षीय व्यक्ति जुबैर अहमद को गिरफ्तार किया गया, जो अवैध रूप से रेलवे ई-टिकटों की बुकिंग और बिक्री में संलिप्त था। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से 02 सक्रिय (लाइव) रेलवे ई-टिकट, 05 पुराने, प्रयुक्त ई-टिकट कुल मूल्य 19 हजार रूपये की सामग्री जब्त की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी जुबैर अहमद ने स्वीकार किया कि वह आईआरसीटीसी का अधिकृत एजेंट नहीं है। वह करीब 325 फर्जी व्यक्तिगत यूजर आईडी के माध्यम से टिकट बुक करता था, जिसमें प्रति टिकट 150 से 200 रूपये तक अतिरिक्त वसूलता था। आरोपी को सभी विधिक प्रक्रियाओं के पूर्ण होने के पश्चात गुरुवार को रेलवे न्यायिक मजिस्ट्रेट, रांची के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## 64 इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों को मिली डीएसपी पद पर प्रोन्नति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 64 इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों को डीएसपी पद पर पदोन्नत कर दिया है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है।

प्रोन्नति पाने वाले इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों में राजीव रंजन-2, शंभू प्रसाद गुप्ता, अजय कुमार, नवल किशोर सिंह, सुधीर प्रसाद साहू, अतीन कुमार, सतीश कुमार, नीरज कुमार सिंह, सुशील कुमार-2, राजेश कुमार, संजय कुमार-2, मुकेश कुमार पांडेय, राजकपूर, आलोक सिंह, तरूण कुमार, अखिलेश प्रसाउ मंडल, सहदेव प्रसाद, नवल किशोर प्रसाद, प्रवीण कुमार, उज्जवल कुमार साह, विजय कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार वर्मा, नरेंद्र कुमार सिन्हा, विजेयता, दयानंद कुमार, उमेश प्रसाद सिंह, राजेश प्रकाश सिन्हा, श्यामानंद मंडल, राजीव कुमार वीर, कुमुद सिन्हा, अजय कुमार साहु, राम अनुप महतो, राकेश कुमार गुप्ता, विनोद कुमार, अजय कुमार, संदीप रंजन, तुलेश्वर प्रसाद कुशवाहा, लिलेश्वर महतो, रूपेंद्र कुमार राणा, मनोज कुमार, सरोज कुमार सिंह, रामबाबू मंडल, ऋषि कुमार द्विवेदी, ज्योत्सना, विनय प्रसाद मंडल, महेश्वर प्रसाद रंजन, अजय कुमार, सुधीर प्रसाद, अजय प्रसाद, मनोज कुमार, इजाजुल हसन सिद्धीकी, राजेश कुमार सिंह, कमाल खॉ, सुरेश प्रसाद, मनोज कुमार-3, मंटु कुमार, शैलेश प्रसाद, शारदा रंजन प्रसाद सिंह, हरेंद्र कुमार राय, समीर सिंह, हरि प्रसाद साह, अक्षय कुमार राम, प्रमोद कुमार और बिनोद उरांव शामिल हैं।

## झारखंड के एमपीडब्लू स्वास्थ्य कर्मी श्रावणी मेला ड्यूटी का करेंगे बहिष्कार

**रांची।** झारखंड में 16 सौ से अधिक एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मी ने आगामी देवघर-बासुकीनाथ श्रावणी मेले में ड्यूटी का बहिष्कार करने की घोषणा की है। वे सरकार द्वारा सेवाओं के नियमितीकरण सहित उनकी लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने न करने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलन की योजना की घोषणा करते हुए झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि चार जुलाई से चरणबद्ध विरोध शुरू होगा। राज्य भर के सभी एमपीडब्ल्यू अपनी मांगों के समर्थन में चार से छह जुलाई तक काला बिल्ला लगाकर कार्य करते हुए अपना विरोध दर्ज करेंगे। झारखंड एमपीडब्लू कर्मचारी संघ ने सात और आठ जुलाई को सामूहिक अवकाश का आह्वान किया है, जिसके दौरान एमपीडब्ल्यू दो दिवसीय भूख हड़ताल करेंगे। श्री कुमार ने कहा कि अगर सरकार इसके बाद भी जवाब देने में विफल रहती है, तो हम 11 जुलाई को अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) के कार्यालय का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि 2016 से 2024 तक के उनके लंबित यात्रा और दैनिक भत्ते (टीए/डीए) का भुगतान नहीं किया जाता। एमपी डब्लू कर्मचारी 11 जुलाई से 9 अगस्त तक निर्धारित महीने भर चलने वाले श्रावणी मेला ड्यूटी में भाग नहीं लेंगे। उन्होंने कहा, हम बकाया राशि का पूरा भुगतान होने के बाद ही अपनी ड्यूटी संभालेंगे। झारखंड एमपीडब्लू कर्मचारी संघ की मुख्य मांग एमपीडब्ल्यू की सेवाओं को नियमित करना है। झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने भी एमपीडब्ल्यू आंदोलन को अपना समर्थन दिया है।

## यूथ मॉक पार्लियामेंट में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा

# आपातकाल का 50 वर्ष देश के लिये सबसे बड़ा दंश

- पुराना विधानसभा सभागार में भाजयुमो ने किया था कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चाऔर शून्यकाल के तत्वावधान में गुरुवार को आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर यूथ मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। यह आयोजन धुर्वा स्थित पुराना विधानसभा में किया गया था। इसकी अध्यक्षता रोमित नारायण सिंह ने किया। इसमें गूगल फॉर्म के माध्यम से युवाओं ने भाग लिया। सबसे पहले विनय जायसवाल ने गवर्नर की भूमिका निभाते हुये सभी को शपथ दिलवाया। इसमें युवाओं ने देश में 50 वर्ष पूर्व लगे आपातकाल के वीभत्स और दूरगामी दुष्प्रभाव पर चर्चा की। इस कार्यक्रम का उदघाटन दीप प्रज्वलन कर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने किया। मौके पर विशेष रूप से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, शशांक राज, समरी लाल, रामकुमार पाहन, बृजमोहन राम,वरुण साहू, रोमित नारायण सिंह, पंकज सोनी उपस्थित थे । स्वागत भाषण शशांक राज ने दिया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या, देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन और देश के बहुसंख्यक समाज को दबाने के लिये आपातकाल लगाया गया। देश में हर जगह जमाई टोला बनाने की नियत से आपातकाल लगाया गया। देश में 40वां संशोधन कर संसाधनों पर सत्ता का नियंत्रण किया गया। आज के युवाओं को आपातकाल के काले अध्याय की जानकारी होनी चाहिये। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इंदरा गांधी ने 39 वां संशोधन कर अपने पद को बचाने के लिये संविधान से खिलवाड़ किया। इस संशोधन में प्रधानमंत्री के चुनाव को न्यायिक समीक्षा से बाहर किया गया। 6 अगस्त को बुधवार को संशोधन लोकसभा में प्रस्तुत किया गया और अगले ही दिन उसको पारित कर दिया गया। मौके पर सभापति के रूप में सीपी सिंह, भानु प्रताप शाही, अमित मंडल, अमर कुमार बाउरी, करमवीर सिंह उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार वेदांत कुमार सिंह, द्वितीय पुरस्कार धर्मेंद्र शुक्ला, जानवी सिंह, तृतीय पुरस्कार मनीष कुमार को प्राप्त हुये।

## राज्य के नवनिर्माण के लिए संघर्ष करें छात्र-युवा : सुदेश महतो

- छात्र एवं युवा आजसू की प्रदेश इकाई की संयुक्त बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो सुदेश महतो ने छात्र एवं युवा इकाइयों के प्रदेश पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आजसू का इतिहास झारखंड आंदोलन से जुड़ा है। आजसू ने राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाई। अब झारखंड के नवनिर्माण के लिए छात्र-युवा शक्ति को संगठित होकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने बलिदान दिवस समारोह की सफलता के लिए भी बधाई दी।

श्री महतो ने आजसू के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित बैठक में आह्वान किया कि वे संगठन की विचारधारा तथा सिद्धांतों को समझें और कॉलेज एवं ग्राम स्तर तक संगठन का विस्तार करें। बैठक को मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने भी संबोधित किया। श्री महतो ने जोर दिया कि कार्यकताओं को छात्रों, युवाओं एवं जनता के मुद्दों को उठाने और उनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहना होगा। श्री महतो ने कहा कि आजसू झारखंडी विचारधारा और झारखंडियत को स्थापित करने वाला संगठन है।

**संगठन की नीतियां जन-जन तक पहुंचे :** डॉ देवशरण भगत ने पदाधिकारियों को एकजुट होकर संगठन मजबूत करने का निर्देश दिया, ताकि संगठन की नीतियां जन-जन तक पहुंचें। साथ ही, उन्होंने वर्तमान सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए आजसू सड़कों पर संघर्ष करेगी।

**चलेगा प्रशिक्षण व जनसंपर्क अभियान :** प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि आजसू का गठन सत्ता के लिए नहीं बल्कि झारखंडी जनता के हितों के संघर्ष के लिए हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम और जनसंपर्क अभियान के आधार पर संगठन विस्तार किया जाएगा।

मौके पर संजय मेहता, हरीश, ओम वर्मा, बबलू महतो, विशाल महतो, राजकिशोर महतो, राजेश कुमार महतो, टिकैत महतो, पीयूष चौधरी, ज्योत्सना केरकेप्ता, ऋतुराज सहदेव, आनंद साहू, राजेश सिंह, रोशन नायक, प्रशांत महतो, शुभम राणा, विशु रजवार ,सौरभ शर्मा, सत्यम सिंह, मदन महतो, हीरालाल महतो, चेतन प्रकाश, मनीष कुमार सिंह, समरेश सिंह, सचिन भगत,नीतीश निराला, मनोज कुमार महतो, अमित कुमार दास, रोहित सोनी, नितेश शर्मा, आदित्य वर्मा, प्रियांशु कुमार तिवारी, सौरभ राहुल, पवन प्रजापति,, अमित उरांव, अभिषेक राज, दीपक कुमार मौजूद थे।

# श्रद्धालुओं को ना हो किसी तरह की परेशानी : मंजूनाथ भजंत्री

- ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथयात्रा के सफल आयोजन को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची के जगन्नाथपुर में भव्य रथयात्रा शुक्रवार को निकाली जाएगी। रथयात्रा के दौरान जगन्नाथपुर में 10 दिन का मेला भी लगेगा। इसे लेकर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को बैठक की। मेले की तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए मंजूनाथ भजंत्री ने श्रद्धालुओं के निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग पर किसी प्रकार की बाधा न हो और श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने वीवीआईपी के लिए भी सभी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

**दुरुस्त रखें पूरी व्यवस्था :** बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई बिजली आपूर्ति व्यवस्था, चलंत शौचालय, शुद्ध पेयजल, अग्निशमन वाहन और एंबुलेंस की व्यवस्था की समीक्षा की गई है। संबंधित पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मेला परिसर की निगरानी के लिए वॉच टावर और सीसीटीवी की भी व्यवस्था कर ली गई है। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि दुकानदार केवल निर्धारित स्थानों पर ही दुकान लगाएं, ताकि रथ यात्रा के दौरान मार्ग अवरुद्ध न हो और भीड़ प्रबंधन में सहूलियत हो।

**साफ - सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश :** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु रथ यात्रा मार्ग पर मोरम या स्टोन डस्ट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मेला परिसर में साफ सफाई एवं बायो टॉयलेट की व्यवस्था की समीक्षा करने हुए उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में सफाई का विशेष ध्यान रखें, उन्होंने श्रद्धालुओं से भी मेला परिसर के साफ सफाई में सहयोग की अपील की।

**ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित रहने का निर्देश :** सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिए जगरन्नाथ मंदिर एवं मौसीबाड़ी तक सुरक्षा बलों एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सभी को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर अपना योगदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में मेले के दौरान असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने सहित अन्य विभिन्न विषयों पर भी संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

**बारिश में अपनी सेहत और पर्यावरण संरक्षण का रखें ख्याल :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा श्रद्धालुओं से बारिश के मौसम में अपनी सेहत का ध्यान रखने की अपील की गई है, उन्होंने कहा है कि खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करें। साथ ही उन्होंने मेला परिसर में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए दोना-पत्तल जैसे पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों की ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की भी अपील की। उन्होंने श्रद्धालुओं से कपड़े की थैली लाने एवं मेला परिसर को स्वच्छ रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करने की भी अपील की है। बैठक के दौरान मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा 10 जुलाई को प्रस्तावित इस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक हेतु सभी संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## सोशल मीडिया पर आजसू नेताओं की छवि खराब करने की साजिश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी ने बताया है कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, झारखंड आंदोलनकारी डॉ. देवशरण भगत, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस तथा पार्टी नेता दीपक महतो की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक और भ्रामक वीडियो प्रसारित किया गया है। इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आजसू पार्टी द्वारा राज्य के विभिन्न थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस मामले को लेकर राज्य के रांची कोतवाली थाना रांची, साइबर थाना रांची, गोला थाना, अनगड़ा थाना, मांडू थाना, साहिबगंज थाना, नारायणपुर थाना, बोकारो थाना और रजरप्पा थाना में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आजसू पार्टी की ओर से दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफार्म पर कुछ फर्जी और

**विभिन्न थानों में दर्ज कराई गई प्राथमिकी**

दुर्भावनापूर्ण अकाउंट्स द्वारा लगातार एडिटेड वीडियो पोस्ट किए जा रहे हैं, जिससे पार्टी के शीर्ष नेताओं की छवि को नुकसान पहुंचाया जा सके। इन वीडियो को साझा करने वाले प्रमुख सोशल मीडिया अकाउंट्स में फेसबुक पेज डुमरी विधानसभा जेएलकेएम पार्टी, संदीप महतो की इंस्टाग्राम आईडी और अन्य अकाउंट्स से साझा किए गए वीडियो लिंक, यूआरएल और स्क्रीनशॉट को पार्टी द्वारा पुलिस के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। साथ ही जिन व्यक्तियों के माध्यम से इस तरह की गतिविधियां की गई हैं, उनके नाम, पते और मोबाइल नंबर भी प्राथमिकी में दर्ज किए गए हैं। आजसू पार्टी ने फुलेन्द्र कुमार महतो उर्फ पीएम कुमार महतो, सूरज कुमार महतो, थाना निमियाघाट, जिला गिरिडीह; चंद्रदेव कुमार वर्णवाल, थाना निमियाघाट, गिरिडीह विजय कुमार सिंह, जिला बोकारो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए इस पूरे मामले को एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश बताया है। पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि इस तरह की सोशल मीडिया गतिविधियां न केवल मानहानि और असत्य प्रचार हैं, बल्कि साइबर अपराध की श्रेणी में भी आती हैं। उन्होंने साफ कहा है कि ऐसे कृत्यों से कार्यकर्ताओं और आम समर्थकों में भारी आक्रोश है और यदि जल्द उचित कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी जनआंदोलन का रास्ता अपनाएगी। फिलहाल सभी संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस द्वारा जांच प्रारंभ कर दी गई है।

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का 45वां स्थापना दिवस समारोह में कृषि मंत्री ने कहा

# बीएयू डिग्री बांटने वाला संस्थान नहीं, भविष्य को तैयार करें

- कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया समारोह का उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के 45वां स्थापना दिवस समारोह का उदघाटन गुरुवार को राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। स्थापना दिवस के मौके पर कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय भवन का उद्घाटन भी मंत्री के हाथों किया गया। इसी साल कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय को मान्यता मिली है। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय डिग्री बांटने वाला संस्थान नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व का निर्वहन करने वाला भविष्य को तैयार करने का काम करें। यह शिक्षा असल में अपने समाज , अपने राज्य और अपने देश के हित में होगा। उन्होंने कहा कि बिरसा कृषि विश्वविधालय की परिकल्पना उस वक्त की गई थी, जब देश में हरित क्रांति का दौर चल रहा था। किसानों को विज्ञान और तकनीक के साथ जोड़ने की ये महत्वपूर्ण शुरूआत थी। विश्वविद्यालय के निर्माण में बाबा कार्तिक उरांव की अहम भूमिका हम सबके के लिए गौरांवित करने वाला है।

**यूनिवर्सिटी एक पासपोर्ट की तरह है :** स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कांके विधायक सुरेश बैठा ने छात्रों के छात्रवृति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस पर संस्थान और सरकार को सोचने की जरूरत है। वहीं, कृषि सचिव अबू बक्कर सिद्दीखी ने कहा कि यूनिवर्सिटी एक पासपोर्ट की तरह है। इसी से छात्रों का भविष्य है। ज्ञान के लिए यूनिवर्सिटी जरूरी है। छात्रों के प्रदर्शन का श्रेय हमेशा यूनिवर्सिटी को जाता है। बच्चों के बगैर यूनिवर्सिटी का औचित्य नहीं है। शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र किसी तरह का कोई समझौता नहीं करना चाहिए। बिरसा कृषि विश्वविधालय के कुलपति सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि शिक्षकों की कमी के बावजूद इस संस्थान के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता अर्जित की है। संस्थान के द्वारा कृषि यंत्रों का निर्माण किया गया है। राज्य भर के करीब 45 हजार किसानों को उन्नत कृषि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के द्वारा तैयार पुस्तक का विमोचन अतिथियों के द्वारा किया गया। इसके साथ ही स्थापना दिवस समारोह में मंच से कई किसानों को सम्मानित भी किया गया। किसानों को सम्मान के तौर प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ बीज और पौधा दिया गया। इस मौके पर आईसीएआर के निदेशक सुजय रक्षित सहित विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

### आज संस्थान के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं

मंत्री ने कहा कि संस्थान के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं। उन तमाम चुनौतियों का सामना करने के लिए सरकार तैयार है। सरकार, संस्थान, राजभवन और छात्रों के संयुक्त प्रयास से ही विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाया जा सकता है। यहां व्यक्तिगत स्वार्थ और सोच को दूर रखते हुए विश्वविद्यालय के उद्देश्य को पूर्ण करने की दिशा में कदम बढ़ाना होगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि छोटानागपुर के इस इलाके में कृषि विश्वविधालय निर्माण का उद्देश्य गांव और गांव के लोगों को उन्नत कृषि से जोड़ना और उन्हें प्रगतिशील किसान की श्रेणी में खड़ा करना रहा है। सफलता के साथ समाज के लिए कुछ करने का जज्बा ही ऐसे विश्वविद्यालय में शिक्षा का मूल मंत्र होना चाहिए।

## सीआईएल और सीएमपीएफओ की संयुक्त पहल 'प्रयास' से लंबित मामलों का हुआ निपटारा



रांची। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) एवं कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) की एक संयुक्त पहल 'प्रयास' के अंतर्गत, सीएमपीएफ/पेंशन से संबंधित लंबित मामलों को शून्य स्तर तक लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसको लेकर गांधी नगर अस्पताल, रांची में एक महत्वपूर्ण समाधान बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पंकज कुमार (क्षेत्रीय आयुक्त, सीएमपीएफओ, धनबाद), आरके सिन्हा (क्षेत्रीय आयुक्त, फ-क), तथा श्री एस. के. प्रसाद (सहायक आयुक्त, सीएमपीएफओ) की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक का आयोजन राजीव रंजन शर्मा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन/एसएस), सीसीएल द्वारा किया गया, जिसमें महाप्रबंधक प्रतुल कुमार (मानव संसाधन/एनईई), तजविंदर सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन), सेराज अहमद, सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन), श्रीमती अर्चना कुमारी, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) और सुश्री अनुपमा भगत, (सीनियर ऑफिसर, सीएमपीएफ, सीसीएल, रांची) समेत सीएमपीएफ के कई और अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा बैठक में बड़ी संख्या में कर्मी एवं उनके आश्रितों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। विशेष बात यह रही कि प्रत्येक मामला मौके पर ही सुलझाया गया।

## नशामुक्त समाज का निर्माण करना ही डालसा का उद्देश्य : राजेश कुमार सिन्हा

**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में गुरुवार को गोस्सनर कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए नालसा स्कीम डॉन पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लाइफ सेवर्स के अतुल गेरा, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, सीआईडी से रिजवान अंसारी, एनसीबी से राकेश गोस्वामी, सीडब्ल्यूसी सदस्य, आरती कुमारी, पीएलवी प्रहलाद कुमार उपाध्याय, सम्पा दास, भारती देवी एवं कॉलेज के शिक्षकगण समेत अन्य उपस्थित थे।

## हड्डी और पेट रोगों के लिए पारस हॉस्पिटल में नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप 29 जून को



रांची। पारस हॉस्पिटल में नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप हड्डी एवं पेट विशेषज्ञों के साथ 29 जून रविवार को लगाया जा रहा है। यह कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगा। कैंप में हड्डी रोग एवं पेट रोग विशेषज्ञ मरीजों की जांच एवं परामर्श देंगे। हड्डी रोग विशेषज्ञ घुटनों के दर्द, गठिया, पीठ दर्द और जोड़ों की समस्याओं की जांच करेंगे, जबकि पेट रोग विशेषज्ञ गैस, पेट दर्द, एसिडिटी, लीवर की समस्याएं और पित्त की पथरी जैसी बीमारियों की जांच कर उचित सलाह देंगे। इसके अलावा दर्द, सूजन, अपच या पुरानी समस्याओं के लिए नि:शुल्क मूल्यांकन किया जायेगा। मरीजों को ऑर्थोपेडिक व गैस्ट्रो विशेषज्ञों द्वारा सलाह दी जायेगी। घूटना प्रत्यारोपण सर्जरी केवल 1.20 में लाख किया जायेगा। अन्य नियम और शर्तें लागू रहेंगी। कैंप में बीएमडी टेस्ट, बीपी एवं शुगर टेस्ट, एलएफटी टेस्ट समेत अन्य जांच परामर्श के साथ नि:शुल्क होगा। अन्य डायग्नोस्टिक जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट भी दी जायेगी। कैंप का लाभ उठाने के लिए मरीजों को पंजीकरण करना होगा। पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि पारस हॉस्पिटल एक बार फिर मरीजों के हित के लिए नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगा रहा है। कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा नि:शुल्क जांच की जायेगी। हॉस्पिटल मरीजों की सेवा के लिए लगातार कार्यरत है। इस नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप का उद्देश्य आम जनता को विशेषज्ञ परामर्श एवं आधुनिक जांच की सुविधा प्रदान करना है।

## डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन का चार जुलाई से दो दिनी दवा मेला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन (दवा) की ओर से स्थानीय आईएमए भवन में चार जुलाई से दो दिनी दवा मेला-2025 का आयोजन किया जा रहा है। दवा की ओर से इस मेले की तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। दवा की ओर से बताया गया कि स्टॉल की बुकिंग लगभग पूरी हो चुकी है। अंतरराज्यीय स्टालों की संख्या इस बार काफी बढ़ी है। बिक्री, गुणवत्ता, मेले की सफलता को देखते हुए स्टॉल ओनरों की होड़ मची है। गैर सरकारी संगठन जैसे एकल, दीपशिखा जैसी संस्था को मुफ्त में स्टॉल दिए जाते हैं जो अपने उत्पाद की बिक्री कर सकेंगे।

लगातार तीन वर्षों से दवा मेला की अपार सफलता को देखते हुए डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन ने इस बार भी मेले के आयोजन का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन, जिसकी स्थापना सन 2006 में हुई थी। यह एक पंजीकृत संस्था है, जिसमें जरूरतमंद बच्चों और महिलाओं के लिए यह संस्था लगातार काम करती है। मेले से प्राप्त आय का पूरा का पूरा पैसा प्रधानमंत्री राहत कोष में चेक के माध्यम से हरेक वर्ष दिया जाता है। बृहद रूप से पहली बार मेला का आयोजन 2022 में किया गया था। 2023 में इसी सफलता को दोहराने के लिए कार्यकारिणी और दवा की सदस्यों ने पूरी ताकत लगा कर इसे नए सोपान पर पहुंचाया था। 2024 में दवा मेला ने नई मुकाम हासिल की। पिछली कामयाबी को दोहराने की उम्मीद रखते हुए दवा मेला 2025 में भी कार्यकारिणी और सदस्यों के द्वारा पूरी ताकत झोंकी जा रही है, जिसमें चेयरपर्सन विनीता शरण, फाउंडर एंड को-चेयरपर्सन झूमा सरकार, अध्यक्ष आरती सिंह, सचिव अंजू कुमारी सिंह और कोषाध्यक्ष सिंधु भदानी शामिल हैं। इन्होंने रांची की जनता से अनुरोध किया है कि आप आगे बढ़कर आए और दवा मेला 2025 को सफल बनायें। मेले में आप सब की सहभागिता सहयोग से ही हम अपने चैरिटी लक्ष्य को पूरा कर सकेंगें।

## जेयूटी में नशा के खिलाफ आयोजित 17 दिनी विशेष कार्यक्रम संपन्न

- कार्यक्रम के आखिरी दिन पावरपॉइंट प्रतियोगिता आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूटी) में राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए बीते 10 जून से 26 जून तक के विशेष कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की ओर से अंतिम दिन प्रभात रैली के साथ समापन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकगण, एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके बाद विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के द्वारा पावरपॉइंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उसके बाद विभिन्न तिथियों में अयोजित की हुई प्रतियोगिताओं का बेहत्तर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंत में उपस्थित सभी ने शपथ लिया कि नशा का सेवन नहीं करेंगे और लोगों को जागरुक करेंगे। इस अभियान को सफल बनाने में नोडल पदाधिकारी डॉ राम सिंह, सहायक प्राध्यापक का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निशांत कुमार कुलसचिव, स्नेह कुमार निदेशक पाठ्यक्रम विकास, बिधु शेखर वर्मा वित पदाधिकारी, निर्मला सोरेन परीक्षा नियंत्रक, एजी पी कुजूर सहायक परीक्षा नियंत्रक, रबिन्द्र कुमार, डॉ प्रवीर कुमार, डॉ रमेश मुर्मू, डॉ लता कुमारी, डॉ झिल्ली दासगुप्ता, अभिषेक कुमार, संधिता कुमारी इसके अलावे विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

## कथावाचक का बाल मुड़वा कर पेशाब का छिड़काव करना, अमानवीय : राजेन्द्र प्रसाद

**रांची।** इटवा के दादरपुर में यादव समाज के कथावाचक मुटुक मणि यादव और नेत्रहीन ढोलक वादक श्याम कठेरिया के साथ कुछ जाति विशेष लोगों के द्वारा मार-पीट कर पेशाब का छिड़काव करने की घटना की मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने घोर निंदा की है। प्रसाद ने कहा कि यह घटना अमानवीय है और समाज को बांटने व हिन्दू धर्म पर चोट पहुंचाने वाला है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि 21वीं शताब्दी में भी ऐसे मानसिकता वाले लोगों के कारण पूरा देश शर्मसार हो रहा है। प्रसाद ने कहा कि कथावाचक ब्राह्मण नहीं है तो उनका बाल मुंडवा कर उनके ऊपर पेशाब छिड़काव किया जाएगा। कहा समाज के हर वर्गों को इस घटना का निंदा करना चाहिए। जाति देखकर संवेदनशील नहीं दिखाना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि इस घटना की हर सरकार को घोर निंदा करनी चाहिए।

## विवि की प्राथमिकता सूची में अनुशासन के साथ एकेडमिक श्रेष्ठता : अंजनी मिश्रा

- डीएसपीएमयू के नये वीसी अंजनी कुमार मिश्रा ने अधिकारियों, शिक्षकों के साथ किया संवाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त सह डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के नये प्रभारी कुलपति अंजनी कुमार मिश्रा ने विश्वविद्यालय में पहली आधिकारिक बैठक सह संवाद किया। इस क्रम में उन्होंने विश्वविद्यालय की विभिन्न एकेडमिक और प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी ली। यह जानकारी उन्होंने विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष और शिक्षकों के साथ परस्पर संवाद कर लिया।

मौके पर उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता विश्वविद्यालय की एकेडमिक गतिविधियों में एकरूपता लाना है। इसके अंतर्गत नामांकन प्रणाली में पारदर्शिता, परीक्षा पद्धति का सरलीकरण, वर्ग सारणी में एकरूपता और पुस्तकालय को अद्यतन बनाने के साथ साथ विद्यार्थियों की उपस्थिति को भी अनिवार्य बनाए जाने पर बल दिया। इसके उपरांत उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में अनुशासन की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि अनुशासित रहकर ही सारे लक्ष्यों की प्राप्ति संभव है।

उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर के साथ-साथ विश्वविद्यालय के छात्रावास की भी आधारभूत संरचना को दुरुस्त करने की बात कभी। इस क्रम में शिक्षकों से परस्पर संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि अकादमिक श्रेष्ठता की प्राप्ति संसाधनों की उपलब्धता और उसके सभी उपयोग के द्वारा ही हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार, जिसमें शिक्षक, कर्मी और विद्यार्थी समाहित होते है, के परस्पर सहयोग और सामूहिकता से ही उपरोक्त लक्ष्यों की पूर्ति संभव है। इस अवसर पर सभी संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष और शिक्षकों की उपस्थिति रही। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।

## खबर एक नजर में

### नवीकरण व फ्लैगशिप स्टोर में परिवर्तित टाईटन आई प्लस स्टोर का उद्घाटन



**रांची।** टाईटन आई प्लस स्टोर, जीईएल चर्च कम्पलेक्स, मेन रोड रांची का नवीनीकरण व फ्लैगशिप स्टोर में परिवर्तन के पश्चात राघवन एनएस, (सीइओ) टाइटन कंपनी लिमिटेड ऑयवेअर डिवीजन, अशोक मानकतला बिजनेस एसोसिएट एवं विशाल आर्या की उपस्थिति में गुरुवार को संध्या 5 बजे उद्घाटन हुआ। इस नए स्टोर में मुफ्त में श्रवण शक्ति जांच की भी सुविधा है एवं श्रवण-संबंधी उपकरण की मुफ्त में ट्रायल प्रदर्शन दिया जा रहा है। उद्घाटन के अवसर पर 15 जुलाई 2025 तक सभी ब्रांड्स पर फ्लैट 10■ डिस्काउंट दिया जा रहा है। इस नवनीकरण के पश्चात रुपया 800 से 4 लाख तक के ऑय वियर फ्रेम्स एवं सनग्लास उपलब्ध हैं, जिसमें टाइटन एवं जेइस्स के लेंस को लगवाया जा सकता है। इस अवसर पर वरिष्ठ ओप्थोमलोगिस्ट डॉ डॉली टंडन एवं अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### नि:शुल्क विटिलिगो (सफेद दाग) सलाह एवं उपचार शिविर का आयोजन



**रांची।** शांति स्किन एंड लेजर सेंटर द्वारा बुधवार को नि:शुल्क विटिलिगो (सफेद दाग) सलाह एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 112 मरीजों को सलाह और उपचार और निशुल्क दवा का वितरण किया गया। फोटो थेरेपी भी 22 लोगों की की गई। इस अवसर पर डॉ रविशंकर द्विवेदी ने संवाददाताओं को विटिलिगो के आधुनिक उपचार, अस्पताल की विशेषज्ञता और मरीजों को दिए जा रहे लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि विटिलिगो एक दीर्घकालिक त्वचा रोग है, जिसमें त्वचा पर सफेद धब्बे बन जाते हैं। यह रोग पिगमेंट बनाने वाली कोशिकाओं की कमी से होता है और किसी भी उम्र या जाति के व्यक्ति को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने बताया कि यह 2009 में स्थापित झारखंड का पहला पूरी तरह से समर्पित त्वचा एवं सौंदर्य उपचार केंद्र है।

### मारवाड़ी महिला कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रांची।** गुरुवार को झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन मारवाड़ी महिला कॉलेज, रांची में किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 लोगों का नि:शुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर, जेनरल रोग जांच, स्त्री रोग जांच, नेत्र रोग जांच, दंत रोग जांच एवं हियरिंग (कान) जांच की गयी। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर स्वास्थ्य जांच शिविर एवम रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए। ताकि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन के अध्यक्ष संतोष सोनी का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ सोनी, डॉङ्क रितु राशि, सार्थक मुखर्जी, कलावती, खुशबू सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

### सीएमपीडीआई ने कांके डैम स्थित छठ घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान



**रांची।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आज सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) शंकर नागचारी एवं निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी/ आरडीएंडटी) अजय कुमार के नेतृत्व में कांके डैम स्थित छठ घाट में सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में संस्थान के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण एवं कर्मियों ने घाट की सफाई कर स्वच्छ किया और एकत्र कचरे का निपटाने में सहयोग किया। कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी सीएमपीडीआई, 'स्वच्छता हर किसी का दायित्व है' थीम के तहत 16 से 30 जून, 2025 तक सक्रिय रूप से स्वच्छता पखवाड़ा मना रही है। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन और महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करती है। सीएमपीडीआई अपने सभी कर्मियों और स्थानीय समुदायों से स्वच्छता को एक साझा जिम्मेदारी बनाने में हाथ मिलाने का अपील करता है।

### स्त्री सत्संग सभा ने श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी का पावन प्रकाश पर्व मनाया



**रांची।** स्त्री सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी द्वारा सिख पंथ के छठे नानक श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व गुरुवार को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में मनाया गया। इस मौके पर स्त्री सत्संग सभा द्वारा विशेष दीवान सजाया गया। विशेष दीवान की शुरूआत दोपहर 03:00 बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा दीन दुनी दा पातशाह पातशाहां पातशाह अडोला.... शबद गायन से हुई। शाम 4:00 बजे से 5:30 बजे तक श्री सुखमनी साहिब जी का सामूहिक पाठ पढ़ा गया, जिसमें चार सौ महिला श्रद्धालु शामिल हुई। विशेष दीवान में गीता कटारिया, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, मंजीत कौर, बंसी मल्होत्रा, रमेश गिरधर, हरजिंदर कौर, मनोहरी काठपाल, खुशबू मिढ़ा, अंजू काठपाल, गुड़िया मिढ़ा, रश्मि मिढ़ा, ममता थरेजा, गोबिंद कौर, नीतू किंगर, ममता सरदाना, रजनी तेहरी, किरण अरोड़ा, उषा झंडई, रजनी मक्कड़, गूंज काठपाल, भजना देवी डावरा, उषा पपनेजा, पूनम मुंजाल, जसवीर मुंजाल, रानी तलेजा, पायल मल्होत्रा, शीतल तेहरी, गरिमा अरोड़ा, सिंपल वाधवा, उर्वशी अरोड़ा, जूली गाबा, बिमला मिड्ढा, प्रेम सुखीजा, रानी मुंजाल, रेशमा गिरधर, दुर्गी देवी मिड्ढा, आशा मिड्ढा, एकता मिड्ढा, बबीता पपनेजा, श्वेता मिड्ढा, अमर मुंजाल, अंजू धमीजा, किरण मक्कड़, सुषमा गिरधर, अमर बजाज, कंचन सुखीजा समेत अन्य शामिल हुईं।

# देश के आंदोलन में नकली गांधी परिवार का कोई योगदान नहीं : गिरिराज सिंह

- भाजपा महानगर कार्यालय में आपातकाल पर संगोष्ठी आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** गुरूवार को आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा महानगर कार्यालय में प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने आपातकाल के दौरान मीसा कानून में जेल गये आंदोलनकारियों को सम्मानित किया। श्री सिंह ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश के विरोध में जाकर अपनी सत्ता बचाने के लिये इंदिरा गांधी ने देश को आपातकाल की आग में झोंक दिया। आपातकाल के समय शीर्ष नेताओं को जबरन जेल में डाला गया या नजरबंद किया गया। प्रेस की भी आजादी पर पाबंदी थी। उस दरमियां दूरदर्शन को इंदिरा दर्शन के नाम से जाना जाता था। उन्होंने कहा कि आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर नई पीढ़ी को आपातकाल में किये गये निरंकुशताओं से जागरूक करना आवश्यक है। मौके पर विधायक सीपी सिंह ने आपातकाल को याद करते हुये बताया कि मीसा जैसे काला कानून के विरोध में झारखंड में आदिवासी बंधुओं ने भी बहुत बढ़-चढ़ के अपनी भागीदारी निभाई।

विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी की दादी ने संविधान को कुचल कर लोकतंत्र पर बदनुमा दाग लगाया। लेकिन, आज राहुल गांधी कांग्रेस के पोस्टर ब्वॉय बने हुये हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरुण साहू ने की। इसके बाद ब्लूम क्राफ्ट फाउंडेशन द्वारा आपातकाल पर लिखी पुस्तक का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मीसा के तहत जेल जाने वाले डॉ सूर्यमणि सिंह, सत्येंद्र मलिक, प्रमोद मिश्रा, राम प्रसाद जालान, शिव गोविंद पांडे, रामचंद्र नायक, रामचंद्र केसरी, राजेंद्र पांडे, सुदर्शन चौबे, प्रेम मित्तल, डॉ समर सिंह, भवानी प्रसाद नरसरिया, गोपाल प्रसाद, उमाशंकर केडिया उपस्थित थे। इसके अलावा सुबोध सिंह गुडडू, पवन साहू, रमेश सिंह, जितेंद्र वर्मा, विश्वजीत सिंह, राजू सिंह, विनय सिंह, अनिता वर्मा, अश्विनी सुखीजा आदि उपस्थित थे।

## गिरिराज सिंह पर राजद का पलटवार, कहा, लालू प्रसाद के सामने कोई हैसियत नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि गिरिराज सिंह मानसिक गुलामी के शिकार हैं। वे देश के सबसे असफल मंत्री हैं। गिरिराज सिंह जैसे नेताओं का लालू प्रसाद के सामने कोई हैसियत नहीं है। उन्होंने कहा कि गिरिराज सिंह राजनीतिक तड़ीपार नेता के रूप में जाने जाते हैं।

### झारखंड-बिहार में एक भी कारखाना नहीं लगा पाये

कैलाश यादव ने कहा कि गिरिराज सिंह कपड़ा मंत्री की हैसियत से बिहार और झारखंड में एक भी उद्योग कारखाना नहीं लगा पाये हैं। गिरिराज सिंह वर्तमान परिस्थिति में मानसिक रोग से ग्रसित हैं। कहा कि जमाई आयोग और जमाई टोला का गठन बिहार में हुआ है, जिसका मुखिया नीतीश कुमार हैं। उन्होंने कहा कि गिरिराज सिंह का झारखंड में जमाई टोला की बात कहना बिल्कुल बेमानी है।

### कृष्ण के वंशज हैं लालू प्रसाद यादव

कैलाश यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव कृष्ण वंशज हैं और उनका परिवार एक चट्टान की तरह मजबूत है। उन्होंने कहा कि लालूजी का मुकाबला करने के लिए बीजेपी और आरएसएस वर्षों से प्रयास कर रही है, लेकिन आज तक सफल नहीं हो पायी है।

## शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त है पुलिस

# भारी मात्रा में नकली शराब जब्त, चालक धराया

- अमर व आकाश गुप्ता सरगना
- इटकी से पंडरा आ रहा था खेप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** पुलिस शराब के अवैध कारोबार को लेकर सख्त हो गयी है। सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर गुरुवार की दोपहर सिमलिया रिंग रोड से तीन सौ पेटी में बंद 750 एमएल की 36 सौ बोतल नकली शराब लदे महिंद्रा पिकअप वेन जेएच 01 एफएच 7116 के साथ चालक जयप्रकाश उर्फ सुरज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पकड़ी गयी शराब की अनुमानित कीमत 20 लाख है। बोतल में नामी-गिरामी कंपनियों के रैपर लगे हैं। जय प्रकाश, कमड़े स्थित गोकुलधाम आश्रम निवासी कलकु महतो का पुत्र है। खेप इटकी की ओर से पंडरा आ रहा था। लोहरदगा के कुडू में रहने वाले अमर गुप्ता व आकाश गुप्ता इसके सरगना हैं। दोनों सगे भाई हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है। मामले को लेकर रातू थाने में कांड संख्या 237/25 दर्ज की गयी है। यह जानकारी डीएसपी अरविंद कुमार ने प्रेस वार्त्ता में दी।


चालक को प्रस्तुत करती पुलिस।

**अभियान में थे शामिल**
पुलिस निरीक्षक सह थानेदार आरएन सिंह, अवर निरीक्षक प्रियंका कुमारी, संतोष कुमार यादव, नवीन कुमार शर्मा, अनुरंजन कुमार, उमेश कुमार सिंह, सहायक नरेश कुमार यादव, सहायक अवर निरीक्षक सुनिल कुमार सिंह, सशस्त्र बल के जवान, जीप व बोलेरो चालक।

**जानें क्या है मामला**
श्री कुमार ने बताया कि अमर गुप्ता और आकाश गुप्ता बतौर सरगना राजधानी के विभिन्न इलाके में वर्षों से अवैध शराब के कारोबार से जुड़े हैं। वह बेखौफ होकर बड़ी चालाकी से धंधा चलाते हैं। इसके लिये दोनों ने जाल बिछा रखी है। ताकि, पुलिस की गिरफ्त में न आ सकें। जिस रास्ते शराब लदी गाड़ी चलती है, कई लोग इसकी निगहबानी में खड़े रहते हैं। उनका अपना ड्रेस कोड भी होता है।

# रातू : चोरी की स्कूटी के साथ युवक गिरफ्तार

- पलामू का है राजन कुमार
- पहले भी जा चुका है जेल

**रातू।** पुलिस ने बीती रात सिमलिया रिंग रोड स्थित धौनी फर्म हाउस के समीप एक निर्माणधीन मकान से बिजली तार की चोरी करते 19 वर्षीय राजन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके पास से सिल्वर ब्लैक कलर की स्कूटी भी बरामद की गयी है। वह पलामू जिले के पाटन नवां मोहलपा निवासी दिलीप प्रसाद का पुत्र है। पुलिस के हत्थे चढ़ा राजन, फिलहाल न्यू मधुकम के ग्राम विकास समिति की कॉलोनी में रहता है। डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि वह चोरी के एक मामले में पूर्व में भी जेल जा चुका है। उन्होंने जानकारी दी कि उसने पहले स्कूटी की चोरी की, बाद में बिजली तार की चोरी करते पकड़ा गया। गिरोह में तीन लोग शामिल हैं। दो अन्य की तलाश की जा रही है।


**समाहरणालय, खूँटी**
**(समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**निविदा संख्या– 09 / 2025–26**

खूँटी जिलान्तर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करनेवाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में हरी सब्जी एवं फलों की आपूर्ति करने हेतु कार्यालय के निविदा संख्या–05 / 2025–26 द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी। उक्त आमंत्रित निविदा से हरी सब्जी एवं फलों के लिए कतिपय कारणों से पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, खूँटी में दिनांक 08.07.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। दिनांक 08.07.2025 के अपराह्न 1.00 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी (ITDA) के कार्यालय कक्ष (समाहरणालय भवन, खूँटी, "ए" ब्लॉक, कमरा नं0 – 01) में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित सामग्रियों की सूची एवं निविदा की शर्तें खूँटी जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.356086 Khunti(25-26):D — जिला कल्याण पदाधिकारी, खूँटी।


## आजसू नेता का निधन, शोक की लहर

राहे। प्रखंड के अंबाझरिया पंचायत के आजसू पार्टी के पंचायत प्रभारी 35 वर्षीय संजय मुंडा का आकस्मिक निधन बुधवार शाम को हुआ है। संजय मुंडा पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता थे। पंचायत में संगठन मजबूती ओर विस्तार के हमेशा तत्पर रहते थे। इनके निधन पर पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो, प्रभारी संजय सिद्धार्थ, बबलू खान, रंग बहादुर महतो, करम सिंह मुंडा, किरीटी महतो, प्रकाश सिन्हा, महिला अध्यक्ष मीरा महतो सहित प्रखंड कमिटी ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन



**अंनगड़ा।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी पंचायत से बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी योजना से लाभान्वित लाभुक अपने-अपने बागवानी से उपजे विभिन्न किस्म के आम के फलों के साथ भाग लिए आम्रपाली मल्लिका मालदा कृष्ण भोग स्वर्णरेखा दशहरी फजली बीजू प्रजाति आम के किस्म शामिल थे। प्रखंड परिसर में आम के फलों की प्रदर्शनी भी लगाई गई मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल सोय, जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, विधायक प्रतिनिधि श्रवण मुंडा, एतवा उरांव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अवनीद्र कुमार मुखिया पंचायत समिति सदस्य अभियंता जनसेवक पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक प्रखंड कर्मी सहित ग्रामीण उपस्थित थे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसान को सॉल ओढाकर तथा पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुराने बागवानी लाभुकों का पोस्ट प्लांटेशन से संबंधित एवं नए बागवानी लाभुकों को पौधा गढ़ा भराई, रोपण, से संबंधित प्रशिक्षण भी दिये गए।

## इटकी : शंकरी हाई स्कूल विजेता बना


फाइनल मैच की विजेता गढ़गांव स्कूल की टीम ट्रॉफी के साथ।

**इटकी।** इटकी सियार टोली स्थित फुटबॉल स्टेडियम में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। 17 वर्षीय बालक वर्ग में शंकरी हाई स्कूल और उत्क्रमित उच्च विद्यालय गढ़गांव के बीच खेले गए फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। निर्धारित समय तक दोनों ही टीम कोई गोल नहीं कर पाई, तब टाईब्रेकर का सहारा लिया गया। टाईब्रेकर में उत्क्रमित उच्च विद्यालय गढ़गांव ने शंकरी हाई स्कूल को एक गोल से पराजित कर प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता बना। वहीं 17 वर्षीय बालिका वर्ग में झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय ने फाइनल मैच जीत लिया। इसके अलावा 15 वर्षीय बालक वर्ग में सुगदा स्कूल, 12 वर्षीय बालक वर्ग में गढ़गांव और 12 वर्षीय बालिका वर्ग में मोरो स्कूल की टीम विजेता रही। पुरस्कारों का वितरण इटकी पश्चिमी मुखिया निर्मला भेंगरा, कांग्रेस के इटकी पश्चिमी अध्यक्ष अबरार इमाम और बीपीओ पम्मी सिंहा ने संयुक्त रूप से किया। टूर्नामेंट का सफल संचालन में शंकरी हाई स्कूल के खेल शिक्षक मदन कुमार ने मुख्य भूमिका निभाया। मैच का उद्घाटन मल्टी मुखिया लखन लकड़ा ने किया।

# सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड के प्रखंड संसाधन केंद्र के द्वारा दो दिवसीय सुब्रोतो मुखर्जी कप तथा लिटिल चैंपियन फुटबॉल टूर्नामेंट 2025-26 का आयोजन पीएम श्री प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के मैदान में किया गया जिसमें अंडर 12 अंडर 15 और अंडर 17 के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तमाड़, उप प्रमुख जिला परिषद तथा पंचायत समिति सदस्य ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा फीता काटकर किये। साथ ही प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तमाड़ ने अध्यक्षीय भाषण में इस टूर्नामेंट का आयोजन उद्देश्य एवं महत्व के बारे में जानकारी प्रदान किया तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी (जो इस टूर्नामेंट की मुख्य अतिथि रहे) ने कहा कि आज खेल के महत्व को बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अति आवश्यक है खेल को प्रोत्साहित करना आज के समय मे अति आवश्यक है। प्रतियोगिता के समापन के उपरांत सभी विजेता टीमों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बताया कि सभी विजेता टीमों को जिलास्तरीय सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल होने का मौका मिलेगा। उन्होंने खिलाड़ियों से जिलास्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर खेल प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी साथ ही प्रतियोगिता को सफल बनानेके लिए प्रखंड संसाधन केन्द्र तमाड़ इफ्छ कार्यालय से लेखपाल पदाधिकारी विलकन हंस, अनिमेष हर्षित, कंचन कुमारी, सुमित कुमार, सविता दास, सोनाराम मुंडा, सीता देवी, BRP आनंद महतो, CRP बीरेंद्र महतो, उषा कुमारी, ललित कुमार महतो, खेल शिक्षक जय प्रकाश सिंह मुंडा, प्रताप सिंह मुंडा बीरेंद्र प्रामाणिक शिव प्रसाद प्रेमचंद आचार्य, धनेश्वर प्रामाणिक, अर्जुन महतो, सुबोध महतो भगीरथ हजाम वैधनाथ महतो बासु देव महतो पिनाकी महतो जगदीश चंद्र महतो अंत में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मुमताज आलम द्वारा खेल के उद्देश्य महत्व शारीरिक मानसिक बच्चों को जानकारी देते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया गया।



**विभिन्न स्कूलों से आए हुए टीम से विजेता टीम इस प्रकार है**

- अंडर 12 लड़का टीम - RCPS डोड़ेया
- अंडर 12 लड़की टीम - RCPS डोड़ेया
- अंडर 15 लड़का टीम - St. Johns High School डोड़ेया
- अंडर 17 लड़की टीम - St. Johns High School डोड़ेया,
- अंडर 17 लड़का टीम - +2 High School रुगड़ी। की टीम बनी।




**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा**

**"पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना"**

एतद् द्वारा कोडरमा जिला के प्रगतिशील डेयरी कृषकों/पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड सरकार, राँची के राज्यादेश संख्या 05 रा0 दिनांक 16.06.2025 के द्वारा स्वीकृत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रगतिशील डेयरी पशुपालक अपना आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में समर्पित कर सकते हैं –

**प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् है –**

(क) वित्तीय वर्ष 2025–26 में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के माध्यम से संचालित एक वर्ष का DIPLOMA IN DAIRY TECHNOLOGY (DDT) पाठ्यक्रम। प्रशिक्षणार्थी की शैक्षणिक योग्यता कम से कम 10+2 उत्तीर्ण हो।

(ख) वित्तीय वर्ष 2025–26 में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के माध्यम से संचालित 2 माह का AWARENESS PROGRAMME ON DAIRY FARMING (APDF) पाठ्यक्रम। प्रशिक्षणार्थी की शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण हो एवं पशुपालकों के पास कम से कम 05 दुधारू पशु हो।

(ग) राज्य के बाहर प्रशिक्षण सह परिदर्शन – प्रगतिशील पशुपालकों (जिनके पास कम से कम 05 या उससे अधिक दुधारू पशु हों)

इच्छुक प्रगतिशील डेयरी कृषकों/पशुपालकों से अनुरोध है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपना आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में समर्पित करेंगें। समर्पित किये जाने वाले आवेदन पत्र को ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा करवाकर एवं पहचान पत्र (आधार कार्ड की छायाप्रति) एक पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम के बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति जिसमें खाता संख्या एवं IFSC कोड आदि जो सुस्पष्ट हो, जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में आवश्यक रूप से समर्पित करेंगें।

नोट :– प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र या विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में सम्पर्क कर सकते हैं।

PR 356075 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26).D — जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कोडरमा



**Government of Jharkhand**
**Department of Higher and Technical Education**
**(Jharkhand Council on Science, Technology and Innovation)**
Yojna Bhawan, Nepal House Campus, Doranda, Ranchi-834002 (Jharkhand)

Letter No. 244 / Ranchi, Dated 26.06.2025

**Advertisement for Engagement of Chief Mentor and Junior Mentor at Innovation Hub, Regional Science Centre, Ranchi on Contract Basis**

1. **Jharkhand Council on Science, Technology and Innovation (JCSTI)** in collaboration with **National Council of Science Museums, Ministry of Culture, Govt. of India** has established an **Innovation Hub** at the **Regional Science Center, Chiraundi, Morabadi, Ranchi**. For the effective implementation and operation of the Innovation Hub, JCSTI invites applications for the contractual engagement of **01 (One) Chief Mentor and 01 (One) Junior Mentor**, who are passionate about science, technology, and mentoring young innovators.
2. **Details of the Position:** The following shall be the positions to be filled on contract basis under this Advertisement: -

| Sl. No. | Position | Category | Maximum Age Limit (on the date of application) | Monthly Honorarium | Duration of Contract |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Chief Mentor | Unreserved | 65 Years* | Rs 42,000 | 1 Year |
| 2. | Junior Mentor | Unreserved | 30 Years | Rs 37,000 | |

*In Special cases, Maximum age limit may be enhanced to 70 Years.

3. **Mode of Application Submission**: Interested candidates are requested to submit their application through the following Google Form link: https://forms.gle/dQmEPsuYjQmAqRrc7.
4. **Important Dates:** Applicants are advised to be mindful of the key dates as mentioned below regarding application and selection of Chief Mentor and Junior Mentor.

a. **Start Date for submission of applications: 26/06/2025**
b. **Last Date for submission of applications: 14/07/2025**
c. **Publication of Shortlisted Candidates on the JCSTI Website: 21/07/2025**
d. **Personal Interview: 28/07/2025**
e. **Publication of Final Result: 31/07/2025**

5. **Eligibility**:
a. **Qualification**: 1st Class Master's in Science or Bachelor's in Engineering (Life Sciences, Physical Sciences, Computers, Electronics, Robotics, Mechanical, Mechatronics)
b. **Experience**:
i. Chief Mentor: 3 Years
ii. Junior Mentor: 1 Year

For detailed advertisement, visit jcsti.jharkhand.gov.in.

**This advertisement is published with approval from the Competent Authority.**

PR.NO.356070 Higher Education,Technical Education and Skill Development Department(25-26):D

Sd/-
(Dr. Raj Shekhar Prasad)
Executive Director, JCSTI


## इटकी में नेत्रदान के साथ भगवान का दर्शन शुरू

**इटकी।** इटकी स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ सहित अन्य विग्रह व प्रतिमाओं का गुरुवार को नेत्रदान किया गया। इसके साथ ही गत 15 दिनों से अज्ञातवास में रहे भगवान जगन्नाथ का दर्शन कार्य शुरू हो गया। 27 जून को प्रातः सात बजे रथयात्रा के मौके पर मंदिर का पट आम लोगों के दर्शनार्थ खोल दिया जायेगा। इस दौरान यहां मेला लगाया जाएगा। नेत्रदान अनुष्ठान के दौरान पंडित सुंदर श्याम तिवारी के नेतृत्व में लाल आशीष नाथ शाहदेव व लाल अश्विनी नाथ शाहदेव द्वारा भगवान जगन्नाथ के अलावा बहन सुभद्रा व भाई बलराम सहित अन्य विग्रह व प्रतिमाओं की पूजा अर्चना की गयी। महा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इधर लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने जानकारी दी कि कल प्रातः सात बजे से भगवान का दर्शन कार्य शुरू होगा। दोपहर 12 बजे महाभोग के लिए करीब आधा घंटा दर्शन का कार्य रोक दिया जायेगा। अपराह्न पांच बजे सभी विग्रह व प्रतिमाओं को रथ पर आरूढ़ किया जायेगा। महा आरती के बाद साढ़े पांच बजे इटकी बाजार, गुलजार रोड होते हुए मौसी बाड़ी मंदिर के लिए भगवान की रथ निकाली जाएगी। मौसीबाड़ी मंदिर में भगवान को स्थापित कर आरती की जायेगी। 5 जुलाई को भगवान पुनः मुख्य मंदिर लौटेंगे। नेत्रदान कार्यक्रम में लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, गौरव नाथ शाहदेव, अमित महतो, देवेंद्र महतो, पंचम महतो, कृष्णा राम तिवारी, प्रकाश महतो, श्याम कुमार सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

## बेड़ो में लगातार बारिश से सब्जी की फसल को भारी नुकसान

# वर्षा से किसान चिंतित, जिम्मेदार उदासीन


सड़क किनारे फेंका गया बैगन।


बर्बाद हो रहे टमाटर के फसल को दिखाते किसान।

**राजू कुमार सिंह**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले दस दिनों से हो रही लगातार वर्षा से सब्जी की खेती करने वाले किसानों के लिए मुसीबत बन गयी है। खेतों में जरूरत से ज्यादा पानी भर जाने से टमाटर, फूलगोभी, पत्तागोभी, लौकी, मिर्चा, कोहड़ा, बरबट्टी और लतर वाली खीरा, नेनुआ, करैला जैसी सब्जियों की फसलें फसलें जलमग्न हो गई। खेतों में नमी होने के साथ इसका सीधा असर फसलों पर पड़ा है। वहीं खेतों में तैयार फसल सड़कर बर्बाद हो गया है। किसानों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश ने सब्जी की फसलों पर कहर बरपाया है। इतनी बारिश तो बरसात के मौसम में नहीं होती है। बेड़ो सहित प्रखंड के नगड़ी टोली, चरिमा, कठरटोली, पुरियो, फादिलमर्चा, खत्री खटंगा, जरिया, टेरो, टेंगरिया, करांजी और केशा में लाखों रुपये के सब्जी बर्बाद हो गए हैं। युवा किसान पवन व चंदन का कहना है कि इस बार उन्होंने बैगन, मिर्चा व खीरा की सब्जियों की खेती की थी। तीनों ही फसलें तैयार थे लेकिन लगातार हुई बारिश से उनकी सब्जी की खेती को काफी नुकसान पहुंचा है। इधर प्रखंड के किसानों में बलदेव महतो, पंचम महतो, बजरंग महतो, टुकरु उरांव, महादेव उरांव, पंकज कुजूर, जीतू उरांव, विशेश्वर मिंज, सोहराई उरांव, बुधराम महतो, चंदन महतो, ईश्वर महतो, दिनेश महतो, खदी उरांव, संजय उरांव, बंधना उरांव, हुसैन अंसारी, घनश्याम धान, पीटर मिंज, पवन महतो, विकास महतो आदि किसानों के अनुसार सब्जी के फसल तैयार थे। इसी बीच लगातार बारिश से खेतों में पानी का जमाव हुआ और पौधे गल गए। जिससे किसानों की उम्मीदें भी खत्म हो गई। जबकि प्रखंड क्षेत्र में कोई रोजगार के संसाधन नहीं है। सब कुछ सब्जी की खेती पर ही निर्भर है। जहां बड़े पैमाने पर सब्जियों की खेती की जाती है। यहां की सब्जियां दूर-दूर तक सप्लाई होती हैं। लेकिन अब तक बारिश ने सब्जियों की खेती के लिए कहर बरपायी है। जिससे फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया की वे बैंक से केसीसी लोन लेकर अच्छी कमाई की उम्मीद के साथ सब्जी की खेती की थी। लेकिन इसमें पानी फिर गया। इससे किसानों की चिन्ता बढ़ गई है। दुकानदार व बैंक का कर्ज से अब कैसे मुक्ति मिलेगी, इसकी चिंता सता रही है। वहीं किसानों ने मुख्यमंत्री से मुआवजे की गुहार लगाई है। इधर नगड़ी टोली व करांजी के किसानों के द्वारा गुरुवार साप्ताहिक बाजार में बेचने के लिए तोड़ी गई बैगन की फसल के खराब होने पर फेंक कर चले गए। किसानों का कहना था कि वर्षा से बैगन में दाग लग जाने के कारण व्यापारियों ने खरीददारी नही किया। जिससे वैसी फसलों को किसान फेंक कर चले गए। वहीं सब्जी के खराब होने के कारण किसान सड़क के किनारे सब्जी फेंकने पर मजबूर है।


E-mail - mdjscb@jscb.gov.in — Ph. No. 0651-2913111

**JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LTD, RANCHI**
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001

Ref. : 816 — Date:26.06.2025

**FORM A**
**BALANCE SHEET AS ON 31ST MARCH' 2025**

| PARTICULARS | SCHEDULE NO. | As on 31.03.2025 | As on 31.03.2024 |
|---|---|---|---|
| **CAPITAL & LIABILITIES** | | | |
| Capital & Grants | 1 | 1,63,09,07,222.51 | 1,62,94,98,572.51 |
| Reserves & Surplus | 2 | 75,19,40,086.00 | 61,28,00,886.35 |
| Deposits | 3 | 26,24,61,26,034.44 | 23,62,40,65,450.38 |
| Borrowings | 4 | 8,78,97,42,249.57 | 8,70,07,89,894.57 |
| Other Liabilties & Provisions | 5 | 3,89,00,52,468.27 | 3,65,90,95,107.70 |
| | **TOTAL** | **41,30,87,68,060.79** | **38,22,62,49,911.51** |
| **ASSETS** | | | |
| Cash & Balances with RBI | 6 | 16,74,53,167.06 | 14,65,09,711.69 |
| Balance with Banks & Money at call & short notice | 7 | 16,18,20,41,069.13 | 13,26,67,54,437.89 |
| Investments | 8 | 10,62,57,03,762.35 | 10,95,49,18,395.35 |
| Advances | 9 | 11,41,38,99,428.15 | 11,11,12,49,878.37 |
| Fixed Assets | 10 | 43,58,78,701.48 | 42,59,10,771.82 |
| Other Assets | 11 | 2,48,37,91,932.62 | 2,32,09,06,716.39 |
| | **TOTAL** | **41,30,87,68,060.79** | **38,22,62,49,911.51** |
| Contingent Liabilities | 12 | 13,83,61,112.13 | 10,28,13,471.39 |
| Off Balance Sheet Item | 17 | 43,14,12,718.11 | 43,14,12,718.11 |

**FORM-B**
**FORM OF PROFIT AND LOSS ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED 31ST MARCH' 2025**

| PARTICULARS | SCHEDULE NO. | As on 31.03.2025 | As on 31.03.2024 |
|---|---|---|---|
| **INCOME** | | | |
| Interest Earned | 13 | 2,72,37,75,163.97 | 2,43,37,12,970.11 |
| Other Income | 14 | 9,87,22,336.76 | 9,52,19,589.31 |
| | **TOTAL** | **2,82,24,97,500.73** | **2,52,89,32,559.42** |
| **EXPENDITURE** | | | |
| Interest Expended | 15 | 1,57,98,00,120.81 | 1,31,70,14,745.74 |
| Operating Expenses | 16 | 54,50,08,672.31 | 48,62,31,531.15 |
| Provisions & Contingencies | | 5,58,99,835.05 | 5,88,22,179.46 |
| | **TOTAL** | **2,18,07,08,628.17** | **1,86,20,68,456.35** |
| **PROFIT/LOSS ( I -II )** | | | |
| **Net Profit /Loss for the year** | | 64,17,88,872.56 | 66,68,64,103.07 |
| **PROVISION FOR TAXATION** | | | |
| **Provision for Current Year Taxation** | | 28,24,58,071.96 | - |
| **PROFIT /LOSS AFTER TAXATION (III - IV)** | | 35,93,30,800.60 | 66,68,64,103.07 |
| **PROFIT/LOSS BROUGHT FORWARD OF THE PREVIOUS YEAR** | | (22,09,11,400.95) | (88,77,75,504.02) |
| **PROFIT AFTER TAXATION (V-VI)** | | 13,84,19,399.65 | (22,09,11,400.95) |

In terms of our even date attached to the balance sheet for D. N. Dokania & Associates

Sd/- **Anup Tigga** (A.M. Accounts) | Sd/- **S.K.Dhiraj** (Manager Accounts & Audit) | Sd/- **Dilip Kumar** (Manager Credit) | Sd/- **Sanjay Kumar Singh** (C.E.O.) | Sd/- **Smt Bibha Singh** (Chairperson) | Sd/- **CA.Mantosh Kumar Singh** MN: 429420 FRN: 050042C

# अंतरिक्ष में उड़ान

भारतीय शुभांशु शुक्ला का रवाना होना, निश्चय ही भारत के लिए अंतरिक्ष में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह गर्व की बात है कि स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा के अंतरिक्ष में कदम रखने के 41 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में पहुंचा है। दरअसल, ह्यूस्टन स्थित एक्सियम स्पेस नामक अमेरिकी कंपनी ने यह मिशन नासा व स्पेस एक्स के साथ मिलकर शुरू किया है। इस मिशन में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ पौलेंड, हंगरी व अमेरिका के अंतरिक्ष यात्री भी हैं। यूं तो अंतरिक्ष यात्रियों में कल्पना चावला व सुनीता विलियम्स का नाम लिया जाता है, लेकिन वे भारतीय मूल की थीं, भारतीय नहीं। दरअसल, एक्सियम-4 का सफल प्रक्षेपण इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे भारत के महत्वाकांक्षी मानव मिशन गगनयान की पहली सीढ़ी माना जा रहा है। इस मिशन के अनुभवों से गगनयान अभियान की सफलता में मदद मिलेगी। दरअसल, गगनयान भारत का पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसके तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को 2027 में अंतरिक्ष मिशन पर भेजा जाना है। एक्सियम-4 मिशन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच हुए समझौते ने गति दी थी। जिसके चलते हम चार दशक बाद किसी दूसरे भारतीय को अंतरिक्ष में भेजने में सफल हो सके। कई तकनीकी कारणों से इस उड़ान में विलंब हुआ, लेकिन अंततः अंतरिक्ष यान का सफल प्रक्षेपण संभव हुआ। दरअसल, गगनयान के अलावा इसरो भारत के कई महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों पर तेजी से काम कर रहा है। इसमें वर्ष 2035 तक एक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाना और किसी भारतीय को चांद पर भेजना शामिल है। एक अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को जो अनुभव मिलेंगे, उसका लाभ हमारे भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों को कामयाब बनाने में मिलेगा।




**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8


**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# रेअर अर्थ पर आत्मनिर्भरता जरूरी





- हरीश शिवनानी

**रेयर अर्थ** पर आज चीन का दबदबा वैश्विक चुनौती है। भारत सहित कई देशों को अपनी आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने के लिए इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। पहली बार मोदी सरकार ने रेयर अर्थ पर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम उठाए हैं। यह आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए जरूरी भी है। भारत और अमेरिका सहित अनेक देश इस कवायद में लगे हुए हैं। रेअर अर्थ धरती के गर्भ में पाए जाने वाले दुर्लभ खनिज हैं। इनके बगैर ऑटोमोबाइल और सैन्य-रक्षा सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का निर्माण संभव नहीं।

रेअर अर्थ की श्रेणी में आने वाले दुर्लभ खनिज केवल वाणिज्यिक,औद्योगिक संसाधन मात्र नहीं हैं, ये तकनीकी संप्रभुता, रक्षा तैयारियों और भविष्य की औद्योगिक,आर्थिक व सैन्य महाशक्ति बनने की संभावनाओं की नींव हैं। इनमें भी रेअर अर्थ मैग्नेट खासा महत्वपूर्ण है। रेअर अर्थ मेटल 17 धातु तत्वों का एक समूह है। इसमें 15 लैंथेनाइड्स धातुओं के अलावा स्कैंडियम और यिट्रियम शामिल हैं। इनमें चुंबकीय, ल्यूमिनसेंट और इलेक्ट्रोकेमिकल के विशेष गुण होते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक उच्च तकनीक उद्योग में किया जाता है।

स्मार्टफोन, लैपटॉप और इलेक्ट्रिक वाहन बनाने के साथ मिसाइल, राडार और अत्याधुनिक हथियार बनाने के लिए दुर्लभ खनिज ही चाहिए। इसके अलावा रिन्यूवल एनर्जी, विंड टर्बाइन और सोलर पैनल, सुपर कंडक्टर, हाइ प्लग्स, मैग्रेट, इलेक्ट्रिक पॉलिसिंग, ऑयल, रिफाइनरी में केटिलिस्ट, हाइब्रिड कलर कंपोनेंट एवं बैटरी, लैजर, एयरोस्पेस के लिए भी ये ह्यअनिवार्य तत्वह्न हैं। रेअर अर्थ मैग्नेट सामान्य आयरन मैग्नेट से 20 गुना अधिक ताकतवर होता है और कारों तथा कई अन्य उपकरणों में लगने वाली इलेक्ट्रिक मोटरों को बनाने के लिए जरूरी है।

यूएस भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण डेटा पर आधारित एक नए ग्लोबल मैप के मुताबिक यूं तो कई देशों में इन दुर्लभ तत्वों के भंडार हैं लेकिन सर्वाधिक चीन में 44 मिलियन मीट्रिक टन भंडार है। चीन के बाद अफ्रीका,मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका में प्रचुर मात्रा में जस्ता, लिथियम और कोबाल्ट के भंडार हैं, जो रिन्यूवल एनर्जी के लिए सबसे ज्यादा जरूरी हैं। वहीं चिली और ब्राजील में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आवश्यक लिथियम भंडार हैं तो यूक्रेन में टाइटेनियम और लिथियम और ग्रीनलैंड में दुर्लभ अर्थ मेटल्स और प्राकृतिक गैस के विशाल भंडार हैं।

> इसी उद्देश्य के साथ इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड ने सरकार से घरेलू स्तर पर प्रसंस्करण और रिफाइनिंग की क्षमता विकसित करने के लिए चार नए खदानों की मंजूरी मांगी है। इसी रणनीति के तहत ओडिशा में एक एक्सट्रैक्शन प्लांट और केरल में एक रिफाइनिंग यूनिट भी स्थापित की गई है। राजस्थान के जोधपुर संभाग के बालोतरा क्षेत्र की सिवाना और आसपास की पहाड़ियों में इन दुर्लभ खनिजों की मौजूदगी की उम्मीद है।

दिक्कत यह है कि इन देशों में इसकी खुदाई और प्रोसेसिंग बहुत महंगी है। इससे भारी मात्रा में प्रदूषण भी निकलता है। इन सब में चीन के पास ही इनकी प्रोसेसिंग की क्षमता है। वर्तमान में दुलर्भ पृथ्वी धातुओं का 61 प्रतिशत भंडार चीन में है और पूरी दुनिया में 90 फीसदी वही निर्यात करता है। इन तत्वों को एक-दूसरे से अलग करना बेहद जटिल है। इसीलिए इन्हें रेअर माना जाता है। रेअर अर्थ की वैश्विक सप्लाई चेन में चीन का दबदबा है। आधुनिक इंडस्ट्री में इनका महत्व यों समझा जा सकता है कि चीन ने जब अप्रैल में रेअर अर्थ मैग्नेट समेत छह तरह के बहुमूल्य धातुओं के निर्यात पर रोक लगाने का फैसला किया तो वैश्विक कंपनियों में खलबली मच गई और ऑटोमोबाइल उद्योग को विशेष रूप से झटका लगा क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले शक्तिशाली इंजन मैग्नेट नियोडिमियम से बनते हैं।

भारत में भी टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज मोटर्स दबाव में आ गए। सुजूकी कंपनी को अपनी स्विफ्ट कार का निर्माण कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा। ऐसा नहीं है कि भारत में ये दुर्लभ तत्व नहीं मिलते। भारत के पास तो विश्व में पांचवां सबसे बड़ा दुर्लभ खनिज भंडार है-करीब 6.9 मिलियन मीट्रिक टन। दुनिया में भारत की हिस्सेदारी छह फीसदी है। इनमें केरल में थोरियम सैंड के अलावा आंध्र प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान में भी इसके भंडार हैं। लेकिन दुनिया भर की आपूर्ति का भारत में महज एक प्रतिशत हिस्सा ही उत्पादित होता है। इन खनिजों की तलाश, खदान का काम अब तक मोटे तौर पर सरकार के जिम्मे रहा है।

ब्यूरो आफ माइंस और परमाणु ऊर्जा विभाग यह काम करते रहे हैं। खनन और शोधन का काम इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड के पास रहा है लेकिन यह विडंबना है कि भारत अभी ऐसी तकनीक, मैकेनिज्म नहीं खड़ा कर पाया है जो इन खनिजों से मैग्नेट बनाकर खुद की जरूरतें पूरी कर सके। भारत में जितने भी दुर्लभ अर्थ मैग्नेट उपयोग में आते हैं, वे अधिकतर चीन से आयात किए जाते हैं। वर्ष 2023-24 में भारत ने 2270 टन और पिछले वित्तीय वर्ष में करीब 53,748 मीट्रिक टन मैग्नेट आयात किए। इनका करीब अस्सी फीसदी चीन से ही आयात हुआ।

इस हालात को देखते हुए भारत ने अपने दुर्लभ खनिजों को रणनीतिक संपत्ति की तरह देखना शुरू कर दिया है। इसी रणनीति के चलते भारत ने पिछले 13 वर्षों से जापान के साथ चल रहे समझौते को निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसके तहत इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड द्वारा खनन किए गए दुर्लभ खनिज, विशेषकर नियोडिमियम जापान भेजे जाते थे, लेकिन भारत ने तय किया है कि वह अपने घरेलू उद्योगों की जरूरतों को प्राथमिकता देगा और चीन पर निर्भरता कम करेगा।

इसी उद्देश्य के साथ इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड ने सरकार से घरेलू स्तर पर प्रसंस्करण और रिफाइनिंग की क्षमता विकसित करने के लिए चार नए खदानों की मंजूरी मांगी है। इसी रणनीति के तहत ओडिशा में एक एक्सट्रैक्शन प्लांट और केरल में एक रिफाइनिंग यूनिट भी स्थापित की गई है। राजस्थान के जोधपुर संभाग के बालोतरा क्षेत्र की सिवाना और आसपास की पहाड़ियों में इन दुर्लभ खनिजों की मौजूदगी पर केंद्र सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग की आधिकारिक पुष्टि के बाद जोधपुर में रेअर अर्थ एक्सीलेंस सेंटर बनाने का प्रस्ताव भी सरकार के पास है।

बालोतरा में 1 लाख 11 हजार 845 टन दुर्लभ मृदा तत्व ऑक्साइड मिलने की संभावना है। भारत का लक्ष्य है कि 2026 तक वह 450 मीट्रिक टन नियोडिमियम का उत्पादन करे और 2030 तक इसे दोगुना कर दे। भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए यह अब अनिवार्य हो गया है कि दुर्लभ तत्वों की तकनीक में अपने धुर प्रतिद्वंद्वी देश पर निर्भरता को घटाते हुए आत्मनिर्भरता के प्रयास किए जाएं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### शिक्षा का अर्थ

शिक्षा का अर्थ केवल एक निश्चित पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों तक पहुंचाना नहीं होता, बल्कि नैतिकता का पाठ भी पढ़ाना होता है। भारतीय शिक्षा पद्धति का आधार नैतिक चरित्र ही रहा है। ज्ञान में किया गया निवेश सर्वश्रेष्ठ होता है। शिक्षा व्यक्ति में निहित प्रतिभा को निखारती है। शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं, बल्कि स्वयं ही जीवन है।

**-अनूप कुमार, रांची**

### किसानों की नाराजगी

भारतीय किसान यूनियन और पंजाब सरकार के बीच टकराव का उल्लेख है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान किसानों की मांगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए भी भारतीय किसान यूनियन की बैठक छोड़कर चले गए। इसके बाद किसान यूनियन ने आंदोलन का ऐलान किया, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हुई। पंजाब सरकार को हड़ताली कर्मचारियों की समस्याओं को सहानुभूति से हल करना चाहिए। **- रवि, रांची**

## ट्वीट

**अमित शाह** ने आगे कहा अभी अभी फैशन है संविधान लहराने की। यह संविधान के हिसाब से सरकार का या सरकार का या किसी भी निजी संस्था का कोई पर कोई भी फैसला मान्यवर कायदे की कोर्ट से बाहर कैसे हो सकता है? कोई भी फैसला हो, यह देश की अदालत वह फैसले तक रुचि नहीं रखेगी। नागरिक जीवन से लेकर कहां जाएंगे, जिसकी भूमि हड़प कर ली गई, वह कहां जाएगा? ऐसा नहीं चलेगा. आपकी वोट बैंक के लिए आपने क्या किया था?

**- अमित शाह, गृह मंत्री**

# पेड़ काटना मानव हत्या के समान

पर्यावरण

- राकेश दुबे



अब यह समझ लेना जरूरी है कि कोई कानून और पेड़ों को हल्के में न ले। देश में लगातार जारी पेड़ों की अवैध कटाई के खिलाफ सख्त रवैया अख्तियार करते हुए देश की शीर्ष अदालत ने कहा है कि एक पेड़ का कटना इंसान की हत्या से भी बदतर है। कोर्ट ने आरोपी व्यक्ति को नये पौधे लगाने की अनुमति तो दी, लेकिन काटे गए 454 पेड़ों के बदले प्रति पेड़ एक लाख रुपये के हिसाब से लगाया जुमार्ना कम करने से इनकार कर दिया। ऐसा कोर्ट ने अभियुक्त के गलती स्वीकारने और माफी मांगने के बावजूद किया।

इसके जरिये कोर्ट ने साफ संदेश दिया कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों को कोई रियायत नहीं दी जाएगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने स्पष्ट संदेश दिया कि संबंधित प्राधिकारी की आज्ञा के बिना पेड़ काटने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि ताजमहल व अन्य पुरातात्विक इमारतों के संरक्षण के लिये बनाये गए ताज ट्रेपोजियम क्षेत्र में 454 पेड़ कटवा दिए गए थे। दरअसल, कोर्ट ने इस मामले में एमिकस क्यूरी के रूप में सहयोग कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एडीएन राव के इस सुझाव पर सहमति जतायी कि कोई कानून और पेड़ों को हल्के में न ले। वहीं, जुमार्ना लगाने के बाबत भी कोर्ट ने मानक तय किया कि इसमें किसी तरह रियायत नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने इस बात को लेकर भी चिंता जतायी कि जो पेड़ काटे गए हैं, उसकी जगह नये पेड़ लगाने के बावजूद इसकी क्षतिपूर्ति में सौ साल लग जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील संरक्षित ताज ट्रेपोजियम क्षेत्र में अदालत ने पेड़ काटने पर वर्ष 2015 से ही प्रतिबंध लगा रखा था। इसके बावजूद अदालत की अनुमति के बिना सैकड़ों पेड़ काट डाले गए। जिसके बाद न्यायालय ने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति यानी सीईसी की वह रिपोर्ट स्वीकार कर ली कि बीते वर्ष 454 पेड़ काटने वाले व्यक्ति पर प्रति पेड़ के हिसाब से एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया जाए।

कोर्ट ने अभियुक्त की तरफ से पेश वकील वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की वह दलील ठुकरा दी कि अभियुक्त ने गलती मानते हुए माफी मांग ली है, तो उसे जुमार्ना कम करके राहत दी जाए। हालांकि कोर्ट ने पास के किसी स्थान पर पौधरोपण करने की अनुमति जरूर प्रदान कर दी है।

ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के चलते तापमान में निरंतर वृद्धि जारी है, वृक्षों का होना प्राणवायु का जरिया ही है। जो हमें शहरों के कंक्रीट के जंगल से उत्पन्न खतरों से बचाते हैं। खासकर पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण इलाकों में उनकी दोहरी भूमिका है। ऐसे में नीति-नियंताओं को सोचना होगा कि कैसे किसी व्यक्ति को संवेदनशील इलाके में पेड़ काटने की अनुमति दी गई। निरंतर बढ़ते तापमान के दौर में वृक्षों के प्रति संवेदनशीलता शासन-प्रशासन के साथ समाज में भी होनी चाहिए। उत्तराखंड में चिपको आंदोलन और राजस्थान में खेजड़ी वृक्षों को बचाने के लिये लोगों के त्याग व संघर्ष को हमें याद रखना चाहिए। जनता का कड़ा प्रतिरोध भी वृक्षों की रक्षा करने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

# जगन्नाथ रथ यात्रा : मोक्ष की राह पर श्रद्धा का विराट उत्सव

धर्म

जीवीएस शास्त्री

**भारत** की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं अनादि काल से मानवता को आध्यात्मिकता, समरसता और भक्ति की राह पर चलने की प्रेरणा देती आई हैं। इन्हीं पवित्र परंपराओं में एक है उड़ीसा के पुरी में निकलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा, जो केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि करोड़ों आस्थाओं, परंपराओं और लोक मान्यताओं का प्रतीक है। हर साल की तरह इस वर्ष भी यह यात्रा अपार श्रद्धा और भक्ति के साथ 27 जून को प्रारंभ हो रही है। हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से शुरू होने वाली यह यात्रा नौ दिनों तक चलेगी और 5 जुलाई को समाप्त होगी। इस दौरान भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ भव्य रथों पर सवार होकर पुरी के मुख्य मंदिर से निकलकर मौसी के घर गुंडिचा मंदिर तक की यात्रा करते हैं। यह आयोजन न केवल भारत के सबसे प्राचीन धार्मिक उत्सवों में से एक है बल्कि विश्व के सबसे बड़े वार्षिक सार्वजनिक आयोजनों में भी इसकी गिनती होती है, जिसमें लाखों श्रद्धालु देश-विदेश से भाग लेने आते हैं।

पुरी का जगन्नाथ मंदिर भारत के चार प्रमुख धामों (बद्रीनाथ, द्वारका, रामेश्वरम और पुरी) में से एक है। यह मंदिर न केवल वास्तुकला की दृष्टि से विशिष्ट है बल्कि इसकी महत्ता धार्मिक ही नहीं, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी अत्यंत विशिष्ट है। भगवान जगन्नाथ को विष्णु के अवतार के रूप में पूजा जाता है और यह मंदिर उनके भाई बलभद्र तथा बहन सुभद्रा के साथ विराजने वाले एकमात्र मंदिर के रूप में प्रसिद्ध है। रथ यात्रा के माध्यम से यह ह्यत्रिदेवह्न जब मंदिर की सीमाओं से बाहर निकलते हैं तो भक्तों के लिए यह अवसर होता है प्रभु को निकट से देखने, उनके रथ को खींचने और मोक्ष की दिशा में एक कदम बढ़ाने का। इस रथ यात्रा की परंपरा का उल्लेख स्कंद पुराण, ब्रह्म पुराण और अन्य पुरातन ग्रंथों में मिलता है। मान्यता है कि रथ यात्रा में भाग लेने और विशेषकर रथ खींचने से समस्त पापों का नाश होता है और व्यक्ति को जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति मिलती है। यह यात्रा मानवीय समर्पण और भक्ति की पराकाष्ठा का जीवंत प्रदर्शन है, जहां हर कोई, चाहे वह राजा हो या आमजन, एक ही पंक्ति में खड़ा होकर भगवान की सेवा करता है।

रथ यात्रा की सबसे अनूठी परंपरा है ह्यछेराह्न की रस्म। यह रस्म रथ यात्रा के पहले दिन पुरी के राजा द्वारा निभाई जाती है, जिसमें वे सोने की झाड़ू से तीनों रथों की सफाई करते हैं। इस परंपरा का आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश अत्यंत गहन है। एक राजा, जो स्वयं राज्य का सर्वोच्च होता है, भगवान के समक्ष स्वयं को एक सेवक मानकर झाड़ू लगाता है। यह प्रतीक है भगवान के समक्ष सभी के समान होने का, जहां न कोई ऊंचा है, न कोई नीचा। यह सामाजिक समरसता का वह आदर्श उदाहरण है, जो आज के समाज में अत्यंत आवश्यक है। जब लाखों की भीड़ ह्यजय जगन्नाथह्न के उद्घोष के साथ इन रथों को खींचती है, तब वह केवल रथ नहीं खींच रही होती, वह अपनी भक्ति, आस्था, सेवा और आत्मशुद्धि की भावना को आगे बढ़ा रही होती है।

भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा के रथों को नंदीघोष, तालध्वज और दर्पदलन कहा जाता है, जिन्हें हर वर्ष नए सिरे से विशेष प्रकार की नीम की लकड़ी से निर्मित किया जाता है। इन रथों का निर्माण विशेष रीति-रिवाज और शास्त्र सम्मत विधियों से होता है, जिसमें सैंकड़ों शिल्पकार और सेवक कई महीनों तक जुटे रहते हैं। हर रथ की अपनी आकृति, रंग, ध्वज और प्रतीक होते हैं, जो देवताओं के स्वरूप और गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**जय जगन्नाथ। आज भगवान जगन्नाथ इसी रथ से अपने स्थान को प्रस्थान करेंगे। तस्वीर अजय सानी की**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### श्री अग्रसेन स्कूल में खुला इंटरैक्ट क्लब



भुरकुंडा (रामगढ़)। युवाओं में नेतृत्व कौशल विकसित करने के उद्देश्य से गुरुवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में इंटरैक्ट क्लब का उद्घाटन रोटरी रांची के अध्यक्ष गौरव बागरॉय एवं अन्य ने संयुक्त रूप से किया। बागरॉय ने कहा कि आज आप सब जिम्मेवारियों से बंध गए हैं। आपको नेतृत्व का अवसर मिल रहा है। लेकिन जीवन में हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि नेतृत्व का मतलब सत्ता नहीं होता है। बल्कि इसका मतलब होता है दूसरों को सशक्त बनाना, ताकि एक बेहतर दुनिया बनाई जा सके। सदैव स्वयं से ऊपर सेवा के मूल्य को याद रखें। मौके पर रोटरी रांची के पूर्व अध्यक्ष सह विद्यालय सचिव प्रवीण राजगढ़िया, रश्मि अग्रवाल, आस्था बहल, मुख्तार सिंह आदि उपस्थित थे।

### भुरकुंडा में लड़कियों को मिला लहंगा



भुरकुंडा (रामगढ़)। सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को गुरुवार को भदानीनगर में चार स्थानों पर लहंगा वितरण किया गया। चिकोर निवासी तिलानाथ महतो की पुत्री संजना कुमारी, बरघुटवा निवासी बाबूलाल करमाली की पुत्री रानी कुमारी, हरिहरपुर निवासी श्रीराम मुंडा की पुत्री अनुप्रिया कुमारी तथा पाली निवासी नरेश उरांव की पुत्री मीना कुमारी को यह सौगात प्रदान की गई। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र करमाली, मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, अनूप ठाकुर, मुखिया गीता देवी,मोती नारायण सिंह, राजेंद्र मुंडा, अनिल सिंह खरवार, सोनू कुशवाहा, राजेंद्र ठाकुर, चैता करमाली, भरत महतो, नारायण करमाली, गणेश करमाली, भूलेंद्र महतो, आनंद कुमार सहित संबंधित परिवारों के माता-पिता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

### आनंद साईं दरबार में भंडारा संपन्न



रामगढ़। राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का 15वां स्थापना दिवस समारोह गुरूवार को भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। पुजारी राजेश पांडे ने यजमान अमित सिन्हा एवं नंदकिशोर गुप्ता के हाथों विधि पूर्वक पूजन संपन्न करवाया। पूजा के क्रम में यजमानों ने साईं बाबा से रामगढ़ जिले की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत 12:00 बजे से भव्य भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे में हजारों की संख्या में साईं भक्त शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा, खोगेन्द्र साव, उपेंद्र साव, अजीत कुमार, आनंद प्रताप सिंह, सुरेश सिंह, मल्लिका दत्ता, शीतल सिंह, दिव्या कुमारी, रानी देवी, रेखा देवी, आशा कुमारी, सोनी कुमारी, अनिता पाठक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### भुरकुंडा में संयुक्त मोर्चा ने किया प्रदर्शन



भुरकुंडा (रामगढ़)। विस्थापित प्रभावित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र संयुक्त मोर्चा ने गुरुवार को भुरकुंडा परियोजना कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर लोकल सेल में विस्थापितों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग उठाई। मोर्चा के सैकड़ों कार्यकताओं ने हक-अधिकार को लेकर जोरदार नारेबाजी की और प्रबंधन पर उपेक्षा का आरोप लगाया। धरना को संबोधित करते हुए मोर्चा के अध्यक्ष मनोज राम ने कहा कि भुरकुंडा परियोजना प्रबंधन द्वारा विस्थापितों को रोजगार से वंचित रखा जा रहा है, जिससे स्थानीय बेरोजगारी की समस्या विकराल होती जा रही है।

### सेवटा हनुमान मंदिर में हरि कीर्तन



कुजू। सेवटा स्थित हनुमान मंदिर की 14 वीं वर्षगांठ गुरुवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान यज्ञाचार्य विकास पांडेय, अयोध्या पांडेय एवं सुबोध पांडेय द्वारा यजमान बने समाजसेवी नरेश प्रसाद साहू एवं उनकी धर्मपत्नी कौशल्या देवी (पार्षद) के हाथों पूजा अर्चना कराया गया। 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का उद्घाटन नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने किया। इस बीच श्रीकृष्णा युवा क्लब पोचरा कीर्तन मंडली संरक्षक दामोदर यादव के नेतृत्व में आए पुरुष कलाकार एवं झालदा पुरुलिया की महिला कीर्तन मंडली की टीम के द्वारा हरे राम, हरे कृष्णा का जाप प्रारंभ की गई।

### सांढ़ पंचायत में नशा मुक्ति अभियान



बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ पंचायत में नशा के खिलाफ एक मजबूत संदेश देने के लिए गुरुवार को एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान की अगुवाई मुखिया सुलेखा कुमारी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत सांढ़ उत्क्रमित मध्य विद्यालय से शिवाडीह पीएम श्री उच्च विद्यालय तक निकाली गई प्रभात फेरी से हुई। फेरी के माध्यम से ग्रामीणों को नशा के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। अभियान का उद्देश्य पंचायत को पूरी तरह नशामुक्त बनाना है। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया भीखन महतो ने कहा कि समाज को नशा से मुक्त करने की शुरूआत घर से होती है। जब प्रत्येक व्यक्ति खुद नशा से दूर रहेगा, तभी उसका परिवार और समाज स्वस्थ बन पाएगा। प्रभात फेरी के दौरान सभी उपस्थित महिला और पुरुषों ने शपथ ली कि वे न तो खुद नशा करेंगे, न ही किसी को करने देंगे। साथ ही समाज में नशा के खिलाफ निरंतर अभियान चलाने का संकल्प भी लिया गया। इस मौके पर बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, मुखिया सुलेखा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद, उपमुखिया हेमंती देवी, गिन्नी वर्मा, गुरुदयाल कुमार, जिज्ञासु राम, प्रकाश कुमार, जलसहिया नेहा कुमारी, रेखा कुमारी, विकास कुमार, शिक्षिका उचित्रा सिंह, शिक्षक विष्णु दयाल कुशवाहा, कृष्ण कुमार, दशरथ महतो, उमेश दांगी, प्रमोद कुमार, और दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। सांढ़ पंचायत की यह पहल समाज को एक सकारात्मक दिशा देने वाला कदम मानी जा रही है।

# अस्पताल में नहीं होगी अफरातफरी

## मे आई हेल्प यू टीम बनी मरीजों की मसीहा

**हजारीबाग के डीसी शशि प्रकाश सिंह की कार्यशैली बन रही है मिसाल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




हजारीबाग। जिला प्रशासन इन दिनों तेजी से बदलता नजर आ रहा है, और इस बदलाव की अगुवाई कर रहे हैं उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह। एक सामान्य पदस्थापना की तरह नहीं, बल्कि मिशन मोड में जिले की जिम्मेदारी संभालने वाले इस तेजतर्रार अफसर ने अपने पहले ही महीने में यह जता दिया है कि वे सिर्फ कुर्सी की गरिमा निभाने नहीं, बल्कि जमीन पर असर छोड़ने आए हैं। चाहे वह स्वास्थ्य व्यवस्था को चुस्त करना हो, जन वितरण प्रणाली में अनुशासन लाना हो, या फिर भ्रष्टाचार और लापरवाही पर सीधे कार्रवाई, शशि प्रकाश सिंह की कार्यशैली बिलकुल स्पष्ट है कि सिस्टम को दुरुस्त करो, लोगों को राहत दो और जवाबदेही तय करो। उनके द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में शुरू की गई मे आई हेल्प यू टीम इस सोच की एक झलक भर है। एक ऐसा अस्पताल जो अब तक अव्यवस्था, भीड़ और गुटबाजी का अड्डा बनता जा रहा था, वहां आज मरीजों की मदद के लिए प्रशिक्षित कर्मियों की टीम तैनात कर दी गई है। यह निर्णय सिर्फ प्रशासनिक नहीं, एक मानवीय सोच से उपजा हुआ कदम है, जो सीधे आम जनता को राहत पहुंचा रहा है।सफेद टी-शर्ट में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की एक समर्पित टीम ओपीडी से लेकर इमरजेंसी तक हर मरीज को हाथों-हाथ ले रही है, रास्ता दिखा रही है, फॉर्म भरवा रही है, जांच की लाइन समझा रही है और दवा वितरण तक में साथ दे रही है। खासकर बुजुर्ग, दिव्यांग और ग्रामीण क्षेत्रों से आए अनपढ़ मरीजों को अब भटकना नहीं पड़ता।यह पहल सिर्फ एक व्यवस्था नहीं, एक संवेदनशील सोच हैजो मरीज को अस्पताल की भीड़ नहीं, बल्कि सम्मानित अतिथि की तरह देखती है। प्रशासन का लक्ष्य है कि आने वाले महीनों में इस टीम को हर विभाग में और अधिक मजबूती से फैलाया जाए, ताकि कोई भी मरीज इलाज से वंचित न रहे। ज्ञात हो कि हजारीबाग को ऐसे ही नेतृत्व की दरकार थी जो केवल फाइलें न देखे, बल्कि फील्ड में जाकर हकीकत परखने की हिम्मत रखता हो। अगर यही रफ्तार रही, तो आने वाले दिनों में हजारीबाग सिर्फ झारखंड ही नहीं, पूरे देश के लिए सुशासन का उदाहरण बन सकता है। चंद दिनों में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, अब सिर्फ एक अफसर नहीं, एक उम्मीद का नाम बन चुके हैं।

# छह अपराधी गिरफ्तार

## भुरकुंडा रेलवे साइडिंग पर फायरिंग मामले में रामगढ़ पुलिस को मिली कामयाबी

**दो पिस्टल, सात गोली, बाइक और पांच मोबाइल बरामद**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** जिले के भुरकुंडा रेलवे साइडिंग पर फायरिंग मामले में छह अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से दो पिस्टल, सात गोली, घटना में प्रयुक्त की गई बाइक और पांच मोबाइल जब्त किया गया है। इस मामले की जानकारी गुरुवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। एसपी ने बताया कि 13 जून को भुरकुंडा रेलवे साइडिंग पर बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे थे। नकाबपोश अपराधियों में से एक बाइक से उतरा और वहां पांच राउंड गोली चलाकर फरार हो गया। पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में बनी एसआईटी ने अपराधियों को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान घटना में शामिल शूटर सुजीत डोम को उसके घर रिवर साइड, बुध बाजार, भुरकुंडा से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान सुजीत ने घटना में शामिल अन्य व्यक्तियों के नाम भी बताया । उसने बताया कि गोलीबारी रंगदारी वसूलने के उद्देश्य से की गई थी। इस कांड के पीछे इनामुल अंसारी, मजहर अंसारी, आजाद अंसारी, कुणाल कुमार उर्फ बादल सिंह और बसंत मुंडा उर्फ गुल्टू की संलिप्तता रही है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर अन्य सभी पांच अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि गोलीकांड में बाइक चलाने वाला व्यक्ति इनामुल अंसारी था। वह हजारीबाग के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत डोकाबेड़ा का रहने वाला है। वारदात के दिन इनामुल बाइक चलाते हुए सुजीत डोम को लेकर रेलवे साइडिंग पहुंचा था। इस दौरान वहां सद्दाम अंसारी, मजहर अंसारी और आजाद अंसारी मतकमा चौक और अन्य स्थानों पर पुलिस की गतिविधि की रेकी कर रहे थे। वे लोग पल-पल की रिपोर्ट सुजीत और इनामुल को दे रहे थे। एसपी ने बताया कि शूटर सुजीत डोम के खिलाफ पतरातु, रामगढ़ सहित अन्य थानों में छह मामले पहले से दर्ज हैं। वह पहले भी जेल जा चुका है। छापेमारी में पतरातू एसडीपीओ के अलावा इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रह्मावत कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, सहित अन्य अधिकारी भी शामिल थे।

## बीएसएनएल ने उपभोक्ता को दो बार बकाया बिल का नोटिस भेजा

चौपारण। बीएसएनएल की लापरवाही का एक हैरान कर देने वाला मामला हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड से सामने आया है। यहां बनाऊ गांव निवासी सुदामा कुमार सिंह को विभाग ने दो-दो बार बकाया बिल का नोटिस भेजा है, जबकि उनके मुताबिक उनका टेलीफोन कनेक्शन साल 2013 में ही बंद हो चुका है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि विभाग के रिकॉर्ड में सुदामा को जो टेलीफोन कनेक्शन दिया गया, उसकी शुरूआत 1980 में बताई गई है। जबकि सुदामा की जन्म तिथि 1984 है।

यानी विभाग के हिसाब से उन्होंने जन्म से चार साल पहले ही टेलीफोन कनेक्शन ले लिया था। सुदामा बीते कई महीनों से बीएसएनएल कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। बार-बार आग्रह के बावजूद विभागीय अधिकारी न तो बिल सुधारने को तैयार हैं और न ही गलत डेटा सुधारने में कोई रुचि दिखा रहे हैं। फाइलें इधर से उधर भेजी जा रही हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

## सांसद तीर्थ दर्शन के लिए आमंत्रण पत्र वितरण शुरू



भुरकुंडा। सांसद तीर्थ दर्शन कार्यक्रम के तहत 29 जून को हजारीबाग के नरसिंह मंदिर प्रांगण से पहले जत्थे की पावन तीर्थ यात्रा प्रारंभ होगी। यह जत्था काशी (वाराणसी), विंध्याचल, प्रयागराज संगम और अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन करेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक पंचायत में सांसद की ओर से 200 आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख कार्यकताओं द्वारा स्थानीय प्रमुख नागरिकों को आमंत्रण पत्र भेंट किए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु इस धार्मिक यात्रा में सम्मिलित हो सकें और पुण्य लाभ प्राप्त कर सकें। गुरूवार को भाजपा भदानीनगर मंडल द्वारा दर्जनों श्रद्धालुओं के बीच आमंत्रण पत्र वितरित किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र करमाली, मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर, हरिहरपुर पंचायत की मुखिया गीता देवी, मंडल महामंत्री मोती नारायण सिंह, राजेंद्र मुंडा, मंडल मंत्री अनिल सिंह खरवार, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोनू कुशवाहा, राजेंद्र ठाकुर, चैता करमाली, भरत महतो, नारायण करमाली, गणेश करमाली, भूलेंद्र महतो, आनंद कुमार आदि मौजूद थे।

## पंचायत को नशा मुक्त बनायेंगे : मुखिया



**बरही ।** बरही प्रखंड के अंतर्गत बसरिया पंचायत में सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति को लेकर आज बसरिया में प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बसरिया पंचायत की मुखिया नीलम देवी ने किया। उन्होंने कहा कि नशा नाश का कारण है। इससे कई घर तबाह हो जाते हैं हमें संकल्प लेकर खुद व लोगों के बीच जागरुक कर नशा मुक्त समाज बनानी है। मौके पर सुमिया देवी, प्रियंका प्रकाश, नजमा खातून, देवंती देवी, पूनम देवी, रेणु देवी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, कामेश्वर रबिदास, विनोद रविदास, सेवक कोलेश्वर प्रजापति, सिकंदर कुमार, खुशबू कुमारी, नागेश्वर कुमार, शिक्षक मनोज घोष, सरफराज आलम, दामोदर गुप्ता, बिंदिया देवी, छोटन गोप, भुनेश्वर यादव,रीना देवी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# भाजपाइयों ने मनाया संविधान हत्या दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** भाजपा ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर बुधवार को संविधान हत्या दिवस के रूप में काला दिवस मनाया कार्यक्रम का आयोजन पैराडाइज रिसॉर्ट में जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में हुआ। संचालन हरीश श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन कुणाल किशोर दुबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व सांसद डॉ. रविंद्र राय, सांसद मनीष जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, विधायक रोशन लाल चौधरी सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। डॉ. रविंद्र राय ने आपातकाल को कांग्रेस की सत्ता की भूख का प्रतीक बताते हुए कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है, जब प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका और नागरिक अधिकारों का गला घोंटा गया। मनीष जायसवाल ने कहा कि जो देश अपने इतिहास को भूल जाता है, वह प्रगति नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी शासनकाल में अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग नहीं हुआ, जबकि कांग्रेस काल में यह आम बात थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक नीरा यादव ने की। 1975 के आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया, जिनमें कृष्ण मोहन केसरी, गंगाधर दुबे, प्रो. अरविंद सहाय सहित कई लोग शामिल थे।

# ओपी जिंदल स्कूल में नशा के खिलाफ निकली प्रभातफेरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ओपी जिंदल स्कूल पतरातु में गुरूवार को अंतर्राष्ट्रीय नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी विरोध दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने पूरे जोश, अनुशासन और सामाजिक चेतना के साथ प्रभात फेरी निकाली। रैली में शामिल विद्यार्थी अपने हाथों से बनाए स्लोगन-पोस्टर व बैनर के जरिए समाज को नशे के खिलाफ संदेश दिया। नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो, मैं अपने कल को बचाऊंगा, नशे के रास्ते पर न जाऊंगा जैसे नारे बच्चों की आवाज बनकर गूंजे और हर राहगीर के मन में सोच छोड़ गए। इस अवसर पर आयोजित विशेष वंदना सभा में विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति को केंद्र में रखते हुए विद्यार्थियों ने रंगीन और प्रभावशाली प्लेकार्ड, पोस्टर और संवाद के माध्यम से मंच पर रचनात्मक प्रस्तुतिया दीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पाण्डेय ने अपने संदेश में कहा कि बचपन में बोए गए नैतिक मूल्यों के बीज जीवनभर फलते हैं। नशा सिर्फ शरीर को नहीं, पूरे भविष्य को खत्म कर देता है। हमारे बच्चे जागरूक हैं, यही भारत का उज्ज्वल भविष्य हैं। उन्होंने जेएसपी प्रबंधन के सहयोग की भी सराहना की

**नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो**

और कहा कि विद्यालय की प्रत्येक गतिविधि को सकारात्मक दिशा देने में प्रबंधन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इस आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकगण सक्रिय रूप से शामिल रहे और बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा की। उनका मानना था कि यह कार्यक्रम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आवश्यक सामाजिक हस्तक्षेप है। इस आयोजन ने यह सिद्ध किया कि ओपी जिंदल स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं, जीवन मूल्यों और सामाजिक जागरूकता का भी केंद्र है। ह्यमेरा भविष्य, मेरी जिम्मेदारीह्न के संदेश के साथ बच्चों ने एक सकारात्मक, सशक्त और संवेदनशील भारत के निर्माण की नींव रखी।

## एक नजर में

### हजारीबाग : कुएं में मिला युवक का शव



हजारीबाग। एनएच-522 किनारे झुमरा डिपो चौक के पास गुरुवार सुबह एक कुएं से 25 वर्षीय युवक की लाश बरामद होते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान हजारीबाग कॉर्पोरेट कॉलोनी निवासी चंदन कुमार (पिता: स्व. राजू यादव) के रूप में हुई है, जो बुधवार शाम अपने चचेरे भाई मुकेश यादव के साथ सोन पहरी पूजा कर लौट रहा था। रास्ते में जोनिहया मोड़ के पास अचानक दो अज्ञात स्कूटी सवारों से बकझक शुरू हो गई, जो धीरे-धीरे मारपीट में बदल गई। मुकेश के मुताबिक, ह्मैं अपनी जान बचाकर झुमरा की ओर भाग गया, चंदन दूसरी दिशा में दौड़ा। जब फोन लगाया तो उसका मोबाइल बंद था। पूरी रात परिजन उसे खोजते रहे, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। गुरुवार सुबह जब परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, तो कुएं में तैरती दो चप्पलों ने मां का दिल दहला दिया। दारू थाना प्रभारी शफीक खान मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला गया। चश्मदीदों ने बताया कि बुधवार रात 11 बजे के करीब झगड़े की तेज आवाजें आ रही थीं और सभी युवक नशे में थे। फिलहाल शव को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है और पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है। यह हादसा हत्या है या दुर्घटना—सच सामने आना बाकी है।

### जेएसएलपीएस ने निकाला नशामुक्ति अभियान



**टाटीझरिया ।** जेएसएलपीएस के ओर से झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार नशामुक्ति जागरूकता अभियान बीपीएम शेखर पांडेय , सीसी अनुराग कुमार ,मनोज कुमार के नेतृत्व में चलाया गया । जिसमें बैंक सखी ,सीआरपी ,सक्रिय महिला समूह के कई सदस्यों जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ टाटीझरिया बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, सीओ नीलू टुड्डू, एएसआई पवन कुमार ने किया । यह जागरूकता अभियान प्रखंड कार्यालय से टाटीझरिया थाना चौक एवं थाना परिसर तक चलाया गया। मौजूद लोगों ने नशा छोड़ो जीवन जोड़ो के तहत शपथ लिया और कहा की हम सब नशा करने वालों को नशीले पदार्थों को सेवन करने से स्वास्थ में होने वाले नुकसान एवं परिवार में नशा से हो रहे वाद विवाद के बारे में जागरूक करवाएंगे । नशामुक्ति जागरूकता अभियान के तहत नशा छोड़ो ,जीवन जोड़ो । ना घृणा ना तिरस्कार ,नशे की लत छोड़ने के लिए चाहिए सही देख भाल और प्यार । नारे लगाते हुए रंगा रंग चौक चौराहे में किया गया।

### तापीन पिपरा में चला नशा मुक्ति अभियान



चरही। ग्राम पंचायत तापीन पिपरा में गुरुवार को एक विशेष नशा मुक्ति अभियान चलाया गया।अभियान में थाना प्रभारी कुंदन कुमार विमल ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल कार्यक्रम का नेतृत्व किया, बल्कि ग्रामीणों को एकजुट कर नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। अभियान के दौरान गांव के पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है, और इससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे नशे को अपने जीवन से हमेशा के लिए बाहर करें और अपने बच्चों को भी इससे दूर रखें। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में ह्नशा मुक्त ग्रामह्न बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कई सामाजिक कार्यकताओं और पंचायत प्रतिनिधियों की भी मौजूदगी रही। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की मांग की। यह अभियान समाज को जागरूक करने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### एसबीआइ के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर



हजारीबाग। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की मुख्य शाखा हजारीबाग में बुधवार को 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर लगा रक्तदान शिविर। यह शिविर वर्ल्ड केयर फाउंडेशन ऑफ इंडिया और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें कुल 102 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर का शुभारंभ एसबीआई के चीफ मैनेजर सुमित कुमार ने किया। रक्तदाताओं को मोमेंटो, प्रमाण पत्र, उपहार और नाश्ता देकर सम्मानित किया गया। रक्त संग्रहित यूनिट में से 65 यूनिट शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ब्लड बैंक और शेष 37 यूनिट अन्य रक्तकोषों को प्रदान किए गए। शिविर में भाजपा नेता विनोद झुनझुनवाला, हरीश केशरी, सोनी कुमारी सहित 102 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। कार्यक्रम में रिजनल मैनेजर राजीव कुमार सिंह, मनोज सिन्हा समेत कई संस्थानों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### बादम कोल ब्लॉक के खिलाफ ग्रामीण गोलबंद

**बड़कागांव।** बादम कोल ब्लॉक को लेकर विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश गहराता जा रहा है। गुरुवार को सुबह 9 बजे साहू विवाह भवन, बादम में एक अहम बैठक हुई, जिसमें दर्जनों गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एनटीपीसी कंपनी चोरी-छुपे अपने दलालों के माध्यम से कार्य करा रही है और प्रभावित ग्रामीणों से किसी प्रकार की संवाद प्रक्रिया नहीं अपना रही है। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यदि कंपनी ने अपनी कार्यशैली नहीं बदली तो अधिकारियों को क्षेत्र से खदेड़ने की रणनीति अपनाई जाएगी। इसके साथ ही आगामी दिनों में बादम कॉल ब्लॉक के खिलाफ बड़े आंदोलन की रूपरेखा भी तय की जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी ने कुछ चहेते दलालों के माध्यम से व्हीलचेयर जैसे संसाधनों का बंटवारा कर केवल दिखावा किया है, जबकि यदि वाकई कंपनी कल्याण चाहती तो बादम क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण करती।

### डीएवी स्कूल बरही में जागरूकता कार्यक्रम



बरही। डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही के प्रांगण में गुरुवार को नशा मुक्ति विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बरही एसडीएम जोहन टुडू, डीएसपी अजीत कुमार विमल, बीडीओ जयपाल महतो, थाना प्रभारी आभाष कुमार, विद्यालय प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मैढ़ सहित कई अधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित थे। विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भाषणों के माध्यम से नशे के खिलाफ प्रभावी संदेश दिया। पलक कुमारी का नृत्य प्रस्तुति विशेष रूप से सराही गई। डीएसपी अजीत विमल ने नशे को एक धीमा जहर बताते हुए कहा कि यह न केवल व्यक्ति को, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद करता है। उन्होंने छात्रों को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई।

# रथ यात्रा से जुड़े कई पौराणिक प्रसंग स्कंद पुराण में भी वर्णित

**अन्नू अंबालिका**



**रथ** मेला में रथों की ऊंचाई और आकृति निश्चित नियमों के अनुसार होती है। नंदीघोष रथ की ऊंचाई लगभग 45 फीट होती है और इसमें 16 चक्के होते हैं। तालध्वज रथ में 14 चक्के होते हैं और इसकी ऊंचाई लगभग 44 फीट होती है। दर्पदलन रथ सबसे छोटा होता है, जिसमें 12 चक्के होते हैं और यह लगभग 43 फीट ऊंचा होता है। यात्रा के दौरान तीनों रथों को श्रीमंदिर से गुंडिचा मंदिर तक खींचा जाता है और वहां सात दिनों तक भगवान विश्राम करते हैं। यह यात्रा किसी साधारण जुलूस की तरह नहीं होती बल्कि यह हजारों वर्षों से चली आ रही ऐसी आध्यात्मिक परंपरा है, जिसे केवल आंखों से नहीं, आत्मा से अनुभव किया जाता है।

रथ यात्रा से जुड़े कई पौराणिक प्रसंग भी हैं, जिनमें से सबसे प्रसिद्ध स्कंद पुराण में वर्णित कथा है। इसके अनुसार, एक दिन भगवान श्रीकृष्ण की बहन सुभद्रा ने द्वारका शहर घूमने की इच्छा प्रकट की। तब श्रीकृष्ण और बलराम उन्हें रथ पर बैठाकर नगर दर्शन कराने ले गए। यही प्रसंग पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा के रूप में जीवंत होता है, जहां भगवान अपनी बहन को साथ लेकर नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं। इस यात्रा के हर पड़ाव पर धार्मिक रस्में होती हैं, जैसे कि हेरा पंचमी, जब देवी लक्ष्मी क्रोधित होकर भगवान के देर से लौटने पर मंदिर के बाहर प्रतीक्षारत रहती हैं। इसके बाद बहुड़ा यात्रा होती है, जब भगवान जगन्नाथ गुंडिचा मंदिर से वापस अपने मुख्य मंदिर आते हैं। वापसी के बाद 5 जुलाई को उनका भव्य स्वागत किया जाएगा और सुनाबेसा रस्म के अंतर्गत उन्हें स्वणार्भूषणों से सजाया जाएगा।

जगन्नाथ रथ यात्रा की लोकप्रियता केवल भारत तक सीमित नहीं है। अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, जर्मनी, जापान जैसे कई देशों में इस यात्रा का आयोजन किया जाता है, विशेष रूप से इस्कॉन संस्था द्वारा। इस यात्रा ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की आध्यात्मिक शक्ति और सांस्कृतिक प्रभाव को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुरी में हर साल लाखों की संख्या में विदेशी श्रद्धालु आते हैं, जो इस भव्य आयोजन में भाग लेकर भारतीय संस्कृति की गहराई को अनुभव करते हैं। यह भारत की सॉफ्ट पावर का एक जीवंत उदाहरण है, जहां धर्म, संस्कृति और पर्यटन एक साथ राष्ट्र के वैश्विक प्रभाव को मजबूत करते हैं।

आज के डिजिटल युग में रथ यात्रा की पहुंच और भी व्यापक हो गई है। विभिन्न टीवी चैनलों, यूट्यूब, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और सरकारी पोर्टल्स पर इस यात्रा का सीधा प्रसारण किया जाता है, जिससे देश और विदेश के करोड़ों लोग इसे अपने घर बैठे अनुभव कर सकते हैं। ओडिशा सरकार और भारत सरकार इस अवसर पर व्यापक व्यवस्थाएं करती हैं, जिसमें सुरक्षा, चिकित्सा, जल आपूर्ति, यातायात नियंत्रण और आपदा प्रबंधन तक की तैयारियां शामिल होती हैं। हजारों पुलिसकर्मी, डॉक्टर, वॉलंटियर्स और सेवक इस आयोजन को निर्बाध रूप से संपन्न कराने में दिन-रात लगे रहते हैं। यह आयोजन जहां एक ओर आस्था का प्रतीक है, वहीं यह प्रशासनिक समन्वय और जन-सहभागिता का भी उत्कृष्ट उदाहरण है।

रथ यात्रा का एक महत्वपूर्ण पक्ष है इसकी सामाजिक और आर्थिक भूमिका। इस यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालु पुरी पहुंचते हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी जबरदस्त बल मिलता है। होटल, लॉज, रेस्तरां, हस्तशिल्प, पारंपरिक परिधान और लोक कला से जुड़े व्यवसाय इस अवसर पर खूब फलते-फूलते हैं। पुरी का ह्यपटकमालह्ल (महाप्रसाद), स्थानीय शिल्पकारों द्वारा बनाए गए रथ मॉडल्स, पारंपरिक भजन और कीर्तन की प्रस्तुतियां भी इस यात्रा को एक सांस्कृतिक महोत्सव में बदल देती हैं। यह केवल धर्म का उत्सव नहीं, लोकजीवन का उत्सव बन जाता है। कुल मिलाकर, कहा जा सकता है कि जगन्नाथ रथ यात्रा न केवल एक धार्मिक उत्सव है बल्कि भारतीय संस्कृति, समर्पण, समानता और सामाजिक एकता की ऐसी गाथा है, जो पीढ़ियों से चली आ रही है और आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। यह हमें सिखाती है कि जब हम समर्पण के भाव से आगे बढ़ते हैं तो स्वयं ईश्वर हमारे रथ में सवार होकर हमें मार्ग दिखाने आते हैं।

# अमर है बंकिम चंद्र चटोपाध्याय का गीत 'वन्दे मातरम् ...'

**रमेश शर्मा**

कृतज्ञ राष्ट्र हर साल 27 जून को सुप्रसिद्ध साहित्यकार और पत्रकार बंकिम चंद्र चटोपाध्याय को उनकी जयंती पर याद करता है। 27 जून, 1838 को बंगाल के उत्तरी चौबीस परगना जिला अंतर्गत कंठालपाड़ा नैहाटी में जन्मे बंकिम चंद्र चटोपाध्याय गीत 'वन्दे मातरम्' अजर-अमर है। यह देश का राष्ट्रगीत है। उनका पूरा जीवन स्वत्व और स्वाभिमान जागरण अभियान के लिए समर्पित रहा। उनका हर आह्वान स्वाधीनता संघर्ष का महामंत्र बना है। वन्दे मातरम् का उद्घोष सशस्त्र क्रान्तिकारियों और अहिसंक आंदोलनकारियों ने किया है। कहीं-कहीं उनकी जन्म तिथि 26 जून भी लिखी है।

उनके पिता यादवचन्द्र चटोपाध्याय का परिवार संपन्न और सुसंस्कृत था । माता दुर्गा देवी भी परंपराओं के प्रति पूर्णतयः समर्पित थीं। राष्ट्र स्वाभिमान और सांस्कृतिक बोध उनके संस्कारों में था । उनकी शिक्षा हुगली कॉलेज और प्रेसीडेंसी कॉलेज में हुई। देश में जब 1857 की क्रान्ति आरंभ हुई तब वे महाविद्यालयीन छात्र थे । बीए कर रहे थे । अंग्रेजों ने क्रान्ति के दमन के लिए जो सामूहिक नरसंहार किए उनके समाचार प्रतिदिन आ रहे थे । उन्होंने क्रान्ति के कारणों को भी समझा और विफलता को भी ।

इस पूरी अवधि में वे मानसिक रूप से उद्वेलित तो हुए पर अपनी पढ़ाई से विचलित नहीं हुए । 1857 में ही प्रेसीडेंसी कालेज से बीए की उपाधि लेने वाले वे पहले भारतीय विद्यार्थी थे। इस कारण तत्कालीन अंग्रेज सरकार ने उनका स्वागत किया और शिक्षा पूरी होने के साथ उनकी नियुक्ति डिप्टी मजिस्ट्रेट पद पर हो गई। कुछ समय वे बंगाल सरकार में सचिव पद पर भी रहे। लेकिन उन्होंने नौकरी छोड़ दी । 1869 में वकालत पास की । और इसके साथ ही उन्होंने वैचारिक रूप से समाज जागरण का अभियान आरंभ किया । वे अतीत में हुए संघर्ष से जितने प्रभावित थे उतने ही कुछ लोगों द्वारा परिस्थतियों के समक्ष झुक कर अपना स्वत्व और स्वाभिमान खो देने की मानसिकता से भी आहत थे । इसलिए उन्होंने स्वत्व जागरण और संगठन पर जोर देने के संकल्प के साथ अपनी रचना यात्रा आरंभ की ।

उनकी पहली प्रकाशित रचना राजमोहन्स वाइफ थी। यह अंग्रेजी में थी। इसमें परिस्थितियों की विवशता को बहुत सावधानी से प्रस्तुत किया । बांग्ला में उनकी पहली रचना 1865 में 'दुर्गेशनंदिनी' प्रकाशित हुई । यह एक आध्यात्मिक रचना है पर इसके माध्यम से समाज की आंतरिक शक्ति से ठीक उसी प्रकार परिचित कराया गया जैसा मुगलकाल में बाबा तुलसी दास ने रामचरित मानस द्वारा जन जागरण करने का प्रयास किया था । इसी श्रृंखला में 1866 में उपन्यास कपालकुंडला प्रकाशित हुआ और 1872 में मासिक पत्रिका बंगदर्शन का भी प्रकाशन किया। इस पत्रिका के माध्यम से वे एक कुशल पत्रकार के रूप में सामने आए ।

अपनी इस पत्रिका में उन्होंने अपने विषवृक्ष उपन्यास को भी धारावाहिक रूप से प्रकाशित किया। जैसा कि इसके नाम से ही स्पष्ट है कि इस उपन्यास में समाज के उस स्वभाव और अदूरदर्शिता का प्रतीकात्मक वर्णन था जो भारत राष्ट्र के पतन का कारण बना । इसी प्रकार अपनी कृष्णकांतेर रचना में उन्होंने अंग्रेजी शासकों पर तीखे व्यंग्य किए । बंगाल के कांतल गांव में 07 नवम्बर, 1876 को गीत ₹वन्दे मातरम्₹ की रचना की। जो 1882 में कालजयी उपन्यास ह्यआनंद मठह्ल पूर्ण हुआ । वन्दे मातरम् इस उपन्यास का प्रमुख अंश है । मूलरूप से वन्दे मातरम् के प्रारंभिक दो पद संस्कृत में थे, जबकि शेष गीत बांग्ला भाषा में था। वंदे मातरम् का अंग्रेजी अनुवाद सबसे पहले अरविंद घोष ने किया।

यूं तो उनकी प्रत्येक रचना भारतीय समाज को जाग्रत करने वाली है पर फिर भी ₹आनंदमठ₹ उपन्यास और इसके अंतर्गत गीत वन्दे मातरम् संघर्ष और बलिदान का महामंत्र बना । इस उपन्यास की भूमिका बंगाल में हुए संन्यासी विद्रोह से पड़ गई थी । बंगाल में संतों और संन्यासियों ने 1873 में समाज जागरण का कार्य किया था ताकि अंग्रेजी कुचक्र से राष्ट्र संस्कृति और परंपराओ की रक्षा हो सके । संतों के इस अभियान को संन्यासी विद्रोह का नाम दिया गया जिसे अंग्रेजों ने बहुत क्रूरता से दमन किया था । आनंदमठ में संन्यासियों द्वारा की गई क्रान्ति के प्रयास का वर्णन था । जब उपन्यास के रूप में यह विवरण सामने आया तो मानो पूरे समाज का राष्ट्रबोध जाग्रत हो गया । समाज अंग्रेजों के विरुद्ध एकजुट सामने आने लगा । तब बंगाल के सामाजिक और सार्वजनिक आयोजन में वन्दे मातरम् का घोष मानो एक परंपरा ही बन गई थी ।बंकिम बाबू का अंतिम उपन्यास 1886 में सीताराम आया। इसमें सल्तनकाल के वातावरण और उसके प्रतिरोध को दशार्या गया था । उनके अन्य उपन्यासों में मृणालिनी, इंदिरा, राधारानी, कृष्णकांतेर, देवी चौधरानी और मोचीराम जीवनचरित शामिल है। उन्होंने धर्म, सामाजिक और समसामायिक विषयों पर आधारित कई निबंध और कविताएं भी लिखीं ।

यह उनके रचना संसार से समाज में उत्पन्न जाग्रति का ही परिणाम था कि उस कालखंड में हुए प्रत्येक आन्दोलन के प्रतिभागी उनसे प्रेरित रहे । उनके चिंतन और जीवन में भारत राष्ट्र की संस्कृति और परंपरा



का आह्वान था । वे स्वतंत्रता के आदर्शों के प्रति गहराई से प्रेरित थे।

पराधीनता के काल में राष्ट्रभाव जाग्रत करने की दिशा में बंकिम बाबू का योगदान सबसे बड़ा है। उन्होंने एक आदर्श सत्ता की स्थापना के लिए आवश्यक तत्वों को समाज के सामने लाने के लिए निबंध ह्यकृष्णचरित्रह्ल प्रकाशित किया। जब उनका गीत वन्दे मातरम् पहली बार 1876 में बंगदर्शन समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ, तो उससे मानो पूरे देश में वैचारिक आवेग उत्पन्न हुआ ।उन्होंने सनातन परंपराओं और राष्ट्र के लिए अनिवार्य आदर्शों के बीच एक अद्भुत पूरकता और सामंजस्य स्थापित किया।

वहीं हिन्दुओं के बीच फैली विभ्रम की स्थिति के बारे में मानो एक प्रकार से शोक व्यक्त किया था । उन्होंने इस बात पर गहरा क्षोभ व्यक्त किया और झकझोरने का प्रयास किया । उनके इन शब्दों में "हिन्दू समाज कुमार संभव को छोड़कर स्वाइनबर्न पढ़ता है, गीता को छोड़ कर मिल को पढ़ता है । उड़ीसा की पत्थर कला को छोड़ देते हैं और साहिबों की चीनी गुड़िया को देखते हैं।" कितनी व्यथा और स्वत्व का आह्वान है इसे इन्ही शब्दों में छुपे संदेश से सहज समझा जा सकता है ।उन्होंने अपनी रचना 'धर्मशास्त्र' में देशभक्ति को सभी धर्मों से ऊपर रखा। ह्यलोक रहस्यह्ल में उदारवादियों के भीख मांगने पर व्यंग्य किया और देश को अपने पैरों पर खड़ा होने पर जोर दिया । निबंध 'अमर दुर्गोत्सव' में उन्होंने विधवा विवाह, महिलाओं की स्वतंत्रता के बारे में बात की और अंधी अंग्रेजी नकल का जोरदार विरोध किया। उन्होंने अपनी मातृभूमि को अपनी मां के रूप में प्रस्तुत किया ।

इस प्रकार उनका पूरा जीवन भारत राष्ट्र और उसकी संस्कृति के प्रति समाज को जाग्रत करने के लिये समर्पित रहा । स्वत्व, स्वाभिमान और राष्ट्र संस्कृति जागरण का यह महानायक 08 अप्रैल 1894 को संसार से विदा हो गया । संसार से यह विदाई केवल शरीर की थी। वे और उनका व्यक्तित्व आज भी प्रत्येक भारतीय के मन में विराजे हैं।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# झारखंड में कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश महतो के नेतृत्व में एक नये युग में प्रवेश कर रही है



**लक्ष्मी नारायण तिवारी**

(झारखण्ड प्रदेश सचिव भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस।)

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का इतिहास ऐसे अनेक संघर्षशील, दूरदर्शी और जनसरोकारों से जुड़े नेताओं की गौरवगाथा से भरा पड़ा है जिन्होंने हर विपरीत परिस्थिति में पार्टी को न केवल संभाला, बल्कि उसे नई ऊर्जा और दिशा भी दी। डॉ. रामेश्वर उरांव जैसे अनुभवी नेता ने अपने शांत लेकिन प्रभावशाली नेतृत्व में कांग्रेस को नीति और अनुशासन की दिशा में आगे बढ़ाया। वे आदिवासी समाज की बारीक समझ के साथ पार्टी को सामाजिक समरसता की राह पर ले गए। सुखदेव भगत के कार्यकाल में संगठन का जमीनी ढांचा मजबूत हुआ, जिन्होंने गाँव-गाँव तक कार्यकताओं को संगठित कर कांग्रेस को जन-जन से जोड़ा। उनके नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी ने गहरी पैठ बनाई। राजेश ठाकुर ने एक युवा और रणनीतिक सोच के साथ कार्य किया – उन्होंने आपसी समन्वय को प्राथमिकता दी, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के बीच संवाद की स्थायी कड़ी बने और मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस की सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। इन नेताओं ने अलग-अलग समय और परिस्थितियों में कांग्रेस को पुनर्जीवित करने में अहम भूमिका निभाई और उनकी मेहनत ने झारखंड में कांग्रेस के अस्तित्व को जीवित रखा।

लेकिन अब झारखंड कांग्रेस एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुकी है, जहाँ केवल नेतृत्व का चेहरा ही नहीं बदला है, बल्कि संगठन के हर स्तर पर संघर्ष, समर्पण और नवाचार की लहर दौड़ पड़ी है। यह परिवर्तन केवल आकस्मिक नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक दूरदर्शी और जुझारू नेतृत्व की भूमिका है – और इस ऐतिहासिक मोड़ के नायक हैं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश। एक किसान-पृष्ठभूमि से आने वाले, ओबीसी समाज के इस निर्भीक नेता ने न केवल कांग्रेस के पारंपरिक आधार को पुनर्जीवित किया है, बल्कि युवाओं, किसानों, आदिवासियों और समाज के वंचित वर्गों के बीच पार्टी को जनआंदोलन का स्वरूप दे दिया है। पार्टी की रणनीतिक और सांगठनिक दिशा अब स्पष्ट है: संविधान, सामाजिक न्याय और जनसरोकार। और इस स्पष्टता के पीछे कमलेश की मेहनत, ईमानदारी और विचारधारा के प्रति निष्ठा है।

ओबीसी समाज की आवाज और खेत-खलिहानों से उठे इस नेता ने बेहद कम समय में कांग्रेस संगठन को बूथ से लेकर राजभवन तक मजबूत किया है।

एक सामान्य किसान परिवार से निकलकर राजनीति के ऊँचे मुकाम तक पहुँचे केशव महतो कमलेश का नेतृत्व उनकी जमीन से जुड़ी समझ और जनसंवेदना की गहराई को दशार्ता है। वे केवल पार्टी अध्यक्ष नहीं, बल्कि कार्यकताओं के लिए एक मार्गदर्शक, प्रेरक और संकटमोचक के रूप में उभरे हैं। जब वे अगस्त 2024 में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए गए, तब संगठन में भ्रम, निराशा और आंतरिक विखंडन की स्थिति थी। कई वरिष्ठ नेता हाशिए पर चले गए थे और कार्यकताओं में ऊर्जा की भारी कमी थी। लेकिन कमलेश ने इस चुनौती को अवसर में बदला। उन्होंने नारा दिया – ह्लबूथ से राजभवन तक कांग्रेस,ह्व और इसी दर्शन पर संगठन को पुनर्जीवित करना शुरू किया।

संविधान बचाओ रैली, सरना धर्म कोड आंदोलन, और रोजगार व सामाजिक न्याय से जुड़े छोटे-छोटे जनांदोलनों से लेकर, छात्र-युवा आंदोलनों तक – हर मंच पर उन्होंने कांग्रेस को नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति में ला खड़ा किया। विशेष रूप से आदिवासी मुद्दों पर उनका संवेदनशील दृष्टिकोण, और ओबीसी समाज के मुद्दों पर उनका स्पष्ट राजनीतिक स्टैंड, उन्हें झारखंड की सामाजिक संरचना में कांग्रेस का सबसे प्रासंगिक चेहरा बनाता है। राज्य प्रभारी के. राजू के साथ उनका संवादमूलक रिश्ता, समन्वय की मिसाल बन चुका है – जहाँ राज्य और राष्ट्रीय स्तर की सोचों का संगम कार्ययोजनाओं में साफ झलकता है।

संविधान बचाओ रैली से लेकर सरना धर्म कोड आंदोलन तक, हर मोर्चे पर कमलेश ने झारखंड कांग्रेस को फिर से जनता का भरोसेमंद साथी बनाया है।


कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस अब केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं रही, बल्कि जनसरोकारों के हर मोर्चे पर उसकी प्रभावी उपस्थिति दर्ज हो रही है। ह्लसंविधान बचाओह्व जैसी रैली केवल प्रतीकात्मक नहीं थी, बल्कि उसने यह स्पष्ट किया कि झारखंड कांग्रेस अब संविधान की मूल आत्मा – सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और समानता – के लिए लड़ने को तैयार है। कमलेश ने यह सुनिश्चित किया कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इस लड़ाई को अपनी लड़ाई माने। रैली में भाग लेने वाले सैकड़ों आदिवासी, दलित, महिला और छात्र कार्यकताओं के बीच जाकर उन्होंने नेतृत्व किया, उनसे संवाद किया और संगठन को उनकी आकांक्षाओं से जोड़ा।

इसी तरह सरना धर्म कोड आंदोलन में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही। उन्होंने यह समझा कि आदिवासियों की सांस्कृतिक पहचान का प्रश्न कोई सांकेतिक मुद्दा नहीं, बल्कि अस्तित्व का प्रश्न है। इसीलिए उन्होंने राज्यभर में आदिवासी समाज के बीच संवाद की परंपरा शुरू की, पेसा कानून और वनाधिकार अधिनियम को लेकर प्रशिक्षण सत्र और कार्यशालाएँ आयोजित कीं। जब 26 मई 2025 को राजभवन घेराव हुआ, तब यह केवल एक धरना नहीं, बल्कि राज्य के आदिवासी जनमानस और कांग्रेस संगठन का सामूहिक घोष था – कि उनकी संस्कृति, अधिकार और पहचान की रक्षा के लिए पार्टी सड़कों पर उतरेगी। इस आंदोलन में के. राजू की उपस्थिति और कमलेश के नेतृत्व का सामंजस्य कांग्रेस के पुनरुत्थान का निर्णायक बिंदु बन गया।

ज़िला दौरों का रिकॉर्ड: जनता से जुड़ाव और संगठन को जीवंतता देने की अभूतपूर्व पहल

प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार सँभालने के कुछ ही हफ्तों के भीतर केशव महतो कमलेश ने यह स्पष्ट कर दिया कि वे केवल कार्यालयी राजनीति तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि जमीनी संगठन की सच्ची बुनियाद बनेंगे। उनके नेतृत्व की सबसे उल्लेखनीय विशेषता रही – उनका निरंतर प्रवास। झारखंड के लगभग सभी 24 जिलों का व्यापक दौरा उन्होंने न केवल औपचारिकता के लिए, बल्कि कार्यकताओं से सीधा संवाद स्थापित करने और स्थानीय राजनीतिक-सामाजिक स्थितियों को समझने के लिए किया। प्रत्येक जिले में उन्होंने कांग्रेसजनों की बैठकें कीं, जमीनी स्तर की समस्याएँ सुनीं, और तत्काल एक्शन लेते हुए वहाँ की निष्क्रिय या बिखरी हुई इकाइयों का पुनर्गठन शुरू करवा दिया।

# मैगना कार्टा (1215) वह पहला दस्तावेज जो बुनियादी स्वतंत्रता देता है



**सोनाली भट्टाचार्या**

धर्म ग्रंथों ने एक नैतिक संहिता निर्धारित की । इसने मनुष्यों के भातृत्व के सिद्धांत को रखा और इसमें व्यक्तिगत संस्थाओं के प्रति निर्देश है। इसाई धर्म ने इस दर्शन को और आगे बढ़ाया। इसने यह सीख दी कि सभी मनुष्य बराबर हैं और प्रत्येक व्यक्ति महत्वपूर्ण हैं प्रत्येक मनुष्य का एक अनंत भविष्य है और उसके लिए असीमित उपलब्धियाँ हैं ईश्वर ने प्रत्येक व्यक्ति को स्वतन्त्रता का एक बड़ा उपहार दिया है और उसकी पूर्ण उन्नति और विकास की उसकी इच्छा है। ये सिद्धांत दस समादेशों एवं अन्य धर्मग्रन्थों में अंतर्विष्ट है। कुछ ये सिद्धांत जो मानव प्राणियों की एकता की सीख देते हैं इस प्रकार हैं तुम अपने पड़ोसी को वैसा ही प्यार करोगे जैसा अपने को करते हो। वह अजनबी जो तुम्हारे साथ रहता है वह तुम्हारे बीच उत्पन्न हुआ कोई क हो सकता है और तुम वैसा प्यार करोगे जैसा अपने से करते हो।

ईसाई धर्म के प्रसार के साथ मनुष्यों की समता और व्यक्ति के महत्व के विचार को बोध सारे यूरोप में हुआ। यहूदी- ईसाई धर्म ग्रंथों के नये विचारों से रोमन साम्राज्य का पतन हुआ। मध्यकाल के कैथोलिक दार्शनिकों और धमार्चार्यों ने प्राकृतिक विधि के अपने सिद्धातों का प्रतिपादन किया। थोमस एक्विनस ने, जिनके विचारों को प्रतिनिधि रूप में माना जा सकता है, कहा कि राज्य की केवल सिमित शक्तियां होती हैं। मानव विधि अथवा मनुष्य द्वारा बनाई गयी विधि केवल वहाँ तक विधिमान्य है जहाँ तक एक प्राकृतिक विधि या शास्वत विधि की अनुरूपता में है। तथापि उसने कह की इसके अनुचित होने पर भी मनुष्य के इसका पालन करना चाहिए। इस प्रकार मध्य काल में शासक की शक्ति पर सीमाओं की जोरदार हिमायत की गिया।

ए एक ओर इस विचार की बढ़ती हुई लोकप्रियता और दूसरी ओर मध्य काल में राष्ट्र राज्यों का अभ्युदय और तानाशाही शासनों की स्थापना से राष्ट्र की सीमाओं के भीतर यूरोप में मनुष्यों के अधिकार के लिए संघर्ष प्रारंभ हुआऔर आगे चलकर मनुष्य के कतिपय अधिकारों को मान्यता मिली।

मैगना कार्टा (1215) वह पहला दस्तावेज है जो व्यक्तियों को कतिपय बुनियादी स्वतंत्रताएं और संरक्षाएं प्रदान करता है। यद्यपि वह वैरनों के दबाव कर करण प्रदान किया गया था किन्तु समाज के सारे वर्गों के लोब इसके पीछे थे। यद्यपि इसमें प्रधान रूप से वैरनों के लिए अधिकारों की घोषणा की गयी थी अनेक तरह के लोगों के अधिकारों के अल्पीकरण के रूप में था किन्तु समाज के सभी वर्गों की शिकायतों को दूर करने का प्रयत्न किया गया था। यह अपराध और अपराधी के अनुपात में युक्तियुक्त जुमार्ने के लिए कहता है। यह न्याय के अधिकार के रूप में होने, इसके बेचे न जाने, इसके स्वच्छ साफ-सुथरे होने और विलम्ब न किए जाने की घोषणा करताहै। यह सम्पत्ति की सुरक्षा, इसके राजा के प्रयोजनों के लिए प्राचीन रूढ़िगत अदायगी के बिना न लिए जाने की घोषणा करता है और यह शरीर की संरक्षा की घोषणा करता है। कसी स्वतंत्र व्यक्ति को कारावास, निर्वासन, गैर कानूनी करार देना या दंडित नहीं किया जा सकता या उसके स्थापित विशेषाधिकारों के बिना एक विधिपूर्ण निर्णय या विधि के अनुसार कार्रवाई के अलावा उसे वंचित नहीं किया जा सकता है। पशिचम में मैगन कार्टा ने पहली बार राजा की शक्तियों को सीमित किया एवं एक संवैधानिक सरकार स्थापित करने का प्रयत्न किया।




मैगन कार्टा द्वारा प्रदान किये गए अधिकार और अधिक अधिकारों का दावा करने के आधार बने। बाद के शासन कालों में लोगों ने अपना संघर्ष जारी रखा और कालक्रम से राजा की शक्ति पर और सीमाएं लगायीं गयी। मैगना कार्टा द्वारा गारंटीकृत अधिकारों का अतिक्रमण और व्यक्तियों के अधिकारों के बारे में लोगों में सामान्य जागृति और उनके द्वारा उन पर दृढ़ता से अदने के कारण 1688 में गौरवशाली क्रांति हुई। नए रजा को उसके द्वारा बिल ऑफ राइट्स पर हस्ताक्षर करने के पश्चात ही गद्दी पर बैठाया गया। बिल ऑफ राइट्स में मैगन कार्टा के गांरटीकृत अधिकारों को पुनकथिक किया गया और राजा द्वारा मैगना कार्टा के पूर्व के किए अनेक अतिक्रमणों को उल्लि्लखित किया गया।

जब ब्रिटिश उपनिवेशी अमेरिका में बसने के लिए गये तो ऊपर कथित अधिकार उनके साथ वहाँ गये। उनके चार्टरों में यह अधिकार घनिष्ठता से जुड़े थे। बहुत से राज्य जो अमेरिका के स्वंतन्त्रता के युद्ध के पूर्व अस्तित्व में आ गए थे उन्होंने मनुष्यों के अधिकारों की गारंटी को अंगीकार किया। वर्जीनिया ने सबसे पहले इन अधिकारों को अंगीकार किया जिसका अन्य अनेक राज्यों द्वार अनुसरण किया गया। वर्जिनिया द्वारा अंगीकार किये गये मनुष्यों के अधिकारों की कुछ विशेष बातें थीं। ऐसी एक विशेष बात यह थी कि एन अधिकारों से संबधित प्रावधानों को अधिकारों की घोषणा का नामा देकर पृथक रखा गया। इनका अन्य महत्वपूर्ण वैश्टीय यह था कि वे विधानमंडल पर भी आबद्धकर थे।

मध्य काल में राष्ट्र राज्यों के उदभव और तानाशाही शासनों की स्थापना के साथ यूरोप में स्वतन्त्रता के लिए संघर्ष राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर प्रारंभ हुआ।

रिफामरेशियों और रेनेसा ने व्यक्ति के अधिकारों की मांग, उसके आधार और सरकार की शक्तियों को सिमित करने में नए आयामों को जोड़ा। ज्ञान की नयीं शाखाओं और विज्ञान की खोजों ने स्थापित मूल्यों के आधार क धवस्त कर दिया। तर्कनावाद नए युग का एक पंथ बन गया।

**(एडवोकेट झारखंड हाई कोर्ट**

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, रिम्स रेफर


घायल सुखदेव उरांव।


घायल जितवाहन बड़ाइक।

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो सांई मंदिर मार्ग पर जामटोली पहाड़ के समीप गुरुवार की रात लगभग साढ़े सात बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 53 वर्षीय सुखदेव उरांव और 50 वर्षीय जितवाहन बड़ाइक दोनों बेड़ो मनखा मुंडा निवासी है। जिन्हें पीसीआर पुलिस ने बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा सुमन ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। घायल सुखदेव उरांव ने बताया कि वे दोनों जल टंडा बाजार से अपने घर बेड़ो आ रहे थे।

### 2 जुलाई को जीएम ऑफिस के समक्ष धरना

**खलारी।** जनता मजदूर संघ असंगठित जोनल सचिव एनके पिपरवार के द्वारा एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना के संबध में ज्ञापन सौंपा गया। जनता मजदूर संघ असंगठित जोनल सचिव प्रताप यादव ने महाप्रबंधक को पूर्व में दिए गए आवेदन पर प्राइवेट बोलेरो के ड्राइवरों के मांगों पर सकरात्मक पहल नहीं करने के कारण 2 जुलाई को महाप्रबंधक कार्यलय के समक्ष एक दिवसीय धरना देने का निर्णय लिया गया। आवेदन के अनुसार प्रबंधन की ओर से प्राइवेट बेलोरो के चालकों पर शोषण रोकने तथा उनके लिए कल्याणकारी कदम उठाने का मांग किया गया था। लेकिन एनके प्रबंधन दिए गए आवेदन पत्र पर कोई कार्य नही किया गया। जिससे बाध्य होकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। जिसका जिम्मेवारी प्रबंधन की होगी।

### स्कूल में मजदूरों ने जमाया कब्जा


स्कूल में मजदूरों ने जमाया कब्जा।

**सोनाहातू।** प्रखंड के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौकाहातू के तीन कमरों में 3 साल से बाहर से आये मजदूरों ने जबरन कब्जा जमा रखा है। स्कूल में 1 से 8 तक 170 बच्चे नामांकित है।वर्तमान में 4 कमरे में क्लास संचालित होती है। कंप्यूटर लैब के लिए स्कूल में दो कमरे की आवश्यकता है। कमरे के अभाव में लैब बनाने की प्रक्रिया बाधित है। इस संबंध में स्कूल के प्रधानाध्यापक दीनदयाल गुप्ता ने कहा कि गांव के हाड़साली स्थल को विकसित करने के लिए आदिवासी कल्याण कोष से स्कूल के तीन कमरे ओर शौचालय की मरम्मती हुई है। कमरे की मरम्मती के बाद ही तीनों कमरे पर निर्माण कर रहे विभाग के मजदूरों ने स्कूल में रह कर ही गांव में अन्य कार्यों को संचालित कर रहे है,जो अनुचित है। ग्रामीण विक्रम मांझी, रोबिन पातर, आदित्य मांझी, दिलीप मांझी आदि ने कहा कि गांव में हाड़सालाी सुंदरीकरण कार्य में लगे मजदूर तीन साल से स्कूल में रह रहे है जो अनुचित है। बच्चों को पठन पाठन में काफी असुविधा हो रही है। 15 से 20 मजदूर बाहर से आकर स्कूल में रह रहे है। स्कूल में बड़े बड़े बच्चियां भी पढ़ाई करती है उन्हें काफी दिक्कतें आ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग किया है कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से मजदूरों को स्कूल से निकाला जाए।

# सुब्रतो फुटबाल प्रतयोगिता , लिटिल चैंप श्वेता का दनादन चार गोल, दिखाई प्रतिभा


विजेता टीम को पुरस्कार देते बीडीओ व जिप सदस्य।


जीतने के बाद उत्साहित लिटिल चैंप छात्राएं।

- प्रतिभावान बच्चों को शिक्षक अवसर प्रदान कराएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** प्रखंड प्रसाधन केंद्र बीआरसी ओरमांझी द्वारा आयोजित सुब्रतो फुटबाल व लिटिल चैंप प्रतियोगिता में गुरूवार को स्कूली बच्चों अपनी शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। एसएस हाई स्कूल मैदान ओरमांझी खेला गया अंडर-12 से 17 के बीच प्रतियोगिता के अलावे लिटिल चैंप के बच्चों ने भी शानदार खेल प्रदर्शन किया। लिटिल चैंप के बालिका वर्ग का फाइन डहु व पिस्का स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें श्वेता ने दनादन चार गोल व षिवानी ने एक गोल किया। डहु की टीम 5-0 से विजयी हुई। तीसरे स्थान में कुच्चू की टीम रही। वहीं अडर-12 के बालक वर्ग के फाइनल में पिस्का व कुच्चू के बीच हुआ। जिसमें पिस्का की टीम ने कुच्चू से 5-0 से विजयी हुआ। पवन ने तीन व अमन ने दो गोल किए। वहीं अंडर 17 वर्ग के फाइनल में शिवाजी ने सदमा से 3-0 जीता। वहीं अंडर-15 में विजेता एक्यूए उर्दु स्कूल इरबा व उपविजेता शिवाजी प्रतिभा रहा। शिवाजी अंडर-17 के बालक वर्ग में पीएमश्री पिस्का ने शिवाजी से जीत लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीडीओ कामेश्वर बेदिया दीप प्रज्जवलित व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। बाद में विजेता व उपविजेता टीम को कप व सभी खिलाड़ियों को मेडल व प्रस्सती पत्र प्रदान किया गया। बीडीओ ने बच्चों के खेल के प्रति उत्साह देखकर कहा बादल, धूप और फिर झमाझमर बारिश के बावजूद बच्चों के खेल उत्साह में कम नही हुई। उन्होने सुब्रतो व लिटिल चैंप फुटबाल प्रतियोगिता को गांव के बच्चों के लिए एक अवसर बताया, कहा कई छोटे बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के शिक्षक को उन छोटे बच्चों को प्रतिभा निखारने व अवसर दिलाने का प्रयास करना चाहिए। वहीं बीइओ सीमा कुमारी ने बताया इस प्रतियोगिता के लिए सभी स्कूल के बच्चे पिछले एक सप्ताह से तैयारी कर रहे थें। बारिस के कारण प्रतियोगिता टल जाने से बच्चे निराश हो जाते। वहीं जिप सदस्य सरिता देवी, राज्यसभा सदस्य प्रतिनिधि मानकी राजेंद्र शाही, विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो ने भी बच्चों की खेल प्रतिभा की सरहाना की, और बच्चों को अवसर ने देने के लिए सरकार का बेहतर कार्यक्रम बताया। रेफरी रमेश महतो, खेल शिक्षक रितेश कुमार, आशीष मुंडा, अभिषेक तिवारी, बिरेंद्र कुमार आदि की महत्वपूर्ण भुमिका रही। संचालन सतीश बड़ाईक ने किया। मौके पर बीपीएम रिना यादव, डीडीओ नसीम अहमद, मुखिया सीमा तिर्की, पूर्व मुखिया रमेशचंद्र उरांव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि तौहिद आलम, जीतमोहन पाल, बिनोद कुमार, नारायण प्रसाद, ब्रजकिशोर यादव, तनवीर हसन, अब्दुल रहमान, संजीव कुमार, देवचरण मुंडा, जनार्दन महतो, सुरेंद्र कुमार, संध्या रानी, भारती कुमारी, ममता कुमारी, मेरी तग्गा सहित विभिन्न विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# कोल डंप से वसूली कर रहे दो गिरफ्तार

- लाखों रुपये व मोबाईल जप्त, जांच जारी, डंप चलाने वाले होंगे बेनकाब, तत्काल अवैध वसूली बंद

### एनके एरिया में संचालित कोल डंप से करोड़ो रुपये की होती है अवैध वसूली



एनके एरिया में संचालित केडीएच कोल डंप, डकरा कोल डंप,पुरनाडीह कोल डंप रोहणी कोल डंप, चुरी कोल डंप से एक साल में हजारों करोड़ो रुपए की अवैध उगाही किया जाता है। जानकरी के अनुसार प्रत्येक परियोजना से प्रत्येक वर्ष लाखो टन कोयला उत्पाद कर बेचती है। इसी तरह एनके एरिया के पांचों परियोजना से एक बार मे हजारों टन कोयला उठाने का ऑक्शन (बिडिंग) होता है। जिसके बाद डंप संचालन समिति का गठन किया जाता है। बाद में प्रति टन के हिसाब से करोड़ो रुपये का अवैध उगाही किया जाता है। इसमें भी रैयत अथवा विस्थापित प्रभावित के नाम पर एक कमिटी बनाकर डायरी मेंटेन किया जाता है। जिसमे एक टोला का डायरी में लगभग 10 लोगो का नाम दिया जाता है। उस डायरी के पीछे 1000 दिया जाता है। इसी तरह से एक ट्रक से टोकन के नाम पर 5500 सौ रुपये, उग्रवादियों के नाम पर प्रति टन 120 रुपये,सीसीएल अधिकारियों के द्वारा स्पेशल लोडिंग व लोडर के नाम पर 6000 रुपये का अवैध उगाही किया जा रहा है। बताया जाता है कि एक ट्रक कोयला लोडिंग कराने में 13 से 14 हजार रुपये प्रति ट्रक दिया जाता है।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** एनके एरिया के केडीएच, पुरनाडीह, रोहणी, डकरा, चुरी परियोजनाओं में खुलेआम डंप में संगठन बनाकर अवैध वसूली की जा रही है। कोल डंप से अवैध वसूली की खबर राज्य के आंतरिक एजेंसियों व पुलिस को मिली तो त्वरित एक टीम गठित किया गया। जिसमें पुलिस का स्पेशल टीम व एटीएस के टीम के द्वारा केडीएच कोल डंप में औचक छापामारी किया गया। इस छापामारी में अवैध वसूली करते हुए कुल छः व्यक्तियों को हिरासत में लेकर बुधवार को खलारी थाना में पूछताछ किया गया। जिसमे चार लिफ्टर को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। वही दो व्यक्ति संजय गंझू, व प्रदीप गंझू के द्वारा रैयत विस्थापित व ग्रामीणों के नाम प्रति ट्रक से खुलेआम वसूली करने के आरोप में गुरुवार को जेल भेज दिया गया।

वही खलारी पुलिस ने कुछ भी बताने से इनकार किया। खलारी पुलिस से पूछने पर बताया कि मुझे कोई जानकारी नही है। दो व्यक्ति वसूली करते हुए पकड़े जाने पर जेल भेज दिया गया। वही बताया जा रहा है कि पकड़े गए व्यक्तियों ने कोल डंप संचालित कर्ता के मास्टरमाइंड के खिलाफ कई राज उगला है। जो एक रहस्य ही बन कर रह जा सकता है,या डंप संचालन के मास्टरमाइंड के राज खुलने के बाद एक बार फिर एनके पिपरवार में अवैध वसूली पर विराम लगेगी। कारर्वाई के बाद फिलहाल केडीएच में कोल डंप से अवैध वसूली बंद है।

# राजकिला : नेत्रदान के बाद मंदिर के पट खुले, रथयात्रा आज


नेत्रदान पूजा करते राजपुरोहित।

- दुल्हन की तरह सजा रथ
- मौसी घर जायेंगे जगन्नाथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू (रांची)।** ऐतिहासिक राजकिले की जगरनाथ मंदिर में एक पखवाड़े तक गर्भगृह में रहे भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा समेत अन्य विग्रहों का 26 जून की सुबह नेत्रदान पूजा की गयी। देवताओं का श्रृंगार भी किया गया। इसके उपरांत, श्रद्धालुओं के लिये मंदिर के पट खोल दिये गये। इसके बाद दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। राजपुरोहित भोला शंकर मिश्र समेत अन्य पुजारियों ने पूजा अनुष्ठान कराया। श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर मन्नतें मांगी। इस दौरान राजकुमारी माधुरी मंजरी तथा कल्पना देवी मंजरी व राजपरिवार के सदस्य समेत पुजारी करुणा नाथ मिश्र व किला प्रबंधक दामोदरनाथ मिश्र आदि मौजूद थे। शुक्रवार की शाम 5 बजे महाआरती के बाद रथयात्रा होगी। किले की जगन्नाथ मंदिर और रथ को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

### किला मैदान में लगेगा मेला

किला मैदान में पारंपरिक रथयात्रा मेला लगेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। थानेदार आरएन सिंह इसकी कमान संभालेंगे। दंडाधिकारी भी प्रतिनियुक्ति किये गये हैं। किला प्रबंधन की ओर से चयनित करीब 150 स्वयंसेवक मेले में मुस्तैद रहेंगे। नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। चिकित्सा शिविर लगेगा। पेयजल की भी व्यवस्था है।

## पेड़ गिरी मकान में छात्र घायल हुआ

### चार कमरे छतिग्रस्त अनाज व सामान को नुकसान


मकान में पेड़ गिरने से घायल छात्र विशाल कुमार।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के डहु में गुरूवार को एक पेड़ मकान में गिर गया। जिससे बलिदानी वीर वुधू भगत रांची कालेज के बीए का छात्र घायल हो गया है। घटना सुबह आठ बजे हुई। बताया गया कि सुबह से क्षेत्र में वर्षा होने के साथ हल्की हवा भी चल रही थी। तभी कलेश्वर महतो के मकान में पड़ोस के नागेंद्र महतो वैगरह का पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से एसवेस्टस मकान के चार कमरे छतिग्रस्त हो गए। पेड़ का मोटा डाली छत तोड़ते हुए मकान के अंदर गिरा, जिससे कमरे में बैठक कर पढ रहे उसका 18 वर्षीय बेटा विशाल कुमार की माथा फट गया। उसे स्थानीय चिकित्सक से उपचार कराया गया। कामेश्वर महतो ने बताया मकान के बगल में ही एक बड़ा सा पाकड़ पेड़ सुखा हुआ था। गिरने की संभावना देखते हुए पड़ोसी से कई बार पेड़ कटवाने के लिए बोला गया था। बावजूद पेड़ नही काटा गया। बताया गया कि रात में पेड़ गिरने से बड़ी हादसा हो सकती थी। मकान का छत टुट जाने से बारिश का पानी घर में घुस गए हैं। घर में रखे अनाज, कपड़े सहित सारा सामना भिंग गया है। प्रखंड वार्ड सदस्य संघ के सचिव सोनालाल महतो व समाज सेवी बाबुलाल महली ने ने प्रशासन से मुआवजा देने व कार्रवायी की मांग की गई है।

# खलारी के होयर चुरी में अधूरी सड़क बनी ग्रामीणों की परेशानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** खलारी प्रखंड के होयर चुरी गांव के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से अधूरी सड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की है। विश्रामपुर निवासी एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य रतिया गंझू ने गुरुवार मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि वर्षों से अधूरी पड़ी सड़क का निर्माण कार्य अविलंब पूरा कराया जाए। इस संबंध में पूर्व जिप सदस्य रतिया गंझू ने बताया कि वर्ष 2017 में झारखंड स्टेट हाइवे अर्थॉरिटी द्वारा मैक्लुस्कीगंज से पतरातु तक सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया था। हालांकि, होयर चुरी गांव के तहत आने वाले करीब 500 मीटर हिस्से में सड़क निर्माण अधूरा रह गया।



उन्होंने कहा कि इस अधूरी सड़क के कारण खलारी प्रखंड के कई पंचायतों के हजारों ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है विशेषकर बरसात के दिनों में हालात बदतर हो जाते हैं। कीचड़ और गड्ढों के कारण ग्रामीणों का आवागमन बेहद मुश्किल हो जाता है। स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर बीमार मरीजों तक सभी परेशान हैं। आए दिन हादसे भी हो रहे हैं। वही रतिया गंझू ने मुख्यमंत्री से जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग करते हुए कहा कि इसके पूरा होते ही क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सकेगी और ग्रामीणों का जीवन सुगम होगा। मौके पर ज्ञापन सौंपते समय पूर्व खलारी जिला परिषद रतिया गंझू, खलारी प्रखंड अध्यक्ष झारखंड लोकतांत्रिक तौहीद अंसारी, रांची जिला मीडिया प्रभारी बीरबल कुमार महतो, समाजसेवी सुरेश यादव उपस्थित थे।

## उदय मेमोरियल बीएड काजेल में चुनाव हुआ

### रंजन तिग्गा राष्ट्रपति व राज किस्कू उपराष्ट्रपति चुने गये



चुनाव जीतेने वाले कालेज के प्रशिक्षु छात्र-छात्रा।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** उदय मेमोरियल बीएड कालेज केदल में गुरूवार को बीएड प्रशिक्षु संघ और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का चुनाव हुआ। जिसमें राष्ट्रपति बीएड प्रथम वर्ष के रंजन तिग्गा, उपराष्ट्रपति राज किस्कू, सचिव गुलाबमनी कुमारी, उपसचिव ब्रजेन्द्रनाथ महतो, कोषाध्यक्ष चंचल तिर्की व एनएसएस पर गिन्नी कुमारी यादव विजेयी रहे। इसकी जानारी देते हुए काजेल के सचिव संतोष महतो ने बताया। सभी चुनाव वोटिंग प्रकृया के द्वारा कराया गया।

दोनो में कूल छह पदो के लिए हुए चुनाव को लेकर प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह रहा। कुछ पदों पर काफी नजदिकी मुकाबला हुआ। बाद में सभी विजेताओं को पद की गरिमा को बनाये रखनें व आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए शपथ दिलाई गई। चुनाव कराने में निदेशक राजेश कुमार कंडरवार, प्राचार्य डॉ. चंदन कुमार पंकज, उपप्राचार्य दयामनी कुमारी ने निर्णयक भुमिका निभाई। बाद में सचिव संतोष महतो के साथ जनसूचना पदाधिकारी मुकेश कंडरवार, विभागाध्यक्ष स्वाती अंजना टोप्पो, डॉ. अलका कुमारी, संदीप कुमार महतो, रेहान फजल, निर्मला कुमारी, राखी कुमारी, डॉ. रूबीना सिंह, अनिसा खातुन, डॉ. मनोज कुमार राणा, कमलेश यादव, सुनिता कुमारी, जन्मजय महतो, सलमा टुड्डू, नित्यानन्द कोईरी, सुजाता जोजो, अरूण कुमार पाहन, शालिनी कुमारी, रिंकु कुमारी, काजेल के सभी शिक्षक व छात्र-छात्राएं द्वारा बधाई दी गई।

## चितरकोटा में आम उत्सव और बागवानी मेला आयोजित


प्रशस्ति पत्र के साथ कृषक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड के चितरकोटा में मनरेगा की ओर से संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम उत्सव सह बागवानी मेला आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न पंचायत से आये कृषकों ने खुद से उत्पादित आम की प्रदर्शनी लगायी। मेले में प्रमुख संगीता तिर्की, बीडीओ शैलेंद्र कुमार चौरसिया व सीओ रवि कुमार बतौर अतिथि थे। उन्होंने उत्कृष्ट आम का प्रदर्शन करने वाले दर्जनभर किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इससे वह बेहद उत्साहित नजर आये। श्री चौरसिया ने ग्रामीणों को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की जानकारी दी। संचालन तैयब अंसारी ने किया।

**जानें मेले का उद्देश्य**

योजना के तहत वृक्षारोपण से उत्पादित फलों का बाजार उपलब्ध कराने, प्रचार प्रसार के जरिये इसे लोकप्रिय बनाने व इसके लिये किसानों को जागरूक और प्रोत्साहित करना है। ताकि, वह बागवानी को आमदनी का श्रोत बना सकें। अधिकारियों ने उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

संचालन तैयब अंसारी ने किया।

**कार्यक्रम में थे शामिल**

ग्राम प्रधान सुकरा पाहन, मुखिया प्रेम खलखो, उप मुखिया, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी नीरज कुमार त्रिपाठी, कार्यक्रम पदाधिकारी मनीता कुमारी, तकनीकी प्रबंधक मुन्नी कुजूर, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव धर्मेंद्र कुमार, रोजगार सेवक व बड़ी संख्या में ग्रामीण आदि।

## घुरती रथयात्रा में मड़ई का उद्घाटन होगी


इसी गणेशपुर का मंडप का उद्घाटन किया जाएगा।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र क गणेशपुर गांव में स्थित दुर्गा मंडप (मडई) को उद्घाटन को लेकर गुरूवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की भगवान जगरन्नाथ पूजा के अवसर पर घुरती रथ यात्रा के दिन छह जुलाई को मंडप का उद्घाटन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए गांव के राजेंद्र गंझु ने बताया। दुर्गा मंडप का उद्घाटन व पमजा पुरे विधि विधान व धूमाधाम से किया जाएगा। इसके लिए देते के लिए पाहन पुजारी, ढ़ोल नगाड़े व सहनाई वादक के साथ गांव के सभी ग्रामीणों को कार्यक्रम में शामिल होने को आमंत्रित किया गया हैं। बैठक में पूर्व मुखिया विनोद बेदिया वार्ड सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर गंझु, विशुन बेदिया, टेमन गंझु, रामकेश्वर गंझु, रामलखन बेदिया, देवनारायण बेदिया, रामराज महतो, जतरु बेदिया, रमेश बेदिया, प्रदीप गंझु, मनीराम बेदिया, प्रकाश बेदिया, राजेश बेदिया सहित ग्रामीण उपस्थित थें।

# दो पिकअप वैन में अवैध रूप से लदे 18 मवेशियों को किया जब्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** एसएसपी रांची के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बेड़ो पुलिस ने छापामारी के दौरान रांची गुमला मुख्य मार्ग के नगड़ी टोली गांव के समीप सड़क पर बुधवार की रात लगभग ढाई बजे अवैध रूप से पशुओं से लदे दो पिकअप वैन नं जेएच 01एफजे 5647 व जेएच 01एफपी 9734 को जब्त किया है। साथ ही 18 गोवंशीय पशुओं को बरामद किया है। बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि एसएसपी रांची के द्वारा अवैध रूप से दो वाहनों पर लादकर ले जा रहे गोवंशीय पशुओं के संदर्भ में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिसके बाद उन्होंने इस निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी के अनुसार उक्त पिकअप वाहन पर गोवंशीय पशुओं को निर्ममता पूर्वक लादकर ले जाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि बेड़ो थाना के नेतृत्व में इटकी थाना प्रभारी मनीष कुमार व एसआई नंदु पैरा तथा सशस्त्र बलों की मौजूदगी में अलग-अलग तीन टीम का गठन कर गुरुवार की रात करीब दो बजे रात से वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान तेज गति से आ रहे पशुओं से लदे दो पिकअप वैन को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया लेकिन पिकअप वैन चालकों ने दोनों पिकअप वैन के साथ कुछ दूर जाकर रूके और अवैध रूप से लदे पशुओं समेत पिकअप वैनों को छोड़कर व अंधेरा का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। इधर बेड़ो थाना में इस संदर्भ में अज्ञात के लोगों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। इधर बेड़ो थाना परिसर में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा राकेश रंजन ने बरामद किए गए पशुओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध जागरूकता अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मांडर।** महाविद्यालय मांडर के सभागार में गुरुवार को मांडर थाना के सौजन्य से मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एन सी सी अधिकारी डॉ अनसेलम मिंज ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता पुलिस इंस्पेक्टर, मांडर, शशि भूषण चौधरी ने छात्रों से मादक पदार्थों के सेवन से बचने एवं नशापान के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया एवं उपस्थित विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए शपथ भी दिलाई। कालेज के परीक्षा नियंत्रक डॉ के पी शाही ने मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों को उजागर किया एवं धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर मांडर थाना के ए एस आई, पी के चौबे, ए एस आई अजीत कुमार, मांडर कॉलेज के बड़ा बाबू सलीम अंसारी, डॉ ममता कुमारी, डॉ चांदनी कुमारी, प्रो. सेनेल टेटे, दिव्या कुमारी, सुषमा कुमारी सहित सैकड़ो छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

## क्रेजिकोवा चोट के कारण ईस्टबोर्न से बाहर

**लंदन।** विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा ने जांघ की चोट के कारण ईस्टबोर्न से नाम वापस ले लिया है। चेक गणराज्य की खिलाड़ी को अपने दोनों मैचों में तीन सेटों तक जाना पड़ा, जिसमें उन्होंने क्रमशः पहले और दूसरे राउंड में ब्रिटेन की हैरियट डार्ट और जोडी बर्रेज को हराया। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना फ्रांस की वरवारा ग्रेचेवा से होना था, लेकिन मैच शुरू होने से पहले ही उन्होंने नाम वापस ले लिया।

## तेलंगाना में मुक्केबाजी टूर्नामेंट में लवलीना, निखत करेंगी शिरकत

**तेलंगाना।** दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन, ओलंपिक गेम्स टोक्यो 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो, 27 जून से एक जुलाई तक तेलंगाना के सरूरनगर इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली शीर्ष भारतीय महिला मुक्केबाजों में शामिल होंगी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और तेलंगाना खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में तेलंगाना मुक्केबाजी महासंघ द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में 15 इकाइयों की मुक्केबाज भाग लेंगी, जिसमें आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष 12 टीमें रेलवे, हरियाणा, अखिल भारतीय पुलिस, सेवाएँ, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और सिक्किम शामिल हैं।

## श्रीलंका ने बनायी बढ़त

**कोलंबो।** श्रीलंका ने गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 290 रन बनाये हैं। मेहमान टीम ने अपनी पहली पारी में 247 रन बनाए थे। श्रीलंका ने 43 रन की बढ़त ले ली है और उसके आठ विकेट अभी भी बरकरार हैं। पथुम निसांका ने नाबाद 146 रन बनाए, जबकि दिनेश चांदीमल सात रन से शतक से चूक गए। दूसरे विकेट के लिए 194 रन की साझेदारी करने के बाद वह अंतिम सत्र में आउट हो गए। बांग्लादेश ने दिन की शुरूआत 237 रन पर आठ विकेट के साथ की। श्रीलंकाई तेज गेंदबाजों ने एक घंटे से भी कम समय में पारी को समेट दिया।

# डीआरएस से लेकर स्टॉप क्लॉक तक आइसीसी बदलने जा रहा ढेरों नियम

एजेंसी

**एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वनडे और टेस्ट क्रिकेट में कई बदलाव करने का निर्णय लिया है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकल की शुरूआत के साथ ही नए नियमों का दौर भी शुरू हो गया है। पहले से ही कुछ महत्वपूर्ण बदलाव प्लेइंग कंडीशन्स में लागू हो चुके हैं और कुछ 2 जुलाई 2025 से प्रभाव में आने वाले हैं।

### टेस्ट क्रिकेट में स्टॉप क्लॉक की एंट्री

आइसीसी ने टेस्ट क्रिकेट में अब स्टॉप क्लॉक का प्रयोग किया जाएगा, जो पहले केवल वनडे और टी20 मुकाबलों में होता था। इसके तहत गेंदबाजी करने वाली टीम को हर ओवर शुरू करने के लिए 60 सेकंड (1 मिनट) का समय मिलेगा। समयसीमा का पालन न करने पर पहली दो बार चेतावनी दी जाएगी, जबकि तीसरी बार पर विरोधी टीम को 5 रन पेनल्टी के रूप में दिए जाएंगे। हर 80 ओवर के बाद चेतावनियां रीसेट कर दी जाएंगी।

### थूक से गेंद बदलने की अनिवार्यता खत्म

थूक का इस्तेमाल गेंद पर अब भी बैन है, लेकिन अब अंपायर को गेंद तुरंत बदलने की जरूरत नहीं। अगर कोई टीम जानबूझकर थूक लगाकर गेंद बदलवाने की कोशिश करता है, तो अंपायर गेंद की हालत देखेंगे। अगर गेंद ज्यादा गीली या चमकदार नहीं है, तो उसे बदला नहीं जायेगा। यह पूरी तरह से अंपायरों के विवेक पर छोड़ दिया गया है। साथ ही, अगर अंपायरों के यह कहने के बाद भी कि लार के इस्तेमाल से गेंद की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है, गेंद में कुछ बदलाव होने लगे, तो उसे बदला नहीं जा सकता। हालांकि, बल्लेबाजी करने वाली टीम को पांच रन दिए जाएंगे।




### डीआरएस में दूसरी समीक्षा का नया नियम



मान लीजिए, बल्लेबाज को कैच आउट दिया गया और वह रिव्यू लेता है। अगर अल्ट्राएज दिखाता है कि गेंद बल्ले से नहीं, बल्कि पैड से टकराई, तो अब टीवी अंपायर एलबीडब्ल्यू की जांच करेगा। पहले, एलबीडब्ल्यू के लिए डिफॉल्ट फैसला नॉट आउट होता था। लेकिन अपडेट किए गए नियमों के तहत जब एलबीडब्ल्यू के लिए बॉल-ट्रैकिंग ग्राफिक प्रदर्शित किया जाता है, तो उस पर ऑरिजनल डिसिजन लेबल आउट लिखा होगा और अगर समीक्षा में अंपायर का फैसला आता है, तो बल्लेबाज आउट हो जाएगा।

### नो बॉल पर फेयर कैच होगा रिव्यू

अगर अंपायर कैच की जांच कर रहे हैं और पता चलता है कि नो-बॉल थी, तो अब टीवी अंपायर कैच की वैधता भी जांचेगा। अगर कैच सही है, तो बल्लेबाजी करने वाली टीम को नो-बॉल के लिए 1 रन मिलेगा। अगर कैच गलत है, तो बल्लेबाजों द्वारा लिए गए रन गिने जाएंगे।

### कंबाइंड रिव्यू में क्रमबद्ध जांच

अब अगर एलबीडब्ल्यू और रन-आउट जैसे दो रिव्यू एक साथ हों, तो टीवी अंपायर पहले उस घटना की जांच करेगा जो पहले हुई। उदाहरण के लिए, अगर एलबीडब्ल्यू पहले हुआ और बल्लेबाज आउट है, तो गेंद डेड मानी जाएगी, और रन-आउट की जांच नहीं होगी।

**जानबूझकर शॉर्ट रन :** अगर कोई बल्लेबाज जानबूझकर रन चुराने के लिए शॉर्ट रन लेता है, तो फील्डिंग टीम यह चुन सकती है कि कौन सा बल्लेबाज स्ट्राइक पर रहेगा। साथ ही, 5 रन की पेनल्टी भी लागू होगी। लेकिन अगर अंपायर को लगता है कि बल्लेबाज ने धोखा देने की कोशिश नहीं की, तो यह नियम लागू नहीं होगा।

**डोमेस्टिक फर्स्ट क्लास क्रिकेट में फुलटाइम रिप्लेसमेंट :** आइसीसी ने सदस्य बोर्ड्स से आग्रह किया है कि वे घरेलू प्रथम श्रेणी मैचों में गंभीर चोटिल खिलाड़ियों की भरपाई के लिए पूर्णकालिक रिप्लेसमेंट की सुविधा का परीक्षण करें। यह रिप्लेसमेंट कनकशन सब की तरह लाइक-फॉर-लाइक होगा, यानी उसी भूमिका का खिलाड़ी बदलेगा। चोट साफ तौर पर दृश्य होनी चाहिए और अंपायरों द्वारा प्रमाणित। यह नियम माइनर इंजरी जैसे हैमस्ट्रिंग या खिंचाव पर लागू नहीं होगा।

## सर्जरी के बाद सूर्यकुमार की सेहत में सुधार



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने जर्मनी के म्यूनिख शहर में अपने निचले दाहिने पेट में स्पोर्ट्स हर्निया की सफल सर्जरी करवाई है। यह जानकारी खुद सूर्यकुमार ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया के जरिये साझा की। सूर्या ने अपने पोस्ट में लिखा, लाइफ अपडेटः निचले दाहिने पेट में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई है। सर्जरी सफल रही और अब मैं रिकवरी की राह पर हूं। जल्द वापसी करने के लिए उत्साहित हूं। स्पोर्ट्स हर्निया एक प्रकार की मांसपेशीय चोट होती है, जो ग्रोइन या निचले पेट के आसपास के मांसपेशियों, टेंडन या लिगामेंट्स को प्रभावित करती है।

बीसीसीआइ से मिली जानकारी के अनुसार, सर्जरी के करीब दो सप्ताह बाद सूर्यकुमार बेंगलुरु स्थित बीसीसीआइ के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। यह सूर्यकुमार की पिछले तीन सालों में तीसरी सर्जरी है। इससे पहले 2023 में उनके टखने की सर्जरी हुई थी और 2024 में उन्होंने इसी स्पोर्ट्स हर्निया का इलाज करवाया था।

### बांग्लादेश दौरे से करेंगे वापस

भारत का अगला सीमित ओवरों का दौरा अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ है, जिसमें तीन वनडे और तीन टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। सूर्यकुमार के 26 अगस्त को चटगांव में होने वाले पहले टी20 मैच से टीम की अगुवाई करते हुए वापसी की उम्मीद है।

## आइओसी ने रोकी 2036 ओलंपिक के मेजबान चुनने की प्रक्रिया, भारत की बोली पर फैसले में लग सकता है समय

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) की नई अध्यक्ष कर्स्टी ने गुरुवार को ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए जारी प्रक्रिया पर रोक लगा दी। इससे भारत की मेजबानी के लिए लगाई बोली पर फैसला आने में समय लग सकता है। कर्स्टी ने भावी मेजबान की पहचान के उचित समय का पता लगाने के लिए कार्य समूह (समिति) का गठन किया है।

### क्यों लगाई गई रोक?

आइओसी की पहली महिला और पहली अफ्रीकी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व ओलंपिक चैंपियन तैराक कर्स्टी ने कहा कि सदस्यों के बीच प्रक्रिया का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए आम सहमति है। लुसाने में अपनी पहली कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद कर्स्टी ने कहा, आइओसी सदस्यों से भविष्य के मेजबान चुनाव प्रक्रिया की समीक्षा करने और रोक लगाने के लिए भारी समर्थन मिला है और हम इस पर विचार करने के लिए एक कार्य समूह का गठन करेंगे। (ऐसा) दो मुख्य कारणों से हुआ है। सबसे पहले, सदस्य इस प्रक्रिया में अधिक से अधिक शामिल होना चाहते हैं और दूसरा, इस बात पर काफी चर्चा हुई कि अगला मेजबान कब चुना जाना चाहिए।

### भावी मेजबान का चुनाव करने का उचित समय कब है

कर्स्टी ने कहा कि कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों को लगा कि भविष्य के प्रस्तावों पर आगे बढ़ने से पहले पहले से तय किए गए भावी मेजबानों लॉस एंजिलिस (2028 ग्रीष्मकालीन खेल), ब्रिस्बेन (2032 ग्रीष्मकालीन खेल) और फ्रेंच आल्प्स (2030 शीतकालीन खेल) के अनुभव का अध्ययन किया जाना चाहिए। कर्स्टी ने आगे कहा, इसलिए इस बात पर बहुत चर्चा हुई कि भावी मेजबान का चुनाव करने का उचित समय कब है। और यह भी कि हमें भावी मेजबान का चयन कैसे करना चाहिए। भारत ने पिछले साल अक्तूबर में 2036 खेलों की मेजबानी के लिए एक आशय पत्र दिया था। खेल सचिव हरि रंजन राव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के अगले महीने इस मुद्दे पर अनौपचारिक बातचीत के लिए लुसाने जाने की योजना है। कर्स्टी ने कहा कि यात्रा तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगी। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि सभी इच्छुक पक्ष इस रोक का हिस्सा बनें और इस पर विचार करें।

## अश्विन ने पंत की तुलना पाकिस्तान के महान बल्लेबाज से की

**नयी दिल्ली।** सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने लीड्स में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय टीम की पांच विकेट से हार का विस्तृत विश्लेषण करते हुए कहा कि भारत को अधिक समय बल्लेबाजी करने पर ध्यान देना चाहिए और ऋषभ पंत को मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड के औसत आक्रमण के खिलाफ अपने शतकों को दोहरे शतकों में बदलना चाहिए। भारत ने दोनों पारियों में पांच शतक जड़े लेकिन इंग्लैंड ने 371 रन के अपने दूसरे सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करके श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल ऐश की बात पर कहा, एक चीज जिस पर भारतीय टीम की बल्लेबाजी ध्यान दे सकती है, वह यह है कि क्या आप हर पारी में बल्लेबाजी का समय बढ़ा सकते हैं- रनों के हिसाब से नहीं।

## धवन बने लेखक, लिखी किताब धोनी से जुड़ा किस्सा किया साझा


एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने जीवन के संस्मरणों को कलमबद्ध किया है जिसमें रिश्तों से लेकर दोस्ती तक और मैदान के भीतर तथा बाहर के विवादों पर भी खुलकर बात की है। धवन ने अपनी किताब द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर के बारे में कहा, क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया लेकिन इस सफर में उतार चढ़ाव और खामोश पल भी रहे। इसने मुझे वह इंसान बनाया जो आज मैं हूं। मैं दिल से अपनी कहानी कह रहा हूं जो ईमानदार और किसी फिल्टर के बिना है। प्रकाशक हार्पर कोलिंस इंडिया ने कहा, पूरी स्पष्टवादिता और ईमानदारी के साथ लिखी गई 'द वन शिखर धवन के आंतरिक संवाद और उन सभी कमजोरियों की अभूतपूर्व झलक पेश करती है जिन्होंने उन्हें एक चैंपियन क्रिकेटर और संवेदनशील इंसान बनाया है।' कंपनी के प्रकाशक सचिन शर्मा ने कहा, शिखर धवन का मैदान के भीतर और बाहर जीवन शानदार रहा है। इस संस्मरण में शिखर ने अपने जीवन, रिश्तों और हर उस अनुभव के बारे में बात की है जिसका उन्होंने सामना किया और मजबूत होकर निकले हैं। उन्होंने किताब में लिखा,ह्यजब मैं भारतीय टीम में आने की कोशिश कर रहा था तब सोशल मीडिया नया था और क्रिकेटरों पर इतनी नजर नहीं रखी जाती थी। लेकिन प्रिंट और प्रसारण मीडिया चरम पर था। उन्होंने लिखा, टीम चयन और व्यक्तिगत प्रदर्शन पर चर्चा होती थी और लोग पढ़ते थे। आजकल की तरह नहीं जब सोशल मीडिया रातोरात क्रिकेटर को हीरो से जीरो बना देता है। धवन ने महेंद्र सिंह धोनी से पहली मुलाकात के बारे में लिखा है,मैं उसे एक बॉलीवुड मूवी में देखना चाहता था। वह फिल्म स्टार की तरह दिखता था। लंबे बाल और आकर्षक मुस्कान। हम आपस में बात कर रहे थे और मैने उससे कहा कि मैं भारत के लिए खेलना चाहता हूं और मैं चाहता हूं कि तुम बॉलीवुड हीरो बनो।

## पॉल पोग्बा की फुटबॉल में वापसी, एएस मोनाको से किया दो साल का करार

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** फ्रांस के विश्व कप विजेता मिडफील्डर पॉल पोग्बा ने फुटबॉल में वापसी कर ली है। उन्होंने फ्रेंच क्लब एएस मोनाको के साथ दो साल का करार किया है, जो 2027 तक चलेगा। पोग्बा को अगस्त 2023 में जुवेंटस के लिए खेलते समय डोप टेस्ट में फेल होने के बाद चार साल का प्रतिबंध झेलना पड़ा था। हालांकि, अपील के बाद यह बैन घटाकर 18 महीने कर दिया गया। इसके बावजूद इटैलियन क्लब जुवेंटस ने उनका कॉन्ट्रैक्ट रद्द कर दिया था। फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम के मीडिया रिपोर्ट्स में सामने आई है कि अब पोग्बा एएस मोनाको की जर्सी में पेशेवर फुटबॉल में वापसी करेंगे और दो साल तक क्लब के लिए खेलेंगे। 32 वर्षीय पॉल पोग्बा मैनचेस्टर यूनाइटेड की युवा अकादमी से निकले थे, लेकिन शुरूआत में उन्हें सर एलेक्स फर्ग्यूसन ने रिलीज कर दिया था। इसके बाद उन्होंने जुवेंटस में मिडफील्डर के रूप में खुद को स्थापित किया। चार सीजन में उन्होंने क्लब के लिए आठ ट्रॉफियां जीतीं और 2015 में चैंपियंस लीग फाइनल तक पहुंचे। उनके प्रदर्शन से प्रभावित होकर मैनचेस्टर यूनाइटेड के उस समय के मैनेजर जोसे मोरिन्हो ने उन्हें 105 मिलियन यूरो की रिकॉर्ड राशि में वापस साइन किया। यूनाइटेड के लिए पोग्बा ने 154 मैच खेले और क्लब के साथ यूरोपा लीग और लीग कप जीते। हालांकि, क्लब के साथ उनके संबंध बिगड़ने के बाद उन्होंने फिर से जुवेंटस का रुख किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पोग्बा फ्रांस की मिडफील्ड की रीढ़ रहे हैं। उन्होंने 2018 में फ्रांस को 20 साल बाद फीफा वर्ल्ड कप जितवाने में अहम भूमिका निभाई थी और 2021 में यूईएफए नेशंस लीग खिताब भी दिलाया था।

## व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा जिम्बाब्वे

**हरारे (जिम्बाब्वे)।** जिम्बाब्वे व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा जिसमें दो वनडे और तीन टी20 मैच शामिल हैं। ये सभी मैच एक ही स्थान हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएंगे। क्ब्उ के अनुसार व्हाइट-बॉल सीरीज की शुरूआत 29 अगस्त को होगी और इसके बाद सितंबर की शुरूआत में टी20आई सीरीज होगा। यह दौरा जिम्बाब्वे के लिए और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि टी20 मैच आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका क्षेत्रीय फाइनल से पहले महत्वपूर्ण तैयारी के रूप में काम करेंगा जिसकी मेजबानी जिम्बाब्वे 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक करेगा। क्षेत्रीय फाइनल आइसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए अंतिम दो अफ्रीकी स्थानों का निर्धारण करेगा

## सिंदारोव को हराकर कैसे प्रज्ञानदा पहुंचे थे भारत के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी बनने के करीब

एजेंसी

**ताशकंत, उज्बेकिस्तान।** उजचेस कप सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट के चार राउंड के बाद भारत के आर प्रज्ञानन्दा अपने करियर की ऐतिहासिक उपलब्धि के बेहद करीब पहुंच गए हैं। दो जीत और दो ड्रॉ के साथ 3 अंक बनाकर वह मेजबान उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं, लेकिन खास बात यह रही कि इस प्रदर्शन के बाद प्रज्ञानन्दा की लाइव रेटिंग 2779 पहुंच गई। जो अब तक की उनकी सर्वश्रेष्ठ है। चौथे राउंड में प्रज्ञानन्दा ने सफेद मोहरों से खेलते हुए क्वीन्स गैम्बिट डिक्लाइन्ड ओपनिंग में उज्बेकिस्तान के सीनियर ग्रांडमास्टर जावोखिर सिंदारोव को मात दी। यह जीत न केवल टूर्नामेंट में उनकी दूसरी जीत थी, बल्कि इसी के साथ वह देश के नंबर एक खिलाड़ी बनने के बेहद करीब भी पहुंच गए हैं। अगर वह अगला राउंड भी जीतते हैं, तो उनकी लाइव रेटिंग 2782 से ऊपर पहुंच सकती है, और वह भारत के वर्तमान नंबर एक खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी (2782) को पीछे छोड़ सकते हैं।



विश्व रैंकिंग में फिलहाल अर्जुन चौथे, प्रज्ञानन्दा पांचवें और डी गुकेश छठे स्थान पर हैं। तीनों ही खिलाड़ी भारत के लिए गौरव का कारण हैं, परंतु प्रज्ञानन्दा की मौजूदा फॉर्म यह संकेत दे रही है कि वह जल्द ही देश के शीर्ष खिलाड़ी का स्थान हासिल कर सकते हैं। अन्य मुकाबलों में ईरान के परहम मघसूदलू ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबबोएव को हराया, जबकि अर्जुन एरिगैसी ने अब्दुसत्तारोव से, रूस के यान नेपोमनिशी ने भारत के अरविंद चितांबरम से और हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट ने उज्बेकिस्तान के वोखिदोव शम्सिद्दीन से ड्रॉ खेला।

चार राउंड के बाद प्रज्ञानन्दा और अब्दुसत्तारोव 3 अंक लेकर संयुक्त पहले स्थान पर हैं, जबकि अर्जुन और परहम 2.5 अंकों के साथ पीछा कर रहे हैं। टूर्नामेंट का अगला राउंड प्रज्ञानन्दा के लिए निर्णायक हो सकता हैन केवल खिताबी दौड़ के लिहाज से, बल्कि भारत के नंबर एक बनने के सपने के लिए भी।

# ओड़िशा और पंजाब ने फाइनल में बनायी जगह

एजेंसी

**चेन्नई।** मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में चल रहे पहले महिला हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 में फाइनल की तस्वीर साफ हो गई है। हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हॉकी पंजाब ने सेमीफाइनल में शानदार जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली है। अब ब्रॉन्ज मेडल के लिए हॉकी हरियाणा और हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु आमने-सामने होंगी। पहले सेमीफाइनल में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु को 4-1 से हराया। ओडिशा की कप्तान लुसेला एक्का (4', 25') ने दो बेहतरीन फील्ड गोल कर अपनी टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। उनके साथ सरिता रोशन मिंज (9') और असीमा संजय मिंज (30') ने भी गोल कर जीत को एकतरफा बना दिया। तमिलनाडु की ओर से एकमात्र गोल सौम्या (34') ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए किया।

### पंजाब ने रोमांचक मुकाबले में हरियाणा को दी मात

### महिला हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025



दूसरे सेमीफाइनल में हॉकी पंजाब ने बेहद रोमांचक मुकाबले में हॉकी हरियाणा को 3-2 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। हरियाणा की ओर से सोनिका यादव (11') ने शुरूआती बढ़त दिलाई, लेकिन पंजाब की मीनाक्षी (18') ने पेनल्टी कॉर्नर से स्कोर बराबर कर दिया। तीसरे क्वार्टर में निशी शिवेंद्र सिंह (38') ने हरियाणा को दोबारा बढ़त दिलाई, लेकिन पंजाब ने फिर वापसी की। बलजीत कौर मारार (44') ने पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी का गोल किया और तीन मिनट बाद संगीता मिंज (47') ने फील्ड गोल कर पंजाब को निर्णायक बढ़त दिला दी। अब 27 जून को हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हॉकी पंजाब के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा, जबकि हॉकी हरियाणा और हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु के बीच तीसरे स्थान के लिए भिड़ंत होगी।

### शुक्रवार, 27 जून 2025 का शेड्यूल

- तीसरे स्थान का मुकाबलाः हॉकी हरियाणा बनाम हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु- सुबह 06:00 बजे
- फाइनल मुकाबलाः हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा बनाम हॉकी पंजाब-दोपहर 02:00 बजे

## रोनाल्डो ने लगाया अटकलों पर विराम, अल नस्र के साथ दो साल के लिए करार बढ़ाया




**लंदन।** स्टार फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नस्त्र के साथ दो साल के लिए करार बढ़ा लिया है। पुर्तगाल के महान खिलाड़ी रोनाल्डो अब कम से कम 42 साल तक खेल पाएंगे जिससे उन्हें अपने रिकॉर्ड करियर में इजाफा करने का मौका मिलेगा। रोनाल्डो ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, एक नया अध्याय शुरू हुआ। वही जुनून, वही सपना। आइए मिलकर इतिहास बनाएं। पांच बार के बेलन डि ओर विजेता रोनाल्डो ने 2022 में मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़कर सऊदी अरब के क्लब से जुड़े थे। यह सौदा कथित तौर पर 200 मिलियन डॉलर सालाना (1712 करोड़ रुपये) था और इसके कारण नेमार और करीम बेंजेमा सहित कई शीर्ष खिलाड़ी यूरोप छोड़कर सउदी अरब चले गए। पिछले एक महीने से उनके क्लब छोड़ने को लेकर अटकलें चल रही थीं लेकिन उनकी घोषणा से इन पर विराम लग गया। हाल में रोनाल्डो ने अपने शानदार करियर में पुर्तगाल को यूईएफए नेशंस लीग जिताया है और उनके अगले साल फीफा विश्वकप खेलने की संभावना प्रबल है।

### गोटा भारोत सिदो कान्हू हूल बैंसी समेत अन्य संगठनों ने निकाली पदयात्रा

## 30 जून को हूल पदयात्री पहुंचेंगे शहीद स्थली भोगनाड़ीह





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** हर साल की भांति 170 वां हूल दिवस के अवसर पर गोटा भारोत सिदो कान्हू हूल बैसी, जोहार मानव संसाधन विकास केन्द्र, प्रेम संस्था, अनूसूचित जाति जनजाति रक्षा समिति, होली फेथ चंदरपुरा के संयुक्त में निकाला गया। हूल दिवस पदयात्रा का शुभारंभ सिदो कान्हू चौक (पोखरा चौक) से गुरूवार को सुबह 9 बजे मुख्य आतिथि जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी, विशिष्ट अतिथि एसकेएमयू कुलपति प्रो कुनूल कादरी,पुलिस कप्तान दुमका पीतांबर सिंह खेरवार, पश्चिम बंगाल से आए मार्शल हेम्ब्रम के द्वारा पदयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को अमर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो झानो समेत हजार संतालों के बलिदान को स्मरण करते हुए उन सभी वीरों को श्रद्धांजलि देना है। साथ ही सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना उनके आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए जागरूकता पैदा करना है। यह पदयात्रा वर्ष 2005 से लगातार अयोजन किया जाता रहा है। मौके पर सुजुर्डीह फूलो झानो कोचिंग सेंटर के किशोर हांसदा ने हूल गीत प्रस्तुत कर उपस्थित सभी को अमर शहिदों के बलिदानों को याद दिलाया। कार्यक्रम का संचालन बैसी के पूर्व सचिव सुलेमान मराण्डी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बैसी के कार्यकारी अध्यक्ष गमालिएल हांसदा, संयुक्त सचिव नायकी सोरेन, अल्पसंख्यक आयोग सदस्य डॉ सुशील मरांडी, डॉ अमरेंद्र यादव, सनातन मुर्मू, एलिजाबेथ हेम्ब्रम, वीना रानी मरांडी, प्रदीप मुर्मू, डा लुसू हेम्ब्रम, फा सोलोमन, फा जॉन फेलिक्स, मेरीला मुर्मू, इजे सोरेन, मखोदी सोरेन, मनीष किस्कू उपस्थित थे।

### गोड्डा : विश्व नशा निरोधक दिवस पर जागरुकता अभियान का आयोजन

## नशा पान अपराध की जननी : डालसा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह पीडीजे रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर स्थानीय मध्य विद्यालय बालक, कन्हवारा पंचायत सचिवालय व सदर अस्पताल परिसर में विश्व नशा निरोधक दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डालसा की टीम ने जगह-जगह नशा के खिलाफ अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं सहित ग्रामीणों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में सकारात्मक भूमिका अदा करने की शपथ ली। शपथ के दौरान कहा कि हम अपने जीवन में किसी प्रकार की नशा का सेवन नहीं करुंगा और समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में सदा तत्पर रहूंगा। इसके उपरांत डालसा की टीम ने छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों को कानून का पाठ पढ़ाया। कहा कि नशीले पदार्थ के सेवन से जीवन बर्वाद हो जाती है। वर्तमान सामाजिक परिवेश में बच्चों में भी नशा का लत बढ़ता जा रहा है। इसे रोकने के लिए सामूहिक रूप से ईमानदार पहल करने की जरुरत है। इस अवसर पर प्रभारी राजेन्द्र कुमार झा, शिक्षक मौसम ठाकुर, इनामुल हक, मुनीता कुमारी, अमृता कुमारी, कुमारी नूतन, अधिकार मित्र नवीन कुमार, अविनाश कुमार सिंहा, इंतेखाब आलम, बासुदेव मणी नंदन कुमार,मो हसीब आदि ने भी विचार व्यक्त किये। इधर सदर अस्पताल में मो जुनैद ने नशा से होने वाली हानि के बारे में विस्तार से बताया। जबकि कन्हवारा पंचायत भवन में एलएडीसी ऋषि राज, नवीन कुमार व अविनाश कुमार सिंहा ने ग्रामीणों को कानूनछ का पाठ पढ़ाया। इसके अलावा विभिन्न प्रखंडों में भी डालसा की ओर से विश्व नशा निरोधक दिवस पर शिविर आयोजित किया गया।

### एक नजर में

### नशा का सेवन करने से शरीर से परिवार की आर्थिक स्थिति भी खोखला हो जाता है : डीइओ दुमका

दुमका। अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत भारत स्काउट एवं गाइड के पदाधिकारियों एवं सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स दुमका के गाइड्स एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने गुरुवार को जागरूकता रैली निकाली। जिला शिक्षा पदाधिकारी भुतनाथ रजवार एवं जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्धार ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को डीसी चौक से रवाना किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी भुतनाथ रजवार ने कहा कि नशा सेवन करने से शरीर के साथ परिवार की आर्थिक स्थिति भी खोकला हो जाता है।श्री रजवार ने कहा कि राष्ट्र के सर्वांगीण विकास एवं जन जन की खुशहाली के लिए राष्ट्र को पूर्ण नशा मुक्त कराना होगा। उन्होंने कहा कि जिस परिवार के लोगों को नशा का लत लग जाता है वह पूरा परिवार बिखर जाता है। कहा कि नशा करने से जन धन दोनों की क्षति होती है। जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्धार ने कहा कि जीवन अनमोल है। इसको नशा पान करके मत गवाईये। खेल पदाधिकारी श्री पोद्धार ने कहा कि नशा का सेवन करने से हम कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं। नशा करने से शारीरिक क्षमता भी कम हो जाती है। जागरूकता रैली के समापन के बाद सभी लोगों ने स्वंय नशा नही करने एवं आस-पड़ोस के लोगो को नशा नही करने के लिए जागरूक करने के लिए शपथ ली। मौके पर मुख्य जिला आयुक्त हरिश्चंद्र चौधरी, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स, प्रभारी प्राचार्या सुनीता टुडू, पूर्व प्रभारी प्राचार्या विभा कुमारी, शिक्षिका डोली सुमन कश्यप, पिंकी टुडू, शिक्षक तरुण कुमार पंडित, गणेश पासवान, शम्भूनाथ मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त अपरेश कुमार, अनुराग नन्दन, सीनियर स्काउट हरिमोहन एवं सीनियर गाइड अनुप्रिया मरांडी के अलावे 100 गाइड्स उपस्थित थी।

### मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने हेतु जिला प्रशासन द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन



गोड्डा। जिले में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम और जनजागरुकता के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को एक विशेष जागरूकता अभियान के तहत वाकोथन/मैराथन का आयोजन किया गया। यह दौड़ सरकंडा चौक से शुरू होकर कारगिल चौक पर संपन्न हुई, जिसमें सैकड़ों बालक-बालिका धावकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। वहीं बताया गया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराना और समाज में एक स्वस्थ एवं जागरूक वातावरण का निर्माण करना है। दौड़ में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को जिला प्रशासन द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले युवक युवतियों को डीसी अंजली यादव, एसपी मुकेश कुमार व अन्य जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बारी से अपने हाथों से सम्मानित किया साथ ही, इस अभियान में सहयोग करने वाले विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों एवं जिला जनसंपर्क के कर्मी दिलीप कुमार गुप्ता, मिथलेश कुमार व अन्य को भी उनकी सक्रिय सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अंजली यादव, पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार के अलावा पुलिस उपाधीक्षक जयप्रकाश नारायण चौधरी, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक कुमार गौरव, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, जिला खेल पदाधिकारी डॉ प्राण महतो सहित जिला प्रशासन के सभी अधिकारीगण व सभी कर्मी, सदर अंतर्गत सभी थाने के थाना प्रभारी, पुलिस कर्मी एवं जिले के सभी खेलों के अधिकारीगण देवाशीष कुमार, मोनालिसा, पवन सिंह एवं अन्य और खिलाड़ी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन की यह पहल युवाओं को नशे से दूर रखने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक सराहनीय कदम मानी जा रही है।

### पिछरी काली मंदिर में आषाढी पूजा मनाया गया



बेरमो/पेटरवार। प्रखंड अंतर्गत पिछरी पंचायत स्थित काली मंदिर में बुधवार को आषाढी पूजा पुरे भक्तिभाव से मनाया गया। यहां मंदिर के मुख्य पुजारी पवन पाठक ने विधिवत पूजा अर्चना व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन संपन्न कराया। वहीं मुख्य पुजारी पवन पाठक ने कहा की आषाढ़ माह के अमावस्या को गांव की सुख समृद्धि और शांति की कामना को लेकर आषाढी पूजा किया गया। इस मौके पर गांव के कई महिला पुरुष ने मां काली की पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष आषाढ़ माह में अधिक वर्षा व अच्छी फसल की उपज की कामना और गांव ग्राम में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना को लेकर आषाढी पूजा किया जाता है। वहीं कई बकरों की बलि दी गई। इस दौरान पूजा के बाद उपस्थित ग्रामीण और श्रद्धालुओं के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर चंद्रदेव मिश्रा, बजरंगी मिश्रा, गणेश ठाकुर, तपन मिश्रा, धीरज मिश्रा, गोलक पाल, करन मिश्रा, नितेश ठाकुर, छोटू मिश्रा,लव मिश्रा सहित महिला पुरुष उपस्थित हुए।

### गोमिया डिग्री कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर संगोष्ठी का आयोजन

बेरमो। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत डिग्री कॉलेज गोमिया मे मादक पदार्थो एवं नशीले पदार्थो से मुक्ति अभियान पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ सरिता श्रीवास्तव ने की। महाविद्यालय के अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष रोशन कुमार दास ने मंच संचालन किया। संगोष्ठी के विषय मे इसतिहास विभागाध्यक्ष मनोहर मांझी ने मादक पदार्थो के अर्थ, प्रकार, मादक पदार्थो लेने के विभिन्न कारण एवं उनके पड़ने वाले प्रभावों और मादक पदार्थ से बचाव के अनेक उपायों के बारे मे विस्तृत विचार प्रस्तुत किये। इस विषय पर श्री राम यादव, बिमल कुमार छात्रा मुस्कान कुमारी आदि ने भी अपनी अपनी विचार रखें। महाविद्यालय के सदस्सो ने पोस्टर का निर्माण एवं शपथ ग्रहण किया गया। इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्रोफेसर नितिन चेतन तिग्गा, डॉ गीता कुमारी, डॉ शुलभा कुमारी, स्नेहा मेंगाण्डी, डॉ विजय कुमार मण्डल, डॉ रमा संकर पटेल, अमित करमाली, पंकज सिंह शिक्षकेतर कर्मी अभिषेक कुमार, राहुल कुमार के अलावा नरेश कुमार, अर्जुन यादव, मुकेश कुमार, अजय कुमार रविदास, महेंन्द्र राम और 200 छात्र/छात्राएं मौजूद थे।

### फुसरो रेलवे गेट के श्री श्री हनुमान मंदिर में अखंड हरि कीर्तन का हुआ आयोजन

फुसरो। फुसरो रेलवे गेट के श्री श्री हनुमान मंदिर कमेटी की ओर से मंदिर परिसर में गुरूवार को 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का अनुष्ठान किया गया। इस दौरान हरे रामा- हरे रामा, हरे कृष्णा-हरे कृष्णा, हर हर महादेव, सीता राम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। पंडित अविनाश पांडेय, रजनीकांत पांडेय, सुर्यकांत पांडेय, पंचम पांडेय, मुरारी पांडेय व लखन पांडेय ने मुख्य यजमान संतोष साव एवं उनकी धर्मपत्नी बुंदा देवी, बजरंगी साव एवं उनकी धर्मपत्नी पुजा देवी, बिनोद साव एवं उनकी धर्मपत्नी सोनी देवी, अजय सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी किरण देवी को विधिवत पूजन कराया। इसके पश्चात कीर्तन मंडली के चॉदी पाठक, बिनोद तिवारी, इंद्रमोहन दुबे, तुलसी दास, धमेंद्र, दुरोस, मिंकु पांडेय, कुश सिंह, अवधेश सिंह, अरूण, सुनिल, मुन, रामध्यान ठाकुर, रामानुज सिंह, रामेश्वर निषाद, जितेंद्र निषाद आदि कई मंडली के मंत्रोचार के साथ पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है।

## पेज एक का शेष

### आतंकी ठिकान कहीं ...

**आतंक के मददगारों पर हमला :** राजनाथ सिंह ने आतंकवाद को फैलाने वाले देशों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के एक उपकरण की तरह इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। उन्होंने एससीओ से अपील की कि ऐसे दोहरे मापदंड रखने वाले देशों की आलोचना करने से परहेज नहीं किया जाना चाहिए। राजनाथ सिंह ने एससीओ के रिजनल एंटी-टेररिस्ट स्ट्रक्क (आरएटीएस) की सराहना करते हुए कहा कि यह कट्टरपंथ को रोकने के लिए अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा, भारत की अध्यक्षता में एससीओ राष्ट्राध्यक्षों की परिषद ने एक संयुक्त बयान जारी किया था, जो आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद को बढ़ावा देने वाले कट्टरपंथ के खिलाफ हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। **शांति, सुरक्षा, विस्वास का संकट :** रक्षा मंत्री ने क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौतियों के रूप में शांति, सुरक्षा और आपसी विश्वास की कमी को बताया। उन्होंने कहा, हमारे क्षेत्र में अस्थिरता का मुख्य कारण कट्टरपंथ, उग्रवाद और आतंकवाद का बढ़ना है। शांति और समृद्धि उन परिस्थितियों में मुमकिन नहीं, जहां आतंकवाद और सामूहिक विनाश के हथियार गैर-राज्य तत्वों या आतंकी संगठनों के पास हों। राजनाथ सिंह ने सभी सदस्य देशों से इन चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक और एकजुट कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक सुरक्षा और भविष्य की रक्षा के लिए हमें एक साथ खड़े होना होगा और कट्टरपंथ, आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी।

### स्पीड न्यूज

### गोड्डा से अजमेर तक सीधी साप्ताहिक रेल को मिली मंजूरी

गोड्डा। जिलेवासियों के लिए एक बड़ी और बहुप्रतीक्षित खुशखबरी सामने आई है। जहां गोड्डा से अजमेर के लिए एक साप्ताहिक सीधी रेलगाड़ी की स्वीकृति मिल गई है। यह संभव हो पाया है गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे की लगातार की गई पहल और प्रयासों के चलते, जिन्हें अब रेल मंत्रालय ने हरी झंडी दिखा दी है। इस नए रेल सेवा के शुरू होने से झारखंड, बिहार और राजस्थान के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। यह विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए वरदान साबित होगी जो धार्मिक स्थलों की यात्रा करना चाहते हैं या व्यापारिक कारणों से इन राज्यों के बीच यात्रा करते हैं। डॉ निशिकांत दुबे ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह रेलगाड़ी गोड्डा की जनता की वर्षों पुरानी मांग रही है, जो अब पूरी होने जा रही है। इससे न केवल लोगों को यात्रा में सुविधा मिलेगी बल्कि गोड्डा के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। रेल मंत्रालय जल्द ही इस ट्रेन के प्रारंभ होने की तारीख, समय-सारणी और ठहराव वाले स्टेशनों की आधिकारिक घोषणा करेगी। उम्मीद की जा रही है कि इस नई रेल सेवा से गोड्डा और आस-पास के क्षेत्रों में पर्यटन, व्यापार और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। यह कदम गोड्डा को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने के सांसद के वादे को पूरा करने की दिशा में एक और मजबूत पहल मानी जा रही है।

### बीडीओ के खिलाफ पंचायत सचिव ने निकाला आक्रोश रैली



बेरमो। डुमरी के पुराना प्रखंड मुख्यालय से झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ ने अनुमंडल कार्यालय तक आक्रोश रैली निकली। जहां लोगों ने डुमरी बीडीओ अन्वेषा ओना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। आपको बताते चले की बीते 13 जून को डुमरी बीडीओ अन्वेषा ओना सहित तीन अन्य लोगों पर बलथरिया के पंचायत सचिव सुखलाल महतो ने प्रताड़ित करने आरोप लगाते हुए जहर खा लिए था। जहां रांची रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। वही डुमरी बीडीओ सहित तीन अन्य लोगों पर डुमरी थाने में मामला दर्ज किया गया है, लेकिन अब तक किसी भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिसके खिलाफ गिरिडीह जिले के पंचायत सचिव ने आक्रोश रैली निकालकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। साथ ही मृतक के परिजनों को मिलने वाली लाभों को भी जल्द दिलाने की मांग कर रहे हैं। आपको बता दे कि घटना के बाद से बीडीओ अनवेषा ओना छुट्टी पर चली गई हैं। इस दौरान झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ के प्रदेश महामंत्री ने कहा कि अगर उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया जाएगा तो 1 जुलाई से राज्य के पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार पर चले जाने की चेतावनी दी है।

### गोड्डा : निरंजन सिन्हा भाजपा से निष्कासित

गोड्डा। विगत झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 से गोड्डा भाजपा में चला आ रहा अंतर्कलह का पटाक्षेप गुरुवार को हो गया जब भारतीय जनता पार्टी के गोड्डा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने सोशल मीडिया पर पत्र और अपना वीडियो जारी करते हुए जी लिट्रा इंटरनेशनल स्कूल सहित कई शिक्षण संस्थान चलाने वाले महागामा विधानसभा अंतर्गत अमौर निवासी होटल व्यवसायी निरंजन कुमार सिन्हा को भारतीय जनता पार्टी के सभी पदों सहित प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। साथ ही पार्टी के लोंगो का अब से प्रयोग नहीं करने की हिदायत दिया है।

### एसकेएमयू में हूल दिवस समारोह की भव्य शुरूआत, शहीद ग्राम भोगनाडीह जा रहे पदयात्रियों का किया स्वागत

## हूल क्रांति हमें आज भी प्रेरणा देती है : लुईस मरांडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शहीदों को माल्यार्पण करते जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी।

**दुमका।** संथाल हूल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शहीद ग्राम भोगनाडीह की ओर पदयात्रा कर रहे पदयात्रियों का गुरुवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर पारंपरिक स्वागत किया गया। विवि परिवार की ओर से उनका स्वागत पारंपरिक लोटा-पानी की रस्म से किया गया।

जो सम्मान और पवित्रता का प्रतीक है। इस आयोजन का नेतृत्व कुलपति प्रो कुनुल कंदीर ने की। इसी कार्यक्रम के साथ विवि में तीन दिवसीय हूल दिवस समारोह की औपचारिक शुरूआत भी हो गई। इसके बाद परिसर में स्थापित वीर शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए धूपबत्ती लगाई गई। पदयात्रियों को सम्मानपूर्वक मंचस्थ किया गया एवं उन्हें संथाल गौरव और बलिदान के प्रतीक पगड़ी, टोपी और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विवि कुलगीत और कुलसचिव डॉ राजीव कुमार के स्वागत भाषण से हुआ।

जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने हूल आंदोलन के शहीदों को स्मरण करते हुए विवि को प्रतिवर्ष पदयात्रियों का स्वागत करने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि गोटा भारत सिदो कान्हू हूल बैसी संगठन लगातार समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहा है, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हूल क्रांति हमें आज भी प्रेरणा देती है। ऐसे आयोजन हमें अपने इतिहास से जोड़ते हैं और युवाओं को अपने गौरवशाली अतीत से परिचित कराते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि मैं इस क्षेत्र की बेटी रही हूं और इसका विकास मेरी सदैव प्राथमिकता रही है। गोटा भारत संगठन के प्रतिनिधि गमालियाल हसदा ने विवि परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 105 किलोमीटर की यह पदयात्रा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से की जाती है। यह यात्रा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने, सरकार की योजनाओं को प्रचारित करने और शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता लाने का माध्यम है। विवि के वितीय सलाहकार ब्रजनंदन ठाकुर ने कहा कि यह आयोजन 1855 के ऐतिहासिक हूल विद्रोह की स्मृति में किया गया है। कुलपति प्रो कुनुल कंदीर ने पदयात्रियों और अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आपके आगमन से विश्वविद्यालय की गरिमा और संकल्प दोनों में वृद्धि हुई है। संथाल हूल केवल एक विद्रोह नहीं था, बल्कि यह ब्रिटिश शासकों और महाजनों के अत्याचार के खिलाफ एक संगठित क्रांति थी। उन्होंने कहा कि आज हमारी जमीन, जंगल और जल अगर सुरक्षित हैं, तो वह हमारे पूर्वजों के बलिदान का ही परिणाम है। 28 जून को विचि स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिनमें अंगीभूत कॉलेजों से चयनित छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। हूल दिवस का मुख्य कार्यक्रम 30 जून को विचि के प्रशासनिक भवन-2 के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित होगा। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेन्द्र यादव ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ सुजीत सोरेन, डॉ पूनम हेम्ब्रम, डॉ सुशील टुडू, डॉ बिनोद मुर्मू, डॉ अमित मुर्मू, मनीष जे. सोरेन, डॉ चंपावती सोरेन, स्वेता मरांडी, सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष एवं संथाल अकादमी के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर गोटा भारत सिदो कान्हू हूल संगठन के सैकड़ों पदयात्री, विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बोकारो : बेसिक ऑफ इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक्स विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में- बेसिक ऑफ इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रो-हाइड्रोलिक्स विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र के विशेषज्ञ और अनुभवी फैकल्टी के सपोर्ट द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे सीजीएम जेवी शेखर नीता बा जीएम देवश्री रानी टोप्पो तथा संकाय के रूप में सीआ एम-थ्री के वरीय प्रबंधक विशांत कुमार उपस्थित थे। प्रबंधक जय नारायण यादव ने सभी का स्वागत किया तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। सीजीएम जेवी शेखर ने इस कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। नीता बा ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजिटल नियंत्रण और कनेक्टिविटी व दूरस्थ निदान एवं स्थिति निगरानी और प्रक्रिया अंतदृष्टि के साथ उद्योग 4.0 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक है। जीएम देवश्री रानी टोप्पो ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान के अलावा हाइड्रोलिक ट्रेनिंग किट और सिम्युलेटर के माध्यम से प्रयोगात्मक अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। संचालन जय नारायण यादव ने किया।

## बोकारो : इस्पात संयंत्र के विद्युत प्रणाली के बारे में एलईओ कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** सेल की विभिन्न इकाईयों तथा इस्पात उत्पादन से जुड़ी निजी संगठन के द्वारा विद्युत प्रणाली के बारे में अपनी जानकारी को एक दूसरे के साथ साझाकरने के उद्देश्य से इस्पात संयंत्र के विद्युत प्रणाली के निमित्त दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में बीएस एल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ ईडी राजश्री बनर्जी पीके बैसाखिया सीजीएम शरद गुप्ता डी सरकार बीके सरतापे डीके भांजा लक्ष्मी दास तथा नीता बा उपस्थित थी। कार्यशाला के प्रारम्भ में सभी ने निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ सुरक्षा शपथ ली। तत्पश्चात जीएम डीआर टोप्पो ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। सीजीएम डीके भांजा ने कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा प्रस्तुत की। इस कार्यशाला में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों सहित भिलाई स्टील प्लांट दुगार्पुर स्टील प्लांट राउरकेला स्टील प्लांट इस्को मेकॉन टाटा मैटालिक एबीबी इंडिया लिमिटेड सीमेंस एमएन दस्तूर लिमिटेड स्नाइडर लिमिटेड के प्रतिभागियों ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विद्युत प्रणाली के बारे में जानकारी साझा की। ईडी बनर्जी ने कहा कि यह आवश्यक है कि कार्यशाला से निकले परिणाम को हम अपने संयंत्र में आवश्यकतानुसार अमल में लायें। निदेशक प्रभारी तिवारी ने इस कार्यशाला की उपयोगिता और महत्व के बारे में कहा कि स्टील उत्पादन एक ऊर्जा गहन प्रक्रिया है और विद्युत ऊर्जा प्रणाली के बिना ब्लास्ट फर्नेस से लेकर रोलिंग मिल व क्रेन और अन्य सभी यूनिट्स अर्थात इस्पात उत्पादन की प्रक्रिया संभव नहीं है। कार्यशाला के सुचारु संचालन में जीएम संजय कुमार डीआर टोप्पो एजीएम मंजरी श्रीवास्तव प्रबंधक जय नारायण यादव एवं कनीय प्रबंधक एसकेडी भौमिक राकेश कुमार सिंह अर्जुन बाउरी कौशल प्रताप सिंह नवनीत कुमार सिंह तथा भीम प्रसाद का सराहनीय योगदान रहा तथा धन्यवाद ज्ञापन जीएम संजय कुमार के द्वारा किया गया।

## बेरमो : अस्पताल पर लगा मनमानी करने का आरोप

**आक्रोशित परिजनों ने किया हंगामा, मुआवजा देकर परिजनों का किया मुंह बंद**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** डुमरी के बस स्टैंड के समीप दयाल नर्सिंग होम में चीनो निवासी अशोक पंडित व परिजनों ने जोरदार हंगामा किया। घटना निमियाघाट थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि अशोक पंडित अपनी गर्भवती पत्नी को प्रसव अस्पताल में भर्ती करवाया था। भर्ती के दौरान उपस्थित कर्मी ने अशोक पंडित को नोर्मल प्रसुव करवाने का अश्वासन दिया। रात बीत जाने के बाद भी पत्नी का प्रसव नहीं होने पर वह चिंतित हो कर वहां उपस्थित कर्मी को पुछा तो अश्वासन दिया की नोर्मल प्रसव हो जाएगा।आप चिंता मत कीजिए। वहीं कुछ देर बाद उपस्थित कर्मी ने बताया की आपकी पत्नी का प्रसव में समस्या है ऑपरेशन करके किसी एक को बचाया जा सकता है बच्चे को या मां को। फिर कुछ देर बाद में कर्मी ने बताया कि बच्चे को तो नहीं बचा पाया पर अभी की स्थिति में मां को बचाने के लिए बच्चेदानी को निकालना जरूरी है। इसके बाद पीडित परिवार कुछ समझ में नहीं आया और तुरंत बोला की मां को बचाइए। पिडीत कुछ समझ पाता तबतक सारा खेल हो चुका था। उसकी पत्नी का बच्चेदानी निकाल दिया गया। पीडित ने दयाल नर्सिंग होम के संचालक और व्यवस्था पर उंगली उठाते हुए कहा कि पांच छः घंटे का समय बर्बाद करने के बाद आधा घंटा के अंदर एक से एक समस्या को बताकर अपनी चौपट व्यवस्था को छिपाना चाह रहा था। जो की बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चौपट व्यवस्था को लेकर अशोक पंडित ने नर्सिंग होम में अपनी पत्नी के सही इलाज ना होने एवं चौपट व्यवस्था को लेकर हंगामा किया। वहीं बाद में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में देर रात मृतक के परिजनों एवं अस्पताल प्रबंधन के बीच हुई। वार्ता में दो लाख रुपये बतौर मुआवजा देने पर सहमति बनी है।

## बेरमो को नशा मुक्त करने के लिए कैंडल मार्च निकाला गया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** प्रखंड परिसर स्थित गोदाम का निरीक्षण किया गया। जिसमें खाद्यान्न उठाव एवं वितरण आदि की पंजी मिलान किया गया। इसके अतिरिक्त खाद्यान्न उठाव से संबंधित दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ, बेरमो के साथ प्रदीप कु यादव, एजीएम नित्यानन्द महतो, गोदाम कम्प्यूटर ऑपरेटर रंजीत कुमार, पीडीएस विक्रेता नारायण शर्मा एवं गोदाम के मजदूर आदि उपरिथित थें। इसके अतिरिक्त प्रखण्ड कार्यालय से नशामुक्ति अभियान हेतु कैण्डल मार्च निकाला गया। इस कैंडल मार्च के दौरान सभी लोगों से आग्रह किया कि नशा मुक्ति अभियान में आप लोग सहयोग करें। ताकि प्रखंड को नशा मुक्त घोषित किया जा सके। जिसमें मिथिलेश कुमार पाण्डेय, प्रधान सहायक पुनय विक्रम खलको, महेश नायक, महमदूल हसन उत्तम दास सभी कर्मी ने कैंडल मार्च में भाग लिया।

# लोकतंत्र की रक्षा में संघ की बड़ी भूमिका

## आपातकाल की 50वीं बरसी पर गडकरी बोले, युवाओं को जानना चाहिए इससे जुड़ा इतिहास

▸▸ इंदिरा गांधी ने सत्ता बचाने के लिए संविधान के मूल भाव को बदला, प्रेस, संसद और न्यायपालिका पर भी दबाव डाला था : गडकरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि देश में 1975 में लगाए गए आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास हुआ था और उसकी रक्षा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं उससे प्रेरित संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को आपातकाल और इससे जुड़ा भयावह इतिहास जरूर जानना-समझना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री गडकरी आपातकाल की 50वीं बरसी पर डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गडकरी ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान के मूल भाव को बदला, प्रेस, संसद और न्यायपालिका पर दबाव डाला था। उन्होंने बताया कि उस दौर में ऐसा भय का माहौल था कि लोग अपने अधिकारों के लिए भी आवाज नहीं उठा सकते थे। गडकरी ने बताया कि 1975 में वह मैट्रिक के छात्र थे और आपातकाल की सुबह अखबार नहीं छपे थे। उस दौर में हजारों निर्दोष लोगों को जेल में डाल दिया गया। संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार समाप्त कर दिए गए थे। पुलिस की गोली से मारे गए व्यक्ति को भी न्याय मांगने का हक नहीं था।




उन्होंने जयप्रकाश नारायण द्वारा शुरू किए गए भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की चर्चा करते हुए कहा कि बिहार आंदोलन के केंद्र में था, जिसमें अनेक छात्र संगठनों और संघ से प्रेरित कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय और सामाजिक कार्यकर्ता केएन गोविंदाचार्य जैसे नेताओं के योगदान को भी याद किया। गडकरी ने कहा कि रायबरेली चुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग पर जब इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इंदिरा गांधी के खिलाफ फैसला सुनाया, तब उन्होंने इस्तीफा देने की बजाय देश पर आपातकाल थोप दिया। उन्होंने कहा कि इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिराॽ जैसे नारों के जरिए चाटुकारिता की पराकाष्ठा देखी गई। इस दौरान कांग्रेस ने भारतीय संविधान की जमकर धज्जियां उड़ाईं, जबकि आज उसी पार्टी के नेता दूसरों पर संविधान बदलने का आरोप लगाते हैं। गडकरी ने कहा कि आपातकाल का विरोध करने वालों में अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, जॉर्ज फर्नांडिस जैसे नेता थे, जिन्हें जेल में डाल दिया गया था। संघ के हजारों कार्यकर्ताओं ने भूमिगत रहकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया।

उन्होंने कहा कि आपातकाल के 50 वर्ष हमें यह याद दिलाते हैं कि लोकतंत्र की रक्षा केवल कानून से नहीं, बल्कि लोगों की आस्था, संघर्ष और बलिदान से होती है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस इतिहास को जानें और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सजग रहें।

## स्पीड न्यूज

### प्रख्यात हास्य कवि पदमश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे का निधन



**रायपुर।** प्रख्यात हास्य कवि व पदमश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे का निधन गुरुवार को हो गया। डॉ. दुबे का उपचार एसीआई रायपुर में लंबे समय से इलाज चल रहा था। यह जानकारी उनके परिवार के करीबियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन की खबर से पूरे छत्तीसगढ़ सहित देशभर में शोक की लहर है। डॉ. सुरेन्द्र दुबे अपने तीखे व्यंग्य के लिए देशभर में प्रसिद्ध थे। वे अपनी कविताओं से न केवल गुदगुदाते थे, बल्कि समाज की गहरी सच्चाइयों को भी उजागर करते थे। दुबे का जन्म 8 जनवरी, 1953 को छत्तीसगढ़ में दुर्ग के बेमेतरा में हुआ था। उन्होंने पांच किताबें लिखी हैं।

### सिंधु संधि पर रोक पर भारत अडिग : पाटिल

**नयी दिल्ली।** जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने सिंधु जल संधि पर रोक लगाने के भारत के रुख को दोहराते हुए गुरुवार को कहा कि यह निर्णय हमारे राष्ट्रीय हितों को पूरा करता है और इसको लेकर जो फैसला भारत सरकार ने लिया है वो सही है। श्री पाटिल ने संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि पाकिस्तान के नेताओं की तरफ से जो धमकियां आ रही हैं वे निराधार हैं और उनसे कोई फर्क भारत को नहीं पड़ता है। उनका यह भी कहना था कि दोनों देशों के बीच तनाव अभी भी बना हुआ है।

### इटावा में बस पलटी, दो की मौत, 25 घायल

**इटावा।** बिहार से दिल्ली जा रही एक डबल डेकर बस गुरुवार को इटावा के सैफई क्षेत्र में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक नेपाली महिला समेत दो लोगों की मौत हो गईं, जबकि 25 से अधिक लोग घायल हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वाले यात्रियों की शिनाख्त सईदा खातून निवासी नेपाल और मनोज कुमार निवासी दरभंगा, बिहार के रूप में हुई है।

### अलकनंदा में गिरा टेंपो ट्रैवलर, दो मरे

**देहरादून।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के घोलतीर क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक टेंपो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर अलकनंदा नदी में गिर गई। इस हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गई, जबकि आठ घायलों को रेस्क्यू के बाद जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है। दुर्घटना में 10 यात्री लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश के लिए रेस्क्यू कार्य जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि युद्ध स्तर पर राहत कार्य किया जा रहा है।

## सेना ही संभालती है पाकिस्तान में सरकार

**शहबाज शरीफ के लिए एकमात्र विकल्प सेना से समझौता करना : रक्षा मंत्री**

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान में शासन का हाइब्रिड मॉडल है, जिसमें सैन्य को काफी ताकत है। शुक्रवार को अरब न्यूज को दिए गए साक्षात्कार में रक्षा मंत्री ने कहा कि शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज को पाकिस्तान की सेना का समर्थन है। आसिफ ने कहा कि यह हाइब्रिड मॉडल है। आदर्श लोकतांत्रिक सरकार नहीं है। मुझे लगता है कि हाइब्रिड व्यवस्था चमत्कार कर रही है। यह प्रणाली तब तक व्यावहारिक आवश्यकता है जब तक पाकिस्तान आर्थिक और शासन संबंधी समस्याओं से बाहर नहीं निकल जाता। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह का हाइब्रिड मॉडल पिछली सदी के अंतिम दशक में अपना लिया गया होता जब नवाज शरीफ प्रधानमंत्री थे, तो चीजें बेहतर होतीं। रक्षा मंत्री ने दावा किया कि पीएमएल-एन और शहबाज के लिए एकमात्र यथार्थवादी विकल्प सेना के साथ समझौता करना है। अब खुलकर सामने आ गया है कि पाकिस्तान में सत्ता का केंद्र कहां है और वास्तविक शक्तियों पर किसका नियंत्रण है।





**योगी से मिला अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का परिवार**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को उनके सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की मां आशा शुक्ला, पिता शंभू दयाल शुक्ला एवं बहन शुचि मिश्रा और भतीजे वैश्विक मिश्रा ने शिष्टाचार भेंट की।

## अगले हफ्ते ईरान से बात करेंगे ट्रंप

**ईरान परमाणु महत्वाकांक्षा को त्यागने को तैयार है : अमेरिका**

एजेंसी

**हेग।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह अगले हफ्ते ईरान से बातचीत करेंगे। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि बातचीत का प्रारूप क्या होगा। उन्होंने कहा कि ईरान-इजराइल में युद्ध विराम के बाद स्थितियां अनुकूल बन रही हैं। ट्रंप ने बुधवार को हेग में नाटो शिखर सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि ईरान अपनी परमाणु महत्वाकांक्षा को त्यागने को तैयार है। इसलिए अब बातचीत करने में कोई हर्जा नहीं है। और यह भी ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम दूसरे दिन में प्रवेश कर गया है। अब दोनों देशों से बुरी खबरें नहीं आ रहीं। ट्रंप ने कहा कि अगर अमेरिका ने ईरान के परमाणु सुविधा केंद्रों पर आक्रमण नहीं कियो होता तो शायद वह समझौते के लिए तैयार नहीं होता। ट्रंप ने दोहराया कि हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को तहस-नहस कर दिया है।



## मां जानकी के भव्य मंदिर निर्माण को बिहार सरकार ने बनाया ट्रस्ट

▸▸ मुख्य सचिव होंगे अध्यक्ष व विकास आयुक्त उपाध्यक्ष

**अयोध्या की तर्ज पर पुनौरा धाम में बनेगा मंदिर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार ने सीतामढ़ी जिले में देवी सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम में मां जानकी के भव्य मंदिर के निर्माण और पुनर्विकास के लिए गुरुवार को राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक ट्रस्ट का गठन किया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर की तर्ज पर पुनौरा धाम में भी भव्य मंदिर बनाया जाएगा। विधि विभाग द्वारा जारी गजट अधिसूचना के अनुसार सीतामढ़ी जिले के पुनौरा गांव में श्री जानकी जन्म भूमि पुनौरा धाम मंदिर न्यास समितिह्व नामक ट्रस्ट का गठन किया गया है। यह ट्रस्ट तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगा। राज्य के मुख्य सचिव ट्रस्ट के अध्यक्ष होंगे, जबकि विकास आयुक्त उपाध्यक्ष होंगे तथा सीतामढ़ी के जिलाधिकारी और उप विकास आयुक्त (डीडीसी) क्रमशः सचिव और कोषाध्यक्ष होंगे। इसके अलावा ट्रस्ट के पांच अन्य सदस्य होंगे, जिनमें पुनौरा धाम के महंथ, मठ, पर्यटन, पथ निर्माण और नगर विकास एवं आवास तीनों विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव सदस्य होंगे तथा तिरहुत प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त भी सदस्य होंगे। ट्रस्ट के बैंक खाते का संचालन सचिव और कोषाध्यक्ष करेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले रविवार ( को जानकी मंदिर के अंतिम डिजाइन का अनावरण किया था। सोशल मीडिया पर खबर साझा करते हुए सीएम ने कहा था कि मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि पुनौरा धाम, सीतामढ़ी के समग्र विकास के लिए डिजाइन जिसमें भव्य मंदिर और अन्य संरचनाओं का निर्माण शामिल है, अब पूरा हो गया है, जिसे मैं आपके साथ साझा कर रहा हूं।



### छत्तीसगढ़ में छह लाख की ईनामी दो महिला नक्सली ढेर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ में नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र अंर्तगत अबूझमाड़ इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों ने 2 महिला नक्सलियों को ढेर कर दिया। इनके शव बरामद कर लिए गए हैं। शव के साथ मौके से एक इंसास राइफल, 8 राउंड और एक मैगजीन, एक देशी निर्मित .315 बोर राइफल, 4 राउंड, .303 रायफल के 15 राउंड सहित विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गई हैं। मुठभेड़ के दौरान घने जंगल का लाभ उठाकर भाग निकले अन्य नक्सली कैडरों का पता लगने के लिए आस-पास के जंगलों में तलाशी अभियान जारी है। नारायणपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुरिया ने बताया कि सीमा 5 लाख की इनामी, ग्राम जगरगुंडा, जिला सुकमा एवं दूसरी लिंगे उर्फ.रांझू, पार्टी मेंबर , कुटुल एलओएस, इनामी एक लाख, निवासी ग्राम कायेडूराड, जगरगुंडा, जिला सुकमा के रूप में शिनाख्त की गई है।

## त्योहार में प्रवासी बिहारियों के लिए चलेंगी 299 बसें

▸▸ छठ, होली, दीपावली एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर काफी संख्या में लोग दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और बंगाल से घर आते हैं : नीतीश

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन में तीन गुणा बढ़ोतरी के बाद सीएम नीतीश कुमार ने गुरुवार को बिहारवासियों को एक और सौगात दी है। सरकार ने पर्व-त्योहारों के दौरान घर लौटने वाले प्रवासी बिहारियों की सुविधा के लिए 299 बस चलाने का निर्णय किया है। नीतीश कुमार ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। मुख्यामंत्री ने अपने पोस्ट में लिखा है कि बिहार के लोग विभिन्न पर्व-त्योहारों खासकर छठ, होली, दीपावली एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर काफी संख्या में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और पश्चिम बंगाल से घर आते हैं। पर्व-त्योहारों के अवसर पर बिहार आने में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बिहार आने वाले लोगों की यात्रा को सुगम बनाने तथा उनकी सहूलियत के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में बिहार से जुड़े अंतर्राज्यीय मार्गों पर राज्य सरकार 299 एसी एवं नॉन एसी बसों का परिचालन कराने जा रही है। सीएम ने लिखा कि राज्य सरकार 75 वातानुकूलित और 74 डीलक्स बसों की खरीद पर 105.82 करोड़ रुपये खर्च करेगी। साथ ही लोक निजी भागीदारी के अन्तर्गत भी 150 अतिरिक्त एसी बसों का परिचालन कराया जाएगा। राज्य सरकार छठ, होली, दीपावली एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर केंद्र सरकार से भी और अधिक विशेष ट्रेन चलाने का अनुरोध करेगी।



### तेज प्रताप लगायेंगे जनता दरबार

**पटना।** परिवार और पार्टी के लिए समस्या बन चुके तेज प्रताप यादव जनता दरबार लगायेंगे। इसकी घोषणा उन्होंने गुरुवार को अपने एक्स हैंडल पर की। उन्होंने कहा कि आपके बीच, आपकी आवाज बनने के लिए तत्पर हैं। आइए साथ मिलकर रचें बिहार का नया अध्याय। 30 जून से 26 एम स्ट्रेंड रोड पर समस्या सुनेंगे।अभी तक जनता दरबार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगाते रहे हैं। तेज प्रताप का जनता दरबार अगर आयोजित होता है तो बिहार में सत्ता से इतर यह पहला प्रयोग होगा। इंटरनेट मीडिया पर तेज प्रताप की गतिविधियों का आकलन कर रहे राजीव कुमार का कहना है कि उनके पोस्ट लगभग नियमित हैं, लेकिन उनमें कोई स्थिरता नहीं। वे वस्तुतः अफरा-तफरी की स्थिति में निर्णय ले रहे और उसकी सार्वजनिक घोषणा भी कर रहे। पिछले दिनों ऐसी ही एक घोषणा ने लालू परिवार की किरकिरी कराई थी। तब तेज प्रताप ने एक्स पर अपने 12 वर्ष पुराने रिलेशनशिप को सार्वजनिक किया था। उसके बाद लालू ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था।

## नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा शेयर बाजार

**सेंसेक्स 1000 और निफ्टी 304 अंक उछला**

▸▸ सेंसेक्स 1.21 प्रतिशत छलांग लगाकर 83,756 और निफ्टी 1.21 फीसदी तेजी के साथ 25,549 अंक पर पहुंचा

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ब्याज दरों में अधिक कटौती के लिए फेडरल रिजर्व में संभावित नेतृत्व परिवर्तन करने को लेकर जारी अटकलों से यूरोपीय बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार को शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही।

सेंसेक्स 1000.36 अंक अर्थात 1.21 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब नौ महीने के उच्चतम स्तर 83,755.87 अंक पर पहुंचा। निफ्टी 304.25 अंक यानी 1.21 प्रतिशत उछलकर 25549 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत मजबूत होकर 46,362.77 अंक और स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत बढ़कर 53,960.57 अंक हो गया। बीएसई में कुल 4153 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2097 में लिवाली जबकि 1900 में बिकवाली हुई वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2975 कंपनियों के शेयरों में से 1474 में तेजी जबकि 1397 में गिरावट रही वहीं 104 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, गुरुवार को डॉलर तीन साल के निचले स्तर पर आ गया जबकि वैश्विक शेयर बाजारों ने बीते तीन दिनों में दूसरी बार नया रिकॉर्ड उच्च स्तर हासिल किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप फेडरल रिजर्व के मौजूदा अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की जगह जल्द ही नया चेहरा नियुक्त करने पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप फेड से ब्याज दरों में तेजी से कटौती करने की मांग कर रहे हैं और इसी दिशा में अगले कुछ महीनों में पॉवेल का विकल्प चुनने की योजना बना रहे हैं। इस अटकल के बाद निवेशकों ने अमेरिकी ब्याज दरों में संभावित कटौती पर दांव लगाना शुरू कर दिया, जिससे डॉलर में भारी बिकवाली देखी गई।



### निवेशकों को 3.44 लाख करोड़ का मुनाफा

शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन बढ़ कर 457 .45 लाख करोड़ रुपये हो गया। बुधवार को मार्केट कैपिटलाइजेशन 454 .01 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को करीब 3 .44 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

### ये हैं टॉप गेनर्स व लूजर्स

मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में टाटा स्टील 2.62, बजाज फाइनेंस 2.50, भारती एयरटेल 2.48, अदानी पोर्ट्स 2.46, इटरनल 2.45, एचडीएफसी बैंक 2.16, बजाज फिनसर्व 2.09, एनटीपीसी 1.92, रिलायंस 1.90, अल्ट्रासिम्को 1.80, एक्सिस बैंक 1.78, टाटा मोटर्स 1.28, एलटी 1.17, टाइटन 1.14, बीईएल 1.06, आईसीआईसीआई बैंक 1.03, पावरग्रिड 1.02, आईटीसी 0.96, कोटक बैंक 0.48, एशियन पेंट 0.31 और एचसीएल टेक 0.17 प्रतिशत शामिल रही।

ट्रेंट 0.40, एसबीआई 0.39, टेक महिंद्रा 0.39, मारुति 0.36, टीसीएस 0.12, सन फार्मा 0.07 और इंफोसिस के शेयर 0.03 प्रतिशत नुकसान में रहे।

